माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
सोमवार, 5 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 165, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 16

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 15

meenakshi मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती



होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान



पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000




# प्राचीनता और आधुनिकता के साथ उप्र को विकास की रेस कराएगा बजट

## विधानमंडल में आज सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार पेश करेंगे बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विधानमंडल में सोमवार को पेश होने जा रहा वार्षिक बजट 2024-2025 उप्र. में प्रचीनता और आधुनिकता को साथ लेकर विकास की रेस करने वाला होगा। अब तक के सबसे बड़े बजट का आकार करीब 7.70 लाख करोड़ के आसपास संभव है। इसमें प्रयागराज महाकुंभ के साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ही नहीं औद्योगिक गलियारों व मेट्रो, एक्सप्रेस-वे विस्तार के लिए भी बजट दिए जाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार बजट पेश करने वाले हैं जिसमें इस बार आगामी लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिलेगी।

प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का समर्थन करते हुए दिखेगा। उधर, केन्द्र के अंतरिम बजट में भी उप्र. के लिए कई प्राविधान किए गए हैं। वित्तमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि अंतरिम बजट-2024-25 में उप्र को केन्द्रीय करों में राज्यांश के हिस्से के रूप में 2,18,816 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। उप्र. के बजट में युवा, किसान, महिलाओं के अलावा पर्यटन आदि को लेकर घोषणाएं रहेंगी।उप्र. के बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलना है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों के विकास को धनराशि की स्वीकृति है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलना है।

गौरतलब है कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश का 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये बजट था। इसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपये, गन्ना भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था।

### मुख्यमंत्री ने बुलाई कैबिनेट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी साल होने के चलते बजट में जनसुविधाओं के उपहार देने की कोशिश रहेगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगा। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।



- **अब तक का सबसे बड़ा बजट, आकार करीब 7.70 लाख करोड़ रुपये संभव**
- **प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को महत्व**
- **औद्योगिक गलियारों के साथ एक्सप्रेस-वे, मेट्रो के विस्तार को भी मिलेगा धन**



अपने कार्यालय में बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का आधार

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पर रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट राज्य को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। वित्त मंत्री के मुताबिक, यह बजट उप्र. में प्राचीन सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना के साथ ही विकास के सभी आधुनिक मापदंडों पर चलने का एक दस्तावेज है। इस बजट में ऐसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे कि सभी नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के भाईचारा के साथ राज्य के विकास में योगदान देंगे।

## एक नजर

### ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2

**नई दिल्ली।** ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं।

### पिल्ले को ऊंचाई से फेंका, मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई ।पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है।

# संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा एलआईयू

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की है। पूरा फोकस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नगर निगम से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

- **22 से 9 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं**

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325) और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं। उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या कोई अन्य सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

# भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी**
- **मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट**

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।



एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येंन्द्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### विदेश मंत्रालय भी जांच में शामिल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

# ठंडी हवाओं के बीच बारिश ने गिराया पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कई दिनों से निकली धूप की जगह रविवार सुबह बादलों ने ले ली। दिन भर रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में आगे भी बारिश होने और ओले गिरने की संभावनाएं जताई हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, प्रदेश में कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया था। जिसका असर रविवार को देखने को मिला। सुबह से प्रदेश के कई जनपदों में बारिश हुई। लखनऊ सहित कई इलाकों में तेज और ठंडी हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रात और दिन के तापमान में आंशिक परिवर्तन हुआ है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा। वहीं अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आसपास के जनपदों के तापमान में भी एक से दो डिग्री का बदलाव देखने को मिला है।



- **कई दिनों से खिली धूप हुई नदारद, आलोवृष्टि की चेतावनी**

### पश्चिमी जिलों में वज्रपात के आसार

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आगे भी बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई हैं कि बारिश के साथ कहीं-कहीं सतही हवाओं के साथ वज्रपात भी हो सकता है।

### प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा शाहजहांपुर

गिरते तापमान के बीच प्रदेश का सबसे ठंडा शहर शाहजहांपुर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि कानपुर ग्रामीण का न्यूनतम श्रेणी में अधिकतम तापमान 14 .9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**बरेली में छाया रहेगा कोहरा :** मौसम वैज्ञानिक के अनुसार सोमवार को बरेली, पीलीभीत जनपदों में कोहरा छाया रह सकता है। मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जनपदों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी।

# उत्तराखंड में यूसीसी का ड्राफ्ट कैबिनेट से मंजूर

ब्यूरो, देहरादून

- **विधानसभा के आज से शुरू हो रहे सत्र में रखा जाएगा मसौदा**

**अमृत विचार :** प्रदेश कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है। अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर मसौदे को रखा जाएगा।

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की 24 घंटे के भीतर दूसरी बैठक रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर मंजूरी दे दी, साथ ही विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

यूनिफॉर्म सिविल कोड या समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है। आसान भाषा में कहा जाए तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए कानून एक समान होगा। यह संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आती है।

# कानूनी एजेंसियां सीमाओं से बंधी नहीं: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- **गृहमंत्री ने राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन को किया संबोधित**

राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी-24) के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून का राज स्थापित करने को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं, इसलिए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किसी भी सीमा को बाधा न मानकर आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए इन सीमाओं को अहम बिंदु के रूप में देखना चाहिए।

शाह ने सीएएसजीसी को संबोधित करते हुए कहा कि जब हाल ही में बनाए गए तीन आपराधिक न्याय कानून लागू हो जाएंगे, तो प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर ही लोगों को हाईकोर्ट के स्तर तक न्याय मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब वाणिज्य और अपराध के मामलों में भौगोलिक सीमाओं का कोई मतलब नहीं रह गया है।



केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि न्याय मिलने की प्रक्रिया के लिए सीमा पार चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन वाणिज्य, संचार, व्यापार तथा अपराध के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा, 'अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भौगोलिक सीमाओं को बाधा नहीं मानना चाहिए।

### भारत में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी

अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि तीन नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। ये कानून क्रमश: औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

# सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

- **गोवंशों को सर्दी से बचाव न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम**

**अमृत विचार :** कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही के चलते अलग-अलग शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं ढका गया है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले शेड में बांधे गए हैं। गोवंशों की मौत होने के बाद अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने की वजह से प्रशासन की ओर से गोशाला के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया है। अभी ठेकेदार और पंचायत स्तर से रखरखाव के इंतजाम कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी की वजह से हालात बिगड़े हैं।

> खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला भेजा गया है। सभी गायों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **सचिन यादव**, मुख्य विकास अधिकारी।

# गोवंश की खुराक का नहीं दिया हिसाब, रुका बजट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले वर्ष सितंबर में निराश्रित गो वंश के भरण-पोषण में खर्च हुई धनराशि का 10 जिले पशु पालन विभाग को हिसाब नहीं दे पाए हैं।

इस कारण बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, हमीरपुर, झांसी, हरदोई, अलीगढ़ व बदायूं को आगे का बजट नहीं मिला है। इस लापरवाही से गो शालाओं में संरक्षित गो वंश का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार विभाग खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। कहीं निजी तो कहीं उधार भूसा, चारा व दाना खरीदा जा रहा है। इस अव्यवस्था से पशुपालक परेशान हैं।



- **10 जिलों ने अक्टूबर से नहीं मांगा पशुपालन विभाग से भरण-पोषण का बजट**
- **कहीं उधार लेकर तो कहीं निजी संसाधनों से भर रहे गोवंश का पेट**

> सितंबर का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इससे आगे का बजट रुका है। संबंधित जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। शासन ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। जल्द समाधान हो जाएगा।
> - **आरएन सिंह**, निदेशक, पशुपालन विभाग

### कई जिलों ने वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव भी नहीं भेजा

आजमगढ़, झांसी, मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर व वाराणसी में वृहद गो सरंक्षण केंद्रों का निर्माण होना है। यह भी शासन की प्राथमिकता में है। इसके बाद भी शासन को संबंधित जिलों से निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इसके अलावा जिन नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थलों का निर्माण व विस्तारीकरण किया जा रहा, जो लक्ष्य से कम है।

### शासन गंभीर, लेकिन विभाग नहीं

10 जिलों से उपभोग प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से बजट की मांग अक्टूबर से नहीं की गई है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैं। इसके बाद भी यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए शासन लगातार पत्राचार भी कर रहा है। हाल में मुख्य सचिव ने समीक्षा कर संबंधित जिलाधिकारी को डीबीडी फंड के लिए रिक्वेस्ट भेजने के निर्देश दिए थे। पशु पालन विभाग भी बराबर शासन का हवाला देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांग रहा है ताकि आगे का बजट भुगतान कर सके।

# वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए।



- **हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए**

### आतिशी को दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया।


चिड़ियाघर में आयोजित समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। अमृत विचार


प्रदर्शनी देखते जू के फाउंडर डायरेक्टर आरएस भदौरिया और अन्य अधिकारी व अतिथि। अमृत विचार

# 25 तेंदुओं के साथ चिड़ियाघर प्रदेश में नंबर वन

## चिड़ियाघर का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया गया ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों ने लूटी वाहवाही , जू में उत्सव का माहौल रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलेन फारेस्ट चिड़ियाघर (प्राणि उद्यान) ने 50 साल का सफर पूरा कर लिया है। इन 50 सालों में चिड़ियाघर ने अभूतपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। तेंदुए की संख्या के मामले में इसका प्रदेश में पहला स्थान है। शनिवार को चिड़ियाघर का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया।

पूर्व डायरेक्टर भी समारोह में शामिल होने प्राणि उद्यान पहुंचे और अपने अनुभवों को साझा किया। सेंट जॉन स्कूल नवाबगंज के बच्चों ने गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। वहीं अधिकारियों ने केक काटकर खुशी मनाई।

**आरएस भदौरिया पहले डायरेक्टर :** कानपुर चिड़ियाघर की स्थापना 1974 में हुई। पहले डायरेक्टर आरएस भदौरिया थे। उस समय यहां 17 प्रजाति के 650 जानवर थे। मौजूदा समय में 123 प्रजाति के 1497 जानवर हैं। आरएस भदौरिया ने कहा कि स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने की मुझे खुशी है। जिस उद्देश्य से इसे खोला गया था, उसको पूरा होते देख रहा हूं।



मौजूदा डायरेक्टर केके सिंह संबोधित करते हुए। अमृत विचार


पिंजरे में सफेद शेरनी देखने उमड़े दर्शक। अमृत विचार

- प्राणि उद्यान के फाउंडर डायरेक्टर ने इतिहास बताया

**50** साल पूरे हुए कानपुर चिड़ियाघर के

**1974** में हुई थी इसकी स्थापना

**123** प्रजाति के जानवर हैं यहां मौजूद

**25** यहां अभी कुल तेंदुए हैं चिड़ियाघर में

### चिड़ियाघर में पहला जानवर ऊदबिलाव था

चिड़ियाघर के डायरेक्टर केके सिंह ने बताया कि चिड़ियाघर में सबसे पहला जानवर ऊदबिलाव आया था, जो इटावा के चंबल घाटी से मछुआरों ने पड़कर वन विभाग को सौंपा था। वहीं, देश में एक जोड़ा पहला वनमानुष भी इसी चिड़ियाघर में आया था, जिसे इंग्लैंड के वन विभाग ने कानपुर के चिड़ियाघर को दिया था।

### चिड़ियाघर में 25 तेंदुए

डायरेक्टर केके सिंह ने बताया कि तेंदुए के मामले में चिड़ियाघर प्रदेश में सबसे ऊपर है और देश में तीसरे स्थान पर है। यहां अभी कुल 25 तेंदुए हैं। जिसमें 16 नर और नौ मादा हैं। इतने तेंदुए और कहीं नहीं हैं। देश की बात करें तो नंबर एक पर गुजरात का शक्कर बाग चिड़ियाघर है, जहां 44 तेंदुए हैं। दूसरे नंबर पर कर्नाटक का बन्नेरघटा जू है, जहां 37 तेंदुए हैं।

### चिड़ियाघर के कैलेंडर का उद्घाटन

स्वर्ण जयंती समारोह के बीच में चिड़ियाघर के कैलेंडर का भी उद्घाटन किया गया। डायरेक्टर केके सिंह ने बताया इस कैलेंडर की खास बात यह है कि चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने जो तस्वीर ली है, उसे ही कैलेंडर में स्थान दिया गया है।

## जू के लिए बजट जुटाने को 25 एकड़ जमीन बेचनी पड़ी थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तत्कालीन वन मंत्री चौधरी चरण सिंह ने चिड़ियाघर के प्रस्ताव को दी थी हरी झंडी

**अमृत विचार:** गोल्डेन जुबली मना रहे चिड़ियाघर को बसाने को बजट जुटाने के लिए वन विभाग को किदवईनगर की 25 एकड़ जमीन नगर पालिका को बेचनी पड़ी थी। तत्कालीन वन मंत्री चौधरी चरण सिंह ने जू को बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी। जमीन को माफियाओं, अपराधियों से छुड़ाने के लिए लठैत लगाए जाते थे। मई 1971 में 76.56 हेक्टेयर में देश के तीसरे बड़े चिड़ियाघर के निर्माण में बजट तक की बाधा आई थी। शासनादेश के बाद जू के निर्माण में 42.5 लाख रुपये के खर्च का अनुमान था। डीएफओ का कार्यालय चमोली में था। चिड़ियाघर के निर्माण के चलते ही 7 अप्रैल 1971 को एक डीएफओ की तैनाती की गई थी। जंगल से लगी इस जमीन पर अपराधियों का कब्जा था। मछली पकड़ने वालों का यहां पर डेरा था। शहर के अपराधी यहां फरारी तक काटते थे। एलेन फॉरेस्ट के नाम से जाने वाले क्षेत्र में कच्ची शराब की अवैध भट्ठियां भी थीं।

### आवासीय कालोनी का प्रस्ताव भी आया था

जंगल जब पुलिस के लिये सिरदर्द बन गया तो तत्कालीन मेयर रतनलाल शर्मा ने जंगल में अपराधियों का अड्डा होने से यहां आवासीय कालोनी बनाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा था। तत्कालीन वन मंत्री चौधरी चरण सिंह की आपत्ति के बाद यहां प्राणी उद्यान बनाने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने हरी झंडी दे दी थी।

# ई-हेल्थ कार्ड बनाने वाला प्रदेश का पहला कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने पाया यह गौरव
- प्राचार्य ने छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण को बनाई कमेटी

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश का पहला कॉलेज है जिसने एमबीबीएस छात्रों का ई-हेल्थ कार्ड बनाकर उनकी जांच शुरू की है। ई-हेल्थ कार्ड की मदद से अब एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधित जांच हर छह माह में की जाएगी। उनका स्वास्थ्य संबंधित यह डाटा जीएसवीएम में सुरक्षित रहेगा। जांच में कुछ छात्रों में स्वास्थ्य संबंधित समस्या देखीं गई है।

एमबीबीएस छात्र व छात्राएं अध्ययन के दौरान अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते, जिस वह से उनको बाद में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन ई-कार्ड बनने से अब ऐसा नहीं हो सकेगा। जीएसवीएम के सभी एमबीबीएस छात्र व छात्रों का हर छह माह में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए प्राचार्य प्रो.संजय काला ने स्वास्थ्य कमेटी का भी गठन किया है। कमेटी में अध्यक्ष उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, नोडल डॉ.सीमा द्विवेदी, सभी विभागाध्यक्ष, हॉस्टल वार्डन व कैंपस प्रभारी शामिल हैं। रविवार को ईएनटी, नेत्र रोग, मेडिसिन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, मनोविज्ञान समेत सात क्लीनिकल विभागों ने पैरा आर-2 के 250 एमबीबीएस छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण में 32 छात्र-छात्राओं की आंखों की रोशनी कम मिलीं, पांच विद्यार्थियों का ब्लड प्रेशर काफी बढ़ा मिला और 26 छात्राओं में पॉली सिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) की समस्याएं मिलीं।

दो छात्रों की वित्त की थैली में पथरी और एक छात्रा एनिमिया ग्रस्त मिली। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज मेडिकल छात्रों का ई-हेल्थ कार्ड बनाने वाला पहला कॉलेज है। इस दौरान डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ.धनंजय चौधरी, डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. पाविका लाल, डॉ. यामिनी, डॉ.मनोज समेत 70 जूनियर डॉक्टर व 20 संकाय सदस्य आदि रहे।


एमबीबीएस छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए फार्म भरतीं जूनियर डॉक्टर्स।

# थाने से चोरी हुआ ट्रक दो दिन बाद बरामद भी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** एआरटीओ द्वारा चालान करके पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया ट्रक देर रात मौका पाकर उसके चालक ने थाने से चोरी कर लिया। हेड कांस्टेबल ने ट्रक चालक के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने दो दिन बाद चोरी गए ट्रक को बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान एआरटीओ कैकसा खातून ने ट्रक संख्या यूपी 84 टी/ 7844 को रोककर जांच पड़ताल की थी। फिटनेस आदि की खामियां मिलने पर एआरटीओ ने माल लदे ट्रक को थाने में पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कराया था। माल लदा होने के कारण चालक सोनू को मौके पर ही रहने की हिदायत दी गयी थी। ट्रक की चाबी पुलिस को सौंपी गई थी। देर रात ट्रक चालक थाने के सामने हाईवे किनारे खड़े ट्रक को लेकर फरार हो गया। हेड कांस्टेबल शिव भूषण सिंह ने ट्रक चालक सोनू निवासी मधूगर, राजपुर मैनपुरी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक संजय पांडे ने बताया कि चालक ही ट्रक का मालिक है। चालक को गिरफ्तार कर ट्रक बरामद कर लिया है।


अग्रसेन सेवा समिति ने सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया। अमृत विचार

# विवाह बंधन में बंध गए 11 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्री अग्रसेन सेवा समिति का सामूहिक विवाह समारोह

**अमृत विचार।** श्रीअग्रसेन सेवा समिति की ओर से रविवार को 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह डीएवी लॉन सिविल लाइंस में आयोजित हुआ। जयमाल के समय समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर जोड़ों को आशीर्वाद दिया। समिति ने नव दंपतियों को उपहार में दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान कीं।

समारोह के दौरान समिति ने निरंजन कुमार चौधरी को अग्रकुल रत्न से सम्मानित किया। इसके बाद जोड़ों को समिति के संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, महेंद्र मोहन गुप्त, महेंद्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, अजय गर्ग, सिद्ध प्रकाश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, दिनेश गुलियान, अनिल अग्रवाल ने आशीर्वाद दिया। समारोह में जूली ने प्रतीक, दिव्या ने शुभम, प्रियंका ने अमित, प्रियंका ने रोहित, शालीनी ने करन, प्रियंका ने सौरभ, कोमल ने राजेंद्र, शालिनी ने धीरज, दिव्यांशी ने धर्मेंद्र, दिव्या ने अजय व काजल ने अंकित को वरमाला पहनाई। संस्था के अध्यक्ष दिनेश चंद्र गोयल ने बताया कि ये चिंता का विषय है कि अभिभावक आवश्यकता होने पर भी अपने विवाह योग्य पुत्र व पुत्री के लिए पंजीकरण कराने में संकोच करते हैं। उन्हें संकोचों से हटकर अपनी सहभागिता से समाज के जोड़ों के सुख-समृद्धि के लिए भागीदार बनना चाहिए। संस्था की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कमल किशोर अग्रवाल, नरेश कुमार गर्ग, गगन अग्रवाल, विवेक कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अंकिल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, प्रमोद सिंघानिया आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन संदीप अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि आरके अग्रवाल व स्वागत अध्यक्ष कृष्ण बिहारी अग्रवाल मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव

18 वर्ष से ज्यादा उम्र के हैं तो पोर्टल है न, करें आवेदन, सूची में नाम भी चेक कर सकते, गलती सही करा सकते

# वोटर बनने को अब भी कर सकते ऑनलाइन आवेदन

वोट की चोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के बाद अभ भी मतदाता बना जा सकता है। 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के युवा मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा मतदाता सूची में नाम में गलती की कमी भी दूर की जा सकती है।

जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के पहले अंतिम सूची जारी कर दी है। पिछले साल जनवरी में 35 लाख 21 हजार 81 मतदाता थे। मतदाता संख्या अब 35 लाख 76 हजार 785 पहुंच गई है। इसके बाद भी वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने के लिए ऑनलाइन निर्वाचन वेबपोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची में अपना नाम भी आन लाइन देख सकते हैं। नाम खोजने के लिए राज्य व निर्वाचन क्षेत्र का नाम, अपना प्रथम, अंतिम नाम लिंग आदि की जानकारी देनी होगी। जिले के आधार पर भी सूची में अपना नाम खोज सकते हैं।

### क्षेत्रवार मतदाता

| क्षेत्र | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| मिश्रिख | 216153 | 188921 | 14 | 405088 |
| कानपुर नगर | 880007 | 772180 | 127 | 1652314 |
| अकबरपुर | 815290 | 7044025 | 68 | 1519383 |

कुल मतदाता :35 लाख 76 हजार 785

### एक नजर

- ऑनलाइन वेबपोर्टल https :// voters.eci .gov .in पर आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद भी आवेदन की सुविधा मिलेगी।
- खुद ही पोर्टल पर अपना नाम मतदाता सूची पर चेक कर सकते हैं।

### वोटर अपना नाम सही करा सकते हैं

लोकसभा के वोटर चुनाव मतदाता सूची का निरीक्षण कर वोटर अपना नाम भी देख सकते हैं। कोई गलती होने पर उसे ठीक कराया जा सकता है। डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ठोस कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## इखलाक लखनऊ लोस. कोआर्डिनेटर

**कानपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य इखलाक अहमद डेविड को कांग्रेस लखनऊ लोकसभा का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। इखलाक अहमद ने बताया कि कांग्रेस ने प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर कोआर्डिनेटर नियुक्त कर दिए गए हैं। लखनऊ लोकसभा के सभी बूथों पर गठबंधन के साथ संयुक्त टीमों का गठन कर उसको मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहाकि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रदेश के जितने जिलों से गुजरेगी, उन जिलों में कांग्रेस अपनी ताकत दिखाकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेगी। कोआर्डिनेटर नियुक्त होने पर संदीप शुक्ला, कृपेश त्रिपाठी, सतीश दीक्षित, नरेश त्रिपाठी, राजेश सिंह, नव तिवारी आदि ने खुशी जाहिर की है।


इखलाक अहमद डेविड।

> मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। पोर्टल पर आनलाइन नाम देखा जा सकता है। गलती का संशोधन कराया जा सकता है।
>
> – राजेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### वोटरों तक पहुंचने पर दिया जोर

**कानपुर।** भाजपा ने संगठन के दिखाए रास्ते पर चलकर लोकसभा चुनाव वैतरणी पार करने की कवायद शुरू कर दी है। सांसद देवेंद्र सिंह भोले काकादेव छपेड़ा पुलिया के पास अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का कार्यालय खोलकर पीड़ितों की फरियाद सुनने के साथ उनका निस्तारण कराने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के पदाधिकारियों को सक्रिय कर दिया गया है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन की गाइड लाइन के आधार पर जिम्मेदारी दी गई है। सांसद के अकबरपुर लोकसभा कार्यालय में बैठकें हो रही हैं। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक दिनेश राय की अध्यक्षता में कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अखिलेश बाजपेई की मौजूदगी में हुई बैठक में वोटरों तक पहुंचने पर जोर दिया गया। चुनाव संयोजक उमेश निगम के संयोजन में विधानसभा के मंडल कल्याणपुर, गीतानगर, नारामऊ, तिलक नगर के अध्यक्षों की बैठक में मंडल अध्यक्षों से तालमेल बैठाकर काम करने की बात कही गई। कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अखिलेश बाजपेई, संयोजक उमेश निगम ने मंडल अध्यक्षों से क्षेत्र के प्रत्येक पुराने व सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर उनसे संपर्क करने को कहा। बैठक का संचालन भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्यामू तिवारी ने किया। बैठक में जनक सिंह, राजेश जोशी, गौरव द्विवेदी, चंचल सिंह भदोरिया, जयकरण सिंह, देवेंद्र पटेल, द्वारिका सिंह रहे।

## सेवानिवृत्त हवलदार पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** रावतपुर थाना क्षेत्र के विकास नगर में दो दिन पूर्व उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ था। इस मामले में पूर्व मेजर की तहरीर पर पुलिस ने सेवानिवृत्त हवलदार के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, गलत भाषा का इस्तेमाल करने व धमकी में एफआईआर दर्ज कराई है।

विकास नगर इलाके में पूर्व सैनिक कल्याण निगम का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है। कार्यालय में सेवानिवृत्त फौजियों के लिए नौकरी दिलाने में मदद की जाती है। चकेरी के बंगाली कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त हवलदार गोविंद सिंह जम्मू में जनरल ड्यूटी (जीडी) में तैनात थे। सेवानिवृत्त होने के बाद 21 अक्तूबर 2022 को गोविंद सिंह ने कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराया था। गोविंद सिंह शुक्रवार को पूर्व सैनिक कल्याण निगम के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे और हंगामा किया था। कार्यालय में तैनात संचालन लिपिक पूर्व मेजर मनोज कुमार ने बताया कि केस्को में तकनीकी और सुरक्षाकर्मी पद पर नौकरी निकली है। जबकि, गोविंद सिंह के पास तकनीकी शिक्षा का कोई प्रमाण पत्र नहीं था।

# चौकी के बगल में जब्त वाहनों में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कमिश्नरेट के उच्चाधिकारियों के थानों के निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों का मातहत मजाक उड़ा रहे हैं। साफ निर्देश दिए गए हैं कि थाना या चौकी के पास जो जब्त वाहन खड़े हैं उन्हें लाइन में खड़ा कराएं या उनका निस्तारण किया जाए। लेकिन इसके बाद भी कोई इस आदेश को मानने को तैयार नहीं है। शनिवार देर रात फूलबाग चौकी के बगल में खड़े जब्त वाहनों में रात डेढ़ बजे किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी, जिससे 10 कार और एक बाइक खाक हो गई। फीलखाना थाना में जगह न होने की वजह से इन वाहनों को फूलबाग चौकी के बगल में खड़ा किया गया था। कई मुकदमों के साक्ष्य भी जल गए गए।

एलआईसी बिल्डिंग के सामने फूलबाग पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर ये वाहन खड़े किए गए थे, एक तरफ चौकी तो दूसरी तरफ सुलभ शौचालय होने की वजह से यहां देर रात से शराब पीने वाले इकट्ठा होने लगते हैं। इन कारों में शराब पी जाती है। नाम ना छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि शनिवार रात भी यही सब हो रहा था। किसी ने नशेबाजी के दौरान जलती हुई सिगरेट गाडियों में फेंक दी, जिससे आग लग गई। आग ने 10 कारों और एक बाइक को खाक कर दिया। दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।


धू-धूकर जलते वाहन।

### पनकी और अशोक नगर में भी लगी आग

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में रेलवे किनारे झाड़ियों में और अशोक नगर चौकी के पीछे एक प्लॉट में झाड़ियों में किसी ने आग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर फजलगंज फायर स्टेशन से दमकल को मौके पर भेजा गया। वहीं अशोक नगर में चुन्नीगंज फायर स्टेशन से दमकल गाड़ी ने पहुंचकर आग बुझा दिया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

**आज का मौसम**
अगले दो दिन बारिश होने की संभावना।

| 18.6° | 12.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:52 | सूर्यास्त 05:54 |

# बारिश से फिर लौट आई सर्दी, शाम से ही बढ़ी ठिठुरन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नए पश्चिमी विक्षोभ के बनने से 6 तक रहेगा प्रभाव

**अमृत विचार।** शहर के मौसम ने रविवार को अचानक पलटी मार दी। सर्दी के सितम से शहरवासी उबर ही रहे थे कि 11 दिन बाद दोबारा मौसम बदल गया। दिन में दो बार बूंदाबादी हुई तो शाम को तेज बारिश ने शहर को भिगो दिया। बाजारों में सन्नाटा रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने 6 तक बारिश होने की संभावना जताई है। बताया कि नए पश्चिमी विक्षोभ के बनने से मौसम में बदलाव हुआ है।

शहर में सुबह से ही बारिश ने तेवर दिखाया। बौछार के साथ दिन की शुरुआत हुई। इसे बाद दोपहर को शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबादी हुई। देर शाम को तेज बारिश की वजह से शहरवासियों को परेशानी उठानी पहड़ी। छुट्टी होने के चलते लोग घूमने निकले। इस बीच बारिश ने लोगों के प्लान में खलल डाल दिया। कई जगहों पर खुदाई होने से सड़क पर बिखरी मिट्टी से वाहन सवार फिसले। रविवार को खुलने वाली बाजार जैसे पीरोड, गुमटी, ग्वालटोली व गोविंद नगर जैसी बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश ने ग्रीन पार्क में चल रहे मैच में भी खलल डाला।मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 6 फरवरी तक बारिश की लगातार संभावना है। तेज व मध्यम बारिश हो सकती है।


शहर में रविवार शाम से तेज बारिश शुरू हो गई। अमृत विचार



ग्रीनपार्क में रणजी के मैच में आई बाधा। अमृत विचार

### न्यूनतम पारा 12 डिग्री

सीएसए विवि के मौसम विभाग के अनुसार रविवार को शहर का न्यूनतम पारा 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 4 .3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। इसी तरह अधिकतम पारा 18 .6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 4 .2 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया।

### डॉक्टर ने बताया, यह भी रखें ख्याल

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो . एसके गौतम ने बताया कि सर्दी के मौसम के बीच बारिश होने पर सबसे अधिक दिक्कत अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या फिर निमोनिया जैसी बीमारियों के शिकार लोगों को होती है। हवा में शुष्क और ठंडक के कारण श्वसन तंत्र की समस्याओं के शुरू होने का भी खतरा हो सकता है। ऐसे में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। भीगना नहीं चाहिए। यदि भीग गए हैं तो बहुत अधिक देर तक गीले कपड़ों में नहीं रहना चाहिए। इससे सर्दी लगने की आशंका बढ़ जाती है।

## नारायना में आज फ्री होगी कैंसर की जांच

**कानपुर।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में जांच शिविर का आयोजन होगा, जिसमें मरीजों की कैंसर संबंधित जांच फ्री में की जाएगी। साथ ही उसके इलाज के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

सेंटर के सलाहकार एवं वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.एके दीक्षित ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य है कि हमें एक साथ मिलकर कैंसर के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेना है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. रोहिणी श्रीवास्तव ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और जागरूकता से हम कैंसर के खिलाफ मजबूत हो सकते हैं।

## एक नजर

### नए जीआरपी इंस्पेक्टर ने चार्ज संभाला

**कानपुर।** प्रयागराज से आए अनिल कुमार शर्मा ने रविवार को जीआरपी इंस्पेक्टर का चार्ज लिया। बतादें कि जीआरपी इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रताप सिंह के लाइन हाजिर होने के कारण करीब तीन-चार दिन से इंस्पेक्टर का पद खाली था।

### 12 ट्रेनें देरी से पहुंची सेंट्रल

**कानपुर।** कोहरे के कारण ट्रेनों की लेटलतीफी में कमी आई है। पहले जहां प्रतिदिन 50-60 ट्रेनें देरी से चल रहीं थीं, वहीं इनकी संख्या घटकर 12-15 पहुंच गई है। रविवार को भी एक दर्जन ट्रेनें देरी से सेंट्रल पहुंची। मुंबई एलटीटी कानपुर एक्सप्रेस रविवार को 13 घंटे देरी से पहुंची। इसी प्रकार दरभंगा नई दिल्ली साढ़े आठ घंटा, अवध एक्सप्रेस सवा सात घंटा, गोरखधाम एक्सप्रेस पांच घंटा, बरौनी नई दिल्ली क्लोन स्पेशल पौने सात घंटा, हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल भी पौने सात घंटा, अयोध्या धाम आस्था स्पेशल सवा तीन घंटा, प्रयागराज एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटा, मरुधर तीन घंटा, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पौने पांच घंटा, आम्रपाली एक्सप्रेस चार घंटा, विक्रमशिला एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटा देरी से पहुंची।

### प्लेटफार्म छह पर लावारिस शव मिला

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर रविवार को एक 55 वर्षीय लावारिस अधेड़ की मौत हो गई। जीआरपी के अनुसार अधेड़ प्लेटफार्म पर रहता था, वहीं यात्रियों से मांगकर खाना खाता था।

### नेत्र शिविर में 70 लोगों की हुई जांच

**कानपुर।** हर्ष नगर स्थित संतलाल का हाता में रविवार को प्रगतिशील जन कल्याण सेवा समिति ने निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। डॉ. जवाहर लाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय के डॉ .प्रशांत शर्मा व उनके सहयोगी प्रशांत श्रीवास्तव ने 70 लोगों की आंखों की जांच की, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिला व पुरुष सभी वर्ग के शामिल रहे। जांच में 10 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनको चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा। क्षेत्रीय पार्षद पवन गुप्ता ने शिविर की सराहना की। इस दौरान अमर सिंह, अजीत कुमार, नितिन, अमित, जितेंद्र चंद्र प्रकाश, आकाश, अतुल, आयुष, कृष्ण बिहारी आदि मौजूद रहे।

# हाईवे से चकेरी औद्योगिक क्षेत्र तक बनेगी फोर लेन सड़क

## लोक निर्माण विभाग ने शुरू की तैयारी

**गुड न्यूज-1**

अभिनव मिश्रा, कानपुर

- औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ेगा निवेश

**अमृत विचार।** चकेरी औद्योगिक क्षेत्र के दिन बहुरने वाले हैं। संकरी सड़क और क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम की वजह से ही इस औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक विकास की गति तेज नहीं हो पा रही है। आवासीय प्लाट लेने वाले भी वहां मकान नहीं बना रहे हैं। क्योंकि क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम बड़ा कारण है। ऐसे में अब ग्रीन फील्ड फोर लेन मार्ग बनेगा और क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण भी होगा। भूमि अधिग्रहण पर जहां लोक निर्माण विभाग करीब 100 करोड़ रुपये खर्च करेगा तो सड़क निर्माण पर 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़क दो किलोमीटर लंबी होगी। ओवरब्रिज की डिटेल प्रोजेक्ट सेतु निगम की ओर से तैयार किया जा रहा है। इसकी अनुमानित लागत करीब 60 करोड़ रुपये आंकी गई है।

चकेरी- प्रयागराज हाईवे से छतमरा होते हुए पाली, सजारी तक सड़क जाती है। छतमरा तक यह सड़क टू लेन है लेकिन उसके आगे संकरी हो गई है। औद्योगिक क्षेत्र के पास से इसे पुनः पाली, सजारी तक टू लेन किया गया है। केडीए छतमरा के पास अपनी कई योजनाएं लाने की तैयारी कर रहा है। साथ ही इस मार्ग के आसपास कई प्राइवेट बिल्डर भी सोसाइटी क्षेत्र बसा रहे हैं। भविष्य में यहां यातायात का दबाव बढ़ेगा। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र चकेरी में अभी बमुश्किल दो दर्जन औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं जबकि यहां 100 इकाइयां स्थापित हो सकती हैं। आवागमन की सुविधा ठीक न होने की वजह से ही आवंटी वहां इकाई नहीं लगा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ही सांसद देवेंद्र सिंह भोले और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ग्रीन फील्ड फोर लेन मार्ग बनाने के आदेश दिए थे। लोक निर्माण विभाग ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दिया। वहां से इसे प्राथमिक मंजूरी मिल गई है।



जाम से मिलेगी निजात। अमृत विचार

> ग्रीन फील्ड फोर लेन मार्ग बनेगा। इस मार्ग के बन जाने से आवागमन सुगम होगा। दो किमी लंबा मार्ग बनेगा। भूमि अधिग्रहण भी किया जाएगा।
>
> -राकेश यादव,अधिशासी अभियंता, लोनिवि

**18** करोड़ से चार लेन रोड बनाई जाएगी

**02** किलोमीटर लंबी होगी सड़क का निर्माण होगा

**04** लेन का ओवरब्रिज चकेरी क्रॉसिंग पर बनेगा

**100** करोड़ भूमि अधिग्रहण पर खर्च होंगे

### बनेगा फोर लेन ओवरब्रिज

चकेरी क्रॉसिंग पर सेतु निगम फोर लेन ओवरब्रिज बनाने की योजना बना रहा है। इसके लिए बीएसएनएल, विद्युत विभाग व अन्य विभागों से सुविधाओं की शिफ्टिंग और पुनः उनकी स्थापना में आने वाली लागत के बारे में पूछा है। मार्च से पहले ही डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट एमडी को सेतु निगम की ओर से भेज दिया जाएगा।

## बिना मजदूरों के ढाई करोड़ से बनेगी सड़क

**गुड न्यूज-2**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एफडीआर तकनीक से बनेगा पिपरगवां-सनिगवां मार्ग
- आगरा की देव कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला प्रोजेक्ट

**अमृत विचार।** पिपरगवां से सनिगवां जाने वाली 7.50 किलोमीटर लंबी रोड फुल डेप्थ रिक्लिमेशन (एफडीआर) तकनीक से बनेगी। तकनीक के माध्यम से बनाई जाने वाली सड़क में मजदूरों के बजाये सिर्फ मशीनरी का प्रयोग किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए आगरा की कंस्ट्रक्शन कंपनी को काम दिया गया है। फरवरी के अंत तक सड़क निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आने वाली पिपरगवां से सनिगवां जाने वाली 7.50 किलोमीटर की सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हैं। पीडब्ल्यूडी ने डिजाइन सर्वे तैयार कर आगरा की देव कंस्ट्रक्शन कंपनी को 2.50 करोड़ की लागत से सड़क बनाने का प्रोजेक्ट दिया है। भारी वाहनों का आवागमन भी आसानी से हो सके, इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने पिपरगवां-सनिगवां मार्ग को एफडीआर तकनीकी से बनाने की योजना तैयार की है।

कंस्क्ट्रक्शन कंपनी ने एफडीआर तकनीकी से सड़क पर 100 मीटर का ट्रायल वर्क कर दिया है। इसकी जांच के लिए पीडब्ल्यूडी ने आईआईटी बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) को ट्रायल वर्क का सैंपल जांच के लिए दो फरवरी को भेजा है। फरवरी माह के अंत तक सैंपल रिपोर्ट विभाग को सौंप दी जाएगी। सड़क निर्माण से पिपरगवां से सनिगवां तक पड़ने वाले करौली, बघारा, कुईहार, कुरियां समेत अन्य गांव की लगभग 30 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा।


जर्जर हालत में सनिगवां-पिपरगवां मार्ग। अमृत विचार

**2.50** करोड़ से बनाई जाएगी रोड

**7.50** किलोमीटर लंबी है ये सड़क

### नई गिट्टी नहीं पड़ेगी, केमिकल का प्रयोग

एफडीआर तकनीक से बनने वाली सड़क में अलग से गिट्टी का प्रयोग नहीं किया जाता है, जो गिट्टी पहले से सड़क में होती है, उसी में मिट्टी व केमिकल को मिक्स करके सड़क का निर्माण किया जाता है। जिससे सड़क लेवल में रहती है और अलग से गिट्टी का प्रयोग न करने से खनन विभाग का भी फायदा होता है।

### यह है एफडीआर तकनीक

एफडीआर पद्धति में अत्याधुनिक मशीन का प्रयोग होगा, जो पुराने मैटीरियल के साथ छोटे व बड़े बोल्डर को मिक्स करेगी। मशीन से इसकी पेस्टिंग की जाएगी। इस तरह सड़क की पूरी सतह तैयार होगी। इसके बाद पिच कार्य होगा। इस तकनीक से लागत में कमी आती है।

### एक माह में बन जाएगी सड़क

मशीनों के माध्यम से पहले एक लेयर का कार्य कराया जाएगा, जिसमें 15 से 20 दिनों का समय लगेगा। इसके बाद दूसरी लेयर का कार्य होगा, जो 10 से 12 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। सड़क निर्माण में मजदूरों का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

> सड़क निर्माण एफडीआर तकनीक से किया जाएगा। ट्रायल के रूप में 100 मीटर सड़क बनाकर सैंपल आईआईटी बीएचयू को भेजा गया है। रिपोर्ट मानक अनुरूप आने पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा, जिसमें मजदूरों का प्रयोग न के बराबर रहेगा। सारा काम मशीनरी से पूरा किया जाएगा।
>
> -दिलीप कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी पीएमजीएसवाई

## आरटीई में दाखिले को 26 को लॉटरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीई के तहत ऑनलाइन लिए जा रहे आवेदनों की लॉटरी 26 फरवरी को होगी। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का प्रवेश निजी स्कूलों में कराया जाता है। इस योजना के तहत पहले चरण के आवेदन 20 जनवरी से शुरू हुए जो 18 फरवरी तक अभिभावकों की ओर से किए जाएंगे।

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश के लिए अपर जिला अधिकारी नगर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके साथ समिति में जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट को सदस्य बनाया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार आरटीई के तहत निशुल्क शिक्षा के लिए शिक्षण सत्र 2024- 25 के लिए प्रथम चरण में आवेदन की लाटरी 26 फरवरी को होने के बाद छह मार्च तक प्रवेश कराया जाएगा।

# स्कूटी रोकने पर युवती ने दरोगा को जड़े थप्पड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिना नंबर प्लेट लगी स्कूटी रोकने पर अभद्रता
- गंगा बैराज का मामला, वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** कोहना थानाक्षेत्र के गंगा बैराज पर उस समय हंगामा मच गया जब बिना नंबर प्लेट की स्कूटी चला रही युवती ने रोकने पर दरोगा से अभद्रता कर थप्पड़ जड़ दिये। अभद्रता करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में पहले तो थाना पुलिस ने आंखें मूंद लीं लेकिन एसीपी कर्नलगंज तक बात पहुंचने पर उनके आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने युवती की पहचान के निर्देश दिए हैं। अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

गंगाबैराज स्टंट करने के मामले में सुर्खियों में बना रहता है। लिहाजा एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने पुलिसकर्मियों को गंगा बैराज क्षेत्र में अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। रविवार को भीड़-भाड़ के चलते पुलिसकर्मी तैनात थे। इसी दौरान एक युवती बिना नंबर प्लेट लगी स्कूटी लेकर वहां से गुजर रही थी। वहां तैनात दरोगा पवन कुमार ने उसे रोका और नंबर प्लेट न होने की वजह पूछी। जिस पर युवती बहस करने लगी। कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया युवती ने दरोगा से अभद्रता की तो वह वीडियो बनाने लगे। जिसपर युवती ने उन्हें धक्का दे दिया और थप्पड़ मार दिए। इसके बाद युवती चली गई। पूरी घटना वहां खड़े किसी शहरी ने कैमरे में कैद कर ली। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस मामले में एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि युवती की स्कूटी में नंबर प्लेट नहीं थी। पहचान नहीं हो सकी। अज्ञात युवती के खिलाफ में रिपोर्ट दर्ज की गई है।


घटना की जानकारी देते दूल्हे के पिता व अन्य। अमृत विचार

# बारात वाले दिन ही दूल्हे की अर्थी उठी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शादी से एक दिन पहले दूल्हे ने फांसी लगाकर दी जान

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में मेहंदी रस्म के बाद दूल्हे ने शनिवार देर रात बारात से कुछ घंटे पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शादी वाले घर में उस दौरान ढोलक पर गीत गाए जा रहे थे। खुशी का माहौल मातम में बदल गया। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। बारात वाले दिन रविवार को परिजन युवक की अर्थी ले गए।


विजय निषाद।

बर्रा थानाक्षेत्र के बनपुरवा निवासी रज्जन निषाद का 28 वर्षीय पुत्र विजय निषाद ब्रह्मनगर इलाके में एएनडी कॉलेज वाली गली में रोमी सोनकर के मकान में किराये पर रहता था। वह गड़रियनपुरवा में ट्रक की कमानी का काम करता था। पिता ने बताया कि शनिवार शाम को उसकी मेहंदी और तेलपूजन का कार्यक्रम था। रविवार को उसकी बारात जिला रायबरेली के डलमऊ कस्बे में जानी थी। शनिवार शाम मेहंदी और तेल पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह दोस्त से पैसे लेने के बात कहकर भांजे सेजल के साथ निकला था। कुछ दूर आगे जाकर उसने जरूरी काम की बात कहकर भांजे को वापस भेज दिया। इसके बाद अपने किराये के कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब रात 10 बजे तक वह नहीं लौटा तो फोन किया। लेकिन उसका फोन बंद बताता रहा। इसके बाद मकान मालिक ने जाकर देखा तो वह कमरे में फांसी पर लटक रहा था। मृतक की बहनें नीलू, रीतू, नीसू, मां ऊमा, पिता रज्जन और भाई अजय और किसन बिलखते रहे। परिजन घटना का कारण नहीं बता सके हैं।

### यार, कायरता वाला काम क्यों किया

रविवार को उसकी बारात बस से डलमऊ रायबरेली जानी थी। इसको लेकर विजय के दोस्त तैयारी बनाए हुए थे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे कई दोस्त इस घटना के बाद शव देखकर बोले कि क्या यार विजय, कायरता वाला काम किया। कोई तकलीफ थी, तो एक बार दोस्तों को बताया तो होता। यह कदम नहीं उठाना चाहिए था।

**बाजार का हाल** — लहसुन 500 रुपये पार, बैगन बिक रहा 60 रुपये के ऊपर, मौसम की मार से चढ़े भाव, रसोई का बजट गड़बड़ाया

# काजू के भाव चला लहसुन, सर्दी और बारिश से सब्जियां महंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम की मार से सब्जियों के भाव आसमान छूते जा रहे हैं। हालात यह हैं कि लहसुन काजू के भाव बिक रहा है। लहसुन के दाम 500 रुपये किलो के पार 550 तक हो चुके हैं। बैगन 60 रुपये से 80 रुपये किलो तक बिक रहा है। मटर के दाम 50 रुपये तक फिर पहुंच गए हैं। 20 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया टमाटर फिर से 40 रुपये तक पहुंच गया है। हरी धनिया के दाम भी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

सर्दी, बारिश व सहालग के कारण चढ़े सब्जी के दाम स्थिर होने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक माह में लहसुन के दाम दो गुने हो गए। फुटकर में 55 या 60 रुपये 100 ग्राम लहसुन बिक रहा है। दो माह पहले 60 रुपये बिकी अदरक 140 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। भिंडी तो 100 रुपये के पार है। किसानों की मानें तो सर्दी और बारिश के चलते सब्जी खराब हुई है। किसान सब्जी तोड़ने नहीं जा रहा है। आलू के दाम भी धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं। 15 रुपये तक पहुंच गया आलू फिर से 20 रुपये प्रति किलो पहुंच गया। नया आलू 40 रुपये का ढाई किलो तक बिक रहा है। पुराना अभी भी 50 रुपये का ढाई किलो है।


सर्दी में सब्जी हुई महंगी। अमृत विचार


### गाजर 20 रुपये किलो

गाजर के दाम जरूर 20 रुपये किलो तक हैं। इससे सहालग में गाजर का हलुआ खूब बन रहा है। पिछले साल जाड़े में गाजर बाजार में 40 रुपये किलो तक बिकी थी।

### नीबू 10 के दो

एक माह में नीबू के दाम दोगुने हो गए हैं। पिछले साल दिसंबर में 30 रुपये दर्जन बिका नीबू 10 रुपये का दो बिक रहा है। दो माह पहले नीबू 10 रुपये ढेर तक में बिक रहा था।

### इस तरह बढ़ रहीं सब्जी की कीमतें




### धनिया की पत्ती काली पड़ी

हरी धनिया का रंग काला पड़ गया है। फुटकर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जाड़े व बारिश की वजह से धनिया खराब हो गई। शाम तक धनिया को दुकान में रोकना मुश्किल होती है। धनिया मुरझा जाती है। चौथाई पत्तियां खराब हो जाती हैं।

> खराब मौसम के चलते किसान सब्जी तोड़ नहीं रहे हैं। साथ ही सब्जी की रंगत भी उड़ी है। सहालग में डिमांड बढ़ने से दाम बढ़ गए हैं।
>
> बृजलाल कटियार, हरी सब्जी विक्रेता

> मध्य प्रदेश से लहसुन आता है। इस बार की फसल कमजोर होने से दाम बढ़े है। नया लहसुन अगले महीने तक आने पर दाम स्थित हो सकते हैं।
>
> हरीशंकर गुप्ता, थोक व्यापारी

> छोटा अच्छा काजू 550 रुपये किलो तक बिक रहा है। लहसुन के दाम काजू के बराबर हो गए हैं।
>
> अवधेश वाजपेयी, अध्यक्ष यूपी किराना मर्चेंट एसोसिएशन

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आसरा योजना के पात्रों का दर्द सुन डीएम ने दिए आदेश

# 2000 गरीबों को आवास दिलाने का प्रस्ताव

एक्सक्लूसिव

सर्वेश मिश्रा, कानपुर



**अमृत विचार।** आसरा योजना में आवास न पाने वाले गरीबों को राहत के लिए 2000 आवास का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव शासन को मंगलवार तक भेज दिया जाएगा। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आसरा योजना के पात्रों के आने पर डीएम ने डूडा के अफसरों को 2000 आवास का प्रस्ताव बनाने का आदेश दिया था। प्रस्ताव बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अमृत विचार ने समाधान दिवस पर उठे मुद्दे को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था।

शनिवार को बाल भवन में आयोजित तहसील दिवस पर लगभग 40 फीसदी शिकायतें आसरा योजना के पात्रों की आई थीं। शहर में चार्ज लेने के बाद पहली बार तहसील दिवस में फरियादियों से रूबरू हुए डीएम राकेश कुमार सिंह से फरियादियों ने पात्रता साबित होने के बाद भी आवास न मिलने का दर्द बताया। उन्होंने हर फरियादी की समस्या सुनी। साथ ही डूडा अफसरों को बुलाकर तुरंत 2000 आवास का प्रस्ताव बनाने के आदेश दिए। डूडा के अफसरों ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह प्रस्ताव दो दिन में भेजने की तैयारी है।

- दो दिन में शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**18000** आवेदन आए योजना में

**4852** पात्र पाए गए आवास के

**858** लोगों को ही योजना का लाभ मिला

**128** शिकायतें समाधान शिविर में आईं

**40** फीसदी शिकायतें आसरा योजना की

### आसरा योजना बंद, अन्य योजना में मिलेगा लाभ

आसरा योजना फिलहाल बंद हो गई है। विभाग को उम्मीद है कि अन्य किसी भी योजना में लाभ मिल सकता है। वैसे केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में दो करोड़ गरीब आवास बनाने की बात कही गई हैं।

### 4500 से ज्यादा पात्र, आवास मिले 848 को

आसरा योजना के तहत लगभग 18 हजार आवेदन आए थे। 4500 से ज्यादा पात्र थे। लेकिन आवास 848 ही लोगों को मिल पाए हैं।

"2000 आवास का प्रस्ताव तैयार हो गया है। जल्द ही यह प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।
–तेज कुमार, परियोजना अधिकारी, डूडा

## आस्था ट्रेनों में अब यात्रियों को सात्विक भोजन



**कानपुर।** उदयपुर से अयोध्या जा रही आस्था ट्रेन में 1500 यात्रियों को पहली बार सात्विक भोजन दिया गया। ट्रेन सुबह 6:30 बजे की जगह बिफोर टाइम प्लेटफॉर्म छह पर 6:03 बजे आई और 6:40 बजे चली गई। सोमवार को इंदौर से आस्था ट्रेन में 1700 लोग अयोध्या जाएंगे। जिनकी खाने की व्यवस्था कानपुर सेंट्रल पर की जाएगी। इन यात्रियों को भी सात्विक भोजन दिया जाएगा। सात्विक भोजन में दाल, चावल, रोटी और सब्जी होती है और उसमें लहसुन व प्याज का प्रयोग नहीं किया जाता है।

# कांग्रेसी बोले, आओ हमारे साथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यकार्यकर्ताओं ने लक्ष्मीपुरवा खलवा से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में जनसंपर्क यात्रा निकाली। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आओ हमारे साथ चलो..समेत कई नारे लगाए। लोगों से कांग्रेस की नीतियां बताई।

शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व में पार्टी के झंडे, बैनर लेकर लहराते निकले कार्यकार्यकर्ताओं ने निकली यात्रा में लोकतंत्र बचाने को निकले है आओ हमारे साथ चलो, न्याय मांगने निकले है आओ हमारे साथ चलो, जाति-धर्म के बंधन तोड़ो आओ हमारे साथ चलो आदि नारे गूंजे। यात्रा का कई स्थान पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया है। यात्रा डा0 अम्बेडकर मार्ग गर्ग रोड, जीटी रोड़, सकेरा स्टेट, अनवरगंज स्टेशन, जेके क्वाटर्स होते हुये जरीब चौकी चौराहे पर समाप्त हुई। प्रमुख सामाजिक कांग्रेस नेता मोहम्मद अख्तर ने यात्रा में कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। विजय सिंह, सुरेश बख्शी, सुरेंद्र तिवारी व संतोष गुप्ता, पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, मदन मोहन शुक्ला, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, विकास सोनकर, दिलीप बाजपेई, ग्रीनबाबू सोनकर, पदम मोहन मिश्र, रामदौर सविता, रामाश्रय पाल, मोहम्मद अख्तर,अशोक कोरी, प्रकाश भारती, नूर अहमद, हिमांशु मिश्रा,जियाउर्रहमान अंसारी, नईम खान, प्रशांत सोनकर, जयचन्द्र सोनकर, मोहम्मद इश्तियाक, अफरोज आलम व मनु पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस ने जनसंपर्क यात्रा निकाली।

# ग्वालटोली में मीट व्यापारी को पिस्टल से गोली मारी

## देर शाम हुई घटना से क्षेत्र में मचा हड़कंप, थाने के पास वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र के खलासी लाइन में रविवार देर शाम मीट व्यापारी पर कुछ लोगों ने कई राउंड फायरिंग कर दी। एक गोली व्यापारी के दाहिने हाथ में लगी और दूसरी गले को छूते हुए निकल गई। गोलियां चलने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। चंद कदम की दूरी पर स्थित थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मीट व्यापारी को पुलिस पहले उर्सला अस्पताल लेकर पहुंची जहां से उसे हैलट भेजा गया। उसका ऑपरेशन किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हुई है।

खलासी लाइन निवासी 38 वर्षीय अरुण उर्फ मन्नू सोनकर मीट व्यापारी हैं। थाने से चंद कदम की दूरी पर देशी शराब के ठेके के पास उनकी दुकान है। उनके बड़े भाई भाई आलोक सोनकर उर्फ बच्चा ने पुलिस को बताया कि शनिवार को दुकान के बगल में शराब पिए लोगों का विवाद हो गया था। जिसे रात में रफा दफा करा दिया गया था। रविवार शाम दुकान से चंद कदम की दूरी पर मन्नू अपने कुछ साथियों के साथ बैठा चाय पी रहा था। इसी दौरान अमन, सैबी, सैबी का भाई राजा और भांजा सचिन व अजहर उनके पास आए और मारपीट करने लगे। विरोध करने पर तमंचा और पिस्टल निकालकर फायर कर दिए। जिससे गोली लगने से मन्नू घायल हो गया।

फायरिंग की आवाज सुन ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार, एसीपी महेश कुमार मौके पर पहुंच गए और घायल को लेकर उर्सला अस्पताल पहुंचे। जहां हालत बिगड़ने पर उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को मौके से एक पिस्टल भी मिली है। अंदेशा जताया जा रहा है कि गोली उसी से चलाई गई है।

पुलिस ने फिलहाल अमन कुमार और सचिन वाल्मीकि को हिरासत में लिया है। फायरिंग में एक हमलावर सचिन भी घायल हुआ है। उसके हाथ में गोली लगी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। मौके से बरामद पिस्टल मुंगेर वाली बताई जा रही है। तीन राउंड फायरिंग की बात सामने आई है।



घायल अरुण सोनकर।

- सीसीटीवी में कैद घटना पकड़े गए दो आरोपी
- एक हमलावर को भी गोली लगी, पिस्टल बरामद

"खलासी लाइन में फायरिंग हुई थी। घायल की हालत ठीक है, मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।
–महेश कुमार, एसीपी कर्नलगंज

## पिकअप की टक्कर से ऑटो पलटा, पिता, पुत्र घायल

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में ऑटो से कानपुर सेंट्रल जा रहे पुलिस विभाग में निरीक्षक पिता व पुत्र हादसे का शिकार हो गए। पिकअप की टक्कर से जीटी रोड पर टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्होंने पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

नई बस्ती सुखउपुरवा निवासी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने पुत्र अनुराग सिंह के साथ गुरुदेव चौराहे से ऑटो रिक्शा को बुक कर कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन 28 जनवरी को सुबह करीब पांच बजे जा रहे थे। हनुमान मन्दिर हैलट गेट से पहले पीछे से लोडर चालक ने जीटी रोड पर ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। हादसे में उनका बायां हाथ टूट गया। दोनों पैर के घुटनों में चोटें आ गईं।

राहगीरों ने 112 नंबर पर घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। घायल निरीक्षक को बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# वकीलों के बीच मारपीट, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थाने के बाहर भी गुटों में भी हाथापाई
- जमीन के विवाद का बताया जा रहा मामला

**अमृत विचार।** रविवार देर रात चकेरी थानाक्षेत्र में दो अधिवक्ताओ के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना की शिकायत करने एक पक्ष थाने पहुंचा तो दूसरा पक्ष भी थाने आ गया। जिसके बाद दोनों का आमना सामना होने के बाद थाने के बाहर दोनों पक्ष के बीच हाथापाई हुई। घटना के पीछे जमीनी विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस को एक पक्ष ने तहरीर दे दी है। दोनों ओर से कई अधिवक्ता देर रात तक थाने में जुटे रहे।

श्यामनगर भवानी नगर निवासी अधिवक्ता शिरोमणि शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वह अपने भतीजे के साथ रविवार रात घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्हें अधिवक्ता अरिदमन सिंह ने साथियों के साथ रोककर बुरी तरह पीटा। उनका कांशीराम अस्पताल में मेडिकल हुआ। आरोप है कि इसके पूर्व भी उन पर हमला, अपहरण का प्रयास किया गया था। जान से मारने की धमकी दी गईं थीं। वहीं, दूसरे पक्ष देहली सुजानपुर श्यामनगर निवासी अरिदमन सिंह का आरोप है कि शिरोमणि ने साथियों के साथ आकर मारपीट की जिससे वह गिर पड़े। उन्हें चोट आईं हैं। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे का कहना है कि दो अधिवक्ताओं के बीच विवाद हुआ है एक पक्ष ने तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अनाथ लड़की की शादी के लिए की मदद

**कानपुर।** बिन माता-पिता की बेटी की शादी तो विधवा भाभी ने पक्की कर दी, मगर जब खर्च की बात सामने आई तो वह परेशान हो गईं। इसकी खबर पाकर कुछ लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया और लड़की की भाभी को दहेज का सामान, कपड़े और 68000 रुपये की मदद की। मददगारों का कहना है कि छह फरवरी को लड़की शादी है, उससे पहले भी कुछ और मदद कर सकते हैं।

सरसौल के पुरइहार गांव निवासी एक लड़की जिसके माता-पिता और भाई दुनियां में नहीं हैं। उसके परिवार में विधवा भाभी और उसके दो छोटे बच्चे हैं। लड़की का विवाह उसकी विधवा भाभी ने तो पक्का कर दिया, लेकिन विवाह कैसे होगा, इसकी कोई व्यवस्था नहीं हो पाई। क्योंकि घर की आर्थिक हालत ऐसी नहीं है कि घर में कुछ पैसा हो। उसके भाभी के पास गांव में केवल डेढ़ बीघा खेत है, जिससे किसी तरह घर का गुजारा होता है। बर्रा निवासी संतोष सिंह चौहान ने बताया कि हम साथियों पुनीत द्विवेदी, विमल सेंगर, पीके परिहार व एमएलसी अभिनाष् चौहान का बेटा मृत्युंजय सिंह को जब दीपू भदौरिया से ये पता चला तो लड़की की मदद करने की ठानी। शहर के समाजसेवियों के सहयोग से लड़की की शादी के लिए धनराशि एकत्र किया।

## जीआरपी के हत्थे चढ़ा फरार चोर

**कानपुर।** जज की रिश्तेदार का मोबाइल चोरी करने में जीआरपी ने फरार आठवें चोर को भी दबोच लिया। कानपुर देहात के रसूलाबाद के विरिया खेड़ा गांव निवासी शैलेंद्र सिंह के पास से एक मोबाइल बरामद किया है। जीआरपी थाना के प्रभारी दिवाकर पांडेय ने बताया कि शनिवार रात शैलेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। जज की रिश्तेदार का मोबाइल पार करने के मामले में शैलेंद्र आठवां आरोपी है। शैलेंद्र पर रसूलाबाद थाने में भी मुकदमा दर्ज है। उसने जज की रिश्तेदार का मोबाइल बेचने की बात बताई है।

## मैनहोल का ढक्कन उछला रुक गईं गाड़ियां

**कानपुर।** हल्की सी बारिश में ही शहर की सीवरेज सिस्टम की पोल खुल गई। सिविल लाइंस में तेज सीवरेज के तेज बहाव के चलते मैनहोल का ढक्कन उछल गया। अचानक तेजी से गंदा व बदबूदार पानी सड़क पर बहने लगा। यह देखकर दोनों ओर कार व बाइक सवार रुक गए।

रविवार की शाम को हुई बारिश के दौरान ही यहां का नाला उफना गया। कचहरी, एमजी चौराहा मार्ग से आने वाले वाहन चालक मैनहोल का ढक्कन तेजी से उछलने और गंदे पानी के तेज बहाव देख रुक गए। पानी सड़क में बहने लगा। फिर धीरे-धीरे मैनहोल के इधर-उधर से एक-एक वाहन निकले।

**समस्या बनी नासूर, आधा घंटे तक बहता है गंदा पानी :** पॉश इलाके की यह समस्या नासूर बनी हुई है। अक्सर सुबह 11 बजे के आसपास भी यहां पर अचानक सीवरेज का पानी बहने लगता है। यहीं हालत स्टॉँक एक्सचेंज गेट के सामने के मैनहोल की है। यहां पर दिन में 11 बजे अक्सर मैनहोल काफी ऊपर तक उठ जाता है और आधा घंटे तक गंदा पानी बहता रहा है।

# गठबंधन मजबूत करने में जुटें सभी कार्यकर्ता -अनुप्रिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर आईं केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया गया

**अमृत विचार।** केंद्रीय राज्यमंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने गठबंधन को मजबूत करने को कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने पर जोर दिया। पार्टी के जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

पार्टी के जिला अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर मंत्री का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के साथ उनका काफिला कैंट स्थित सर्किट हाउस पहुंचा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए अपना दल एस भाजपा एनडीए गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने जिले में चलाई गई सामाजिक न्याय यात्रा का स्वागत किया। अनुप्रिया पटेल सर्किट हाउस में थोड़ी देर रुकने के बाद जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने फतेहपुर रवाना हो गईं। उन्होंने एक-एक पदाधिकारी से लोकसभा चुनाव की रणनीति के संबंध में भी जानकारी ली है।

युवा मंच के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह परिहार, देवेंद्र सचान, मोनू यादव, विजय गुप्ता, श्यामलाल मौर्य, सौरभ सोनी, सूरज मिश्रा, गौरव मिश्रा, रजनीकांत कटियार, मोहनी कटियार अमित तिवारी, अभय पटेल, सूरज मिश्रा, अमन राजपूत आदि मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# नशेबाजी में गाली बकने पर ई रिक्शा चालक की हुई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चारों आरोपी पुलिस हिरासत में, पूछताछ जारी

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में ई-रिक्शा चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने मकान मालिक व समेत चार के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक नशेबाजी के दौरान गाली-गलौज को लेकर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है।

बर्रा विश्व बैंक के ब्लॉक निवासी गौरव सिंह (30) पत्नी खुशबू सिंह व बच्चे से अलग पड़ोस में रहने वाले रुद्र प्रताप सिंह के मकान पर किराए पर रहते थे। खुशबू ने बताया कि पति के शराब पीने के चलते विवाद होने के बाद वह मायके चली गई थी। एक प्लॉट का बयाना हुआ था, जिसके रुपये भी गौरव ने रख लिए थे। बताया कि पति के पैसों से रुद्र प्रताप व दोस्त कल्लू रावत, संजय, वेद शुक्ला आदि अक्सर शराब पीते थे। शुक्रवार देर रात तक सभी ने शराब पी थी। शराब पीने के दौरान वह लोग तेज आवाज में म्यूजिक बजाते रहे। देर रात पड़ोस में रहने वाले लोगों ने गौरव की चीखें भी सुनी थीं, जिसके बाद सुबह रजाई में उनका शव मिला था। मकान में रहने वाले दूसरे किराएदार ने घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक को हत्या का अंदाजा होने के बाद ही मकान मालिक रुद्र प्रताप समेत चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पत्नी की तहरीर पर मकान मालिक समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि साथ में शराब पीने के दौरान गौरव के गाली गलौज करने के कारण विवाद हो गया था। आरोपियों ने बताया कि मारपीट के दौरान अंदाजा नहीं था कि गौरव की मौत हो जाएगी।

# नाली फटी, नएपुरवा में धंसा ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बृजेंद्र स्वरूप सबस्टेशन के अंतर्गत नए पुरवा क्षेत्र में रविवार सुबह किसी कारण नाली फट गई। इस वजह से नाली के पास रखा केस्को का ट्रांसफार्मर जमीन में धंसकर टेढ़ा हो गया और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। केस्को ने ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगाया, तब करीब सात से आठ घंटे बाद बिजली आई।

केस्को ने अपने कई ट्रांसफार्मर नाली व नाले के ऊपर पहले लगा दिए थे, जो वर्षों से उसी स्थान पर लगे है। लेकिन अब उनको हटाने की जरूरत है। क्योंकि अगर उनको मौके से नहीं हटाया जाता है तो वह हादसे का सबब हो सकता है। नए पुरवा स्थित ढ़ाल के पास रविवार सुबह अचानक से नाली फट गई। नाली फटने की वजह से पास में लगा ट्रांसफार्मर धंसकर टेढ़ा हो गया और पूरे क्षेत्र की बिजली चली गई। ऐसे में करंट फैलने की आशंका बनी रहती है। बिजली जाने की सूचना क्षेत्रीय लोगों ने बृजेंद्र स्वरूप पार्क सबस्टेशन में दी। तभी राउंड कर रही टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को भांपते हुए जानकारी केस्को के अधिकारियों को दी। उसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया। साथ ही ट्रॉली में ट्रांसफार्मर मंगवाया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में सात से आठ घंटे तक बिजली व्यवस्था बाधित रही। इसके अलावा न्यू बारा सिरोही क्षेत्र में मेंटिनेंस कार्य के लिए सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक बिजली संकट रहा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान बिजली बाधित थी, कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई।



नाली फटने से धंसा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

## जन आभार यात्रा में गूंजा जय श्रीराम

**कानपुर।** अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रविवार को भाजपाइयों ने जन आभार यात्रा निकाली और सड़कों पर श्रीराम के जयकारे लगाते निकले।

युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिवांग मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शुभम दीक्षित की अगुवाई में जन आभार वाहन यात्रा निकाली गई। यात्रा सीएनजी पेट्रोल पंप मकड़ी खेड़ा से शुरू हुई, जो ख्योरा, चिड़ियाघर चौराहा से होते नवाबगंज पहुंची। यहां से यात्रा एसडी कालेज रोड से होकर वापस विकासनगर होते हुए गुरुदेव चौराहा पर समाप्त हुई। भाजपाइयों ने कहा कि रामलला अयोध्या में विराजमान हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में जन आभार यात्रा निकाली गई है। शरद कटियार, मनीष त्रिपाठी, दीप द्विवेदी, पार्षद राज किशोर यादव, मिंटू श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

कार्रवाई | अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी का मामला, भाई को पीटकर रुपये भी ऐंठे

# किशोरी के उत्पीड़न में शांति भंग में चालान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा निवासी 13 वर्षीय किशोरी का नहाते समय वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर भाई से रुपये मांगने के मामले में सोमवार को किशोरी का मेडिकल कराया जाएगा। इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के लिए पेश किया जाएगा। वहीं रविवार को मामले में एक नामजद आरोपी का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया।

बर्रा दो डबल स्टोरी निवासी 21 वर्षीय युवक माता पिता की मौत के बाद अपनी 13 वर्षीय बहन के साथ रहता है। उसी मकान में ऊपरी तल पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर का साथी अंशु सिंह सेंगर रहता है। किशोरी के नहाने के दौरान अंशु ने रोशनदार के सहारे उसका अश्लील वीडियो बनाकर हिस्ट्रीशीटर समेत अपने अन्य साथियों को शेयर कर दिया था। इसके बाद किशोरी के भाई को वीडियो दिखाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की मांग की। रुपये न देने पर भाई के साथ मारपीट कर दो मोबाइल लूट लिए थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा से की थी। एडीसीपी के आदेश के बाद मामले के आरोपी अंशु सिंह सेंगर, अनूप शुक्ला, सत्यम तिवारी, वैभव तिवारी, अभय भदौरिया, व हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। वह फरार है। जब पीड़िता एडीसीपी के पास शिकायत करने गई थी तब भी हिस्ट्रीशीटर ने पीड़ित के भाई को पुलिस के सामने मोबाइल पर स्पीकर ऑन करवाकर धमकाया था। रविवार को बर्रा पुलिस ने अनूप शुक्ला को पकड़ कर शांतिभंग की धारा में चालान किया। मुख्य आरोपी अंशु, अजय ठाकुर समेत तीन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को पीड़िता का मेडिकल कराया जाएगा। इसके बाद उसके बयान दर्ज कराए जाएंगे।

### महिला को चाकू मारने वाला गया जेल

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में कूड़ा डालने के विवाद में महिला पर चाकू से हमलाकर कर मरणासन्न करने के मामले में महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में आरोपी को पुलिस ने हत्या के प्रयास में एफआईआर करके जेल भेज दिया है। आरोपी को हैरिसगंज कैंटोनमेंट बोर्ड स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया था। टाटमिल चौराहा स्थित सरकार रोड निवासी सोमनाथ सिंह की पत्नी सीमा का शुक्रवार रात को कूड़ा डालने के विवाद में पड़ोसी रिषभ से विवाद हो गया था। आरोप है कि इस बात पर उसने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। परिजन उन्हें नाजुक हालत में काशीराम ट्रांमा सेंटर ले गए। जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें सर्वोदय नगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# जाम बना नासूर, पुलों-फ्लाईओवर को सरकार दे बजट

## हर छोटे-बड़े चौराहे पर लगने वाले जाम से शहरी हलकान, पनकी पड़ाव क्रॉसिंग पर फोरलेन मल्टीडायमेंशन पुल बनना है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर शहर स्मार्ट सिटी में तो शामिल हो गया है, लेकिन शहर के हर छोटे-बड़े चौराहे पर लगने वाला जाम शहरवासियों के लिए नासूर बना हुआ है। शहर की कमान संभालने वाले न जाने कितने आलाधिकारी जाम की चुनौती से निपटने आए और चले गए, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। जाम की बीमारी को खत्म करने के लिए जिम्मेदारों ने पुलों, फ्लाईओवर निर्माण के कागजी घोड़े दौड़ाए, लेकिन बजट के अभाव में योजना कागजों तक ही सीमित रह गई। सोमवार को राज्य सरकार का बजट आ रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि सोमवार को आने वाले बजट में शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार अपने खजाने में से कितना कोष उपलब्ध कराती है।



पनकी पड़ाव क्रॉसिंग का फाटक बंद होने से वाहन सवारों को इंतजार करना पड़ता। अमृत विचार

### पर्याप्त धन न होने से फोरलेन लटका

अर्मापुर से पनकी हाईवे पर पांच किलोमीटर लंबा फोरलेन का निर्माण होना था। फोरलेन निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को पनकी पड़ाव के पास चार हजार स्क्वायर मीटर जमीन की आवश्यकता है। कामर्शियल जमीन का अधिग्रहण करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 95 करोड़ रुपये की जरूरत है। जिस कारण पीडब्ल्यूडी पर बजट का बोझ पड़ रहा है। बोझ को कम करने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग सेतु निगम से भूमि अधिग्रहण की चर्चा करने की थी। अधिकारियों का कहना था कि पड़ाव के पास सेतु निगम का पुल भी प्रस्तावित है। पुल निर्माण के लिए सेतु निगम को भी भूमि अधिग्रहण करना होगा। अगर सेतु निगम भूमि का अधिग्रहण कर ले तो पीडब्ल्यूडी करीब 40 करोड़ की लागत से फोरलेन का निर्माण कर सकेगा।

### 92.92 करोड़ से तैयार होना है स्टेट हाईवे

- मंधना से गंगा बैराज होते हुए लखनऊ हाईवे तक 17 किलोमीटर लंबे स्टेट हाईवे के 92 .92 करोड़ से चौड़ीकरण गाजियाबाद की शर्मा कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। स्टेट हाईवे के दोनों तरफ साढ़े आठ मीटर सड़क चौड़ी होगी। तीन-तीन मीटर के फुटपाथ बनाए जाएंगे। बीच सड़क पर दो मीटर का डिवाइडर होगा। 17 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों तरफ नाला और स्ट्रीट लाइट भी बनाने की योजना है। मंधना शुक्लागंज फोरलेन निर्माण से कन्नौज से लखनऊ की ओर जाने वाले लोगों का रास्ता सुगम हो जाएगा। बजट मिलने से योजना को बल मिलेगा।



**293** करोड़ से बनना है पनकी पड़ाव पुल | **251** करोड़ पीडब्ल्यूडी का अंशदान | **41.11** करोड़ रेलवे का अंशदान है

### बजट के अभाव में लटका पनकी पड़ाव पुल

- दिल्ली-हावड़ा रूट पर स्थित पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग पर 292 .95 करोड़ की लागत से फोरलेन मल्टीडायमेंशन पुल का निर्माण कराया जाना था। पुल निर्माण में पीडब्ल्यूडी का अंशदान 251 .84 करोड़ रुपये व रेलवे का अंशदान 41 .11 करोड़ रुपये था। सेतु निगम ने सर्वे कर पुल की डिजाइन तैयार कर फिजीबिलिटी रिपोर्ट व एस्टीमेट स्वीकृति को भेजा था। लेकिन वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट के अभाव से योजना को शामिल नहीं किया गया था। भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से बात कर शासन की योजना में पुल के प्रस्ताव में शामिल कराया था, लेकिन योजना एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी। अगर पुल का निर्माण हो जाता तो पनकी, कल्याणपुर, महावीरपुरम, रतनपुर, सुन्दर नगर, शताब्दी नगर, गंगागंज कॉलोनी समेत 30 से अधिक मोहल्लों में रहने वाले दो लाख से अधिक लोगों को जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता था।

### कागजों पर फजलगंज-दीप तिराहा फ्लाईओवर योजना

- नंदलाल, चावला मार्केट पर भीषण जाम की समस्या बरकरार है। इसकी वजह से गोविंद नगर रोड पर दिन भर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में एंबुलेंस तक फंस जाती है। जाम की समस्या से निजात के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर फ्लाईओवर बनाने की मांग की गई थी। जिसके बाद फजलगंज से दीप तिराहे तक फ्लाईओवर बनाए जाने की योजना तैयार की गई थी। 321 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 15 मीटर चौड़ा व करीब दो किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर तैयार होना था। यह फ्लाईओवर गोविंदपुरी पुल के पैरलल बनना था। जिससे कर्रही, जरौली बर्रा विश्व बैंक, दामोदर नगर, केशव नगर, नौबस्ता आदि इलाकों से फजलगंज आने-जाने वाले लोग फ्लाईओवर से आ-जा सके। उन्हें गोविंद नगर रोड से न गुजरना पड़े। इससे गोविंद नगर रोड पर ट्रैफिक लोड कम हो जाता है और जाम से छुटकारा मिल सके। सेतु निगम ने डीपीआर तैयार कर शासन को भेज रखा है।

### वीआईपी रोड एलिवेटेड मार्ग भी अटका

- वीआईपी रोड पर मेघदूत तिराहा से मिलन गेस्ट हाउस तक थ्री लेन एलिवेटेड रोड बनाने की योजना तीन साल पहले बनी थी। यह प्रोजेक्ट मंजूर हो जाता तो आवागमन सुगम हो जाता। करीब ढाई सौ करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के लिए चार बार प्रस्ताव शासन भेजा जा चुका है। अभी तो कचहरी, डीएवी कॉलेज के पास जाम लगता रहता है।

### चेतना चौराहा- मूलगंज टू लेन एलिवेटेड मार्ग

- चेतना चौराहा, बड़ा चौराहा, मेस्टन रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए चेतना चौराहा से मूलगंज तक टू लेन एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव विधानसभा चुनाव से पहले बना था, लेकिन इसे भी मंजूरी नहीं मिली। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में फाइल धूल फांक रही है। इस प्रोजेक्ट की मंजूरी बहुत ही जरूरी है पर जनप्रतिनिधि भी इसे लेकर खामोश हैं।

### स्टॉक एक्सचेंज से बादशाहीनाका का प्रोजेक्ट

- स्टॉक एक्सचेंज से परेड, नई सड़क होते हुए बादशाहीनाका तक फोर लेन एलिवेटेड रोड बनाने की योजना भी विधानसभा चुनाव से पहले ही बनी थी। प्रोजेक्ट पीडब्ल्यूडी मुख्यालय भेजा गया। चुनाव में इसका ढिंढोरा भी पीटा गया पर हुआ कुछ नहीं। योजना थी कि लाटूश रोड में ही एलविटेड रोड पर ही पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी पर सब हवा हवाई ही रहा।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर दिया जाए जोर

**कानपुर ।** शहर के कारोबारियों ने सहायता वाले बजट होने की उम्मीद जताई। यह भी कहा कि केंद्र के बजट से मंधना-अनवरगंज एलिवेटेड ट्रैक के बनने की उम्मीद तेज हो गई है। इससे भी शहर के यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा मेट्रों के जाल और फ्लाइओवर के जरिये भी शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर के बढ़ने की उम्मीद है।


“ केंद्र और राज्य सरकार दोनो ही शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। डबल इंजन की सरकार है ऐसे में केंद्रीय और प्रदेश बजट दोनों ही शहर के विकास में अपना योगदान देगा। शहर में विकास की काफी संभावनाएं हैं, बजट उसमें महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**अतुल द्विवेदी, महामंत्री अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**


“ सेटेलाइट बस अड्डों के बनने से बीच शहर में लगने वाले जाम से लोगों का राहत मिलेगी। कारोबारियो का माल जाम में नहीं फंसेगा और आम खरीदार को भी राहत मिलेगी। इस योजना से शहर का कारोबार भी बढ़ने की अपार संभावना है।

**- आशू शर्मा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन**


“ शहर को प्रदेश सरकार के बजट से काफी उम्मीद है। हम लोगों को उम्मीद है कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा, धार्मिक पर्यटन व इन्फ्रास्ट्रक्चर को बजट में शामिल किया जाएगा। पूरी उम्मीद है कि इस बार के बजट से शहर को बहुत कुछ मिलने वाला है।

**- पंकज अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव कैट**


“ बजट ऐसा होना चाहिए जिससे शहर का औद्योगिक स्वरूप दोबारा वापस आ सके। इसके लिए सड़क, यातायात, स्वास्थ्य, रोजगार सहित अन्य विकास के विषय बजट में शामिल होने की उम्मीद है। आम आदमी के लिए आवासीय योजनाओं का आना भी जरूरी है।

**- उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा**


“ गुजरात की तर्ज पर उद्योगों को बिजली की दरों पर छूट मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा सस्ते दर पर औद्योगिक भूखंड मिलने चाहिए। इससे प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा मिल सकेगा। प्रदेश में उद्योग को बढ़ावा मिल सके इसके लिए उद्योग उद्योग लगाने के लिए सब्सिडी का दायरा और अधिक बढ़ना चाहिए।

**-आशीष अग्रवाल, इस्पात उद्यमी**

# झकरकटी से एयरपोर्ट तक भी मेट्रो चाहिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी से नौबस्ता और सीएसए विवि से बर्रा आठ तक मेट्रो के दो कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं, लेकिन शहर में दो कॉरिडोर से यातायात सुगमता का सपना साकार नहीं होगा। शहर में इनर रिंग रोड की तर्ज पर ही मेट्रो का जाल बिछाने की जरूरत है। फिलहाल शहरवासी उम्मीद लगा रहे हैं कि झकरकटी से चकेरी एयरपोर्ट तक मेट्रो को दौड़ाने की योजना अमल में आ सकती है। प्रदेश सरकार सोमवार को अपने बजट में इसकी घोषणा कर सकती है। यदि ऐसा हुआ तो चकेरी तक आवागमन आसान हो जाएगा।

अभी आईआईटी से मोतीझील तक मेट्रो दौड़ रही है । जल्द ही सेंट्रल स्टेशन तक इसके संचालन की तैयारी तेजी से की जा रही है। अब हर किसी की मांग है कि मेट्रो को एयरपोर्ट के नए टर्मिनल तक ले ले जाया जाए। तीन माह पहले इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किए जाने को लेकर उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच बैठक भी हुई थी । इसमें प्राधिकरण ने मौखिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। ऐसे में अब मेट्रो कॉरपोरेशन को इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार की हरी झंडी चाहिए। उम्मीद की जा रही है कि बजट में इसे हरी झंडी मिल जाएगी। दो माह पहले कानपुर में गतिशील शहरी यातायात सेवाओं को एकीकृत करने और मेट्रो की राईडरशिप में भविष्य की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई यूपीएमआरसी के अधिकारियों की बैठक में मेट्रो के विस्तार पर चर्चा भी हुई थी। मेट्रो को कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल तक चलाने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा भी हुई थी। एक अधिकारी के मुताबिक एयरपोर्ट के नए टर्मिनल तक मेट्रो के विस्तारीकरण जरूरी है।



- **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण मेट्रो को दे चुका है सहमति**
- **अभी एयरपोर्ट तक आवागमन में जाम से जूझना पड़ता है**


“ प्रदेश के बजट में भी इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। हम लोगों को उम्मीद है कि प्रदेश सरकार कानपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए बड़ी सौगातें देगी। बजट में ऐसे प्रावधान होने चाहिए जिससे पुराने उद्योग को लाभ और नए उद्योग लगाने वालों को सरलीकरण प्रक्रिया हासिल होनी चाहिए।

**-अपूर्व अग्रवाल, लोहा उद्यमी**


“ बजट में ऐसे प्रावधान होने चाहिए जो 2050 को प्लान कर किए गए हों। रोजाना शहर बढ़ रहा है, ऐसे में दो या तीन पंचवषीय योजनाओं को जल्द लागू किए जाने की जरूरत है। एलीवेटेड रोड बननी चाहिए।

**-रोहित अरोड़ा, बेकरी कारोबारी**


“ प्रदेश में व्यापारी वर्ग सबसे अधिक टैक्स देता है। इसलिए वह बजट में भी सबसे अधिक हासिल करने का अधिकारी है। सरकार को बजट में व्यापारियों को 50 लाख रुपये का बीमा दे। बजट ऐसा होना चाहिए जिससे कारोबार करने का माहौल बन सके।

**-शेष नारायण त्रिवेदी, कपड़ा कारोबारी**

# मशीन मिले तो कम हो कैंसर पीड़ितों का दर्द

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेके कैंसर संस्थान को शासन से लीनियर एक्सीलेटर मशीन मिले तो कैंसर पीड़ितों का दर्द काफी कम हो सकता है। मशीन की मदद से संस्थान में कैंसर पीड़ितों को सस्ता और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इसके संबंध में संस्थान ने शासन को पत्र लिखाकर मांग की है, लेकिन यह मशीन महंगी होने के कारण आने में वक्त लग रहा है। इसकी कीमत करीब 26 से 30 करोड़ रुपये है।

जेके कैंसर संस्थान में प्रतिदिन 200 के करीब कैंसर रोगी इलाज कराने को पहुंचते हैं। यहां पर मौजूद डॉक्टरों की टीम रोगियों को परामर्श देने के बाद सीबीसी आदि जरूरी जांच व दवाएं लिखते हैं। लेकिन यहां पर अभी सीबीसी व एक्सरे आदि जांच की सुविधा नहीं है, जिस कारण मरीजों को कार्डियोलॉजी या हैलट अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। ऐसे में रोगियों को जांच कराने के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि संस्थान में पैथोलॉजी विभाग नहीं है। सीबीसी मशीन भी खराब है। इसके अलावा संस्थान से लीनियर एक्सीलेटर मशीन की भी डिमांड शासन को भेजी जा चुकी है, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इस मशीन की मदद से कैंसर रोगियों को सस्ते और बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। कैंसर की छोटी से लेकर बड़ी बीमारी को जल्द ठीक करने में यह मशीन काफी कारगर साबित होगी और उनको अधिक पीड़ा भी नहीं सहन करनी होगी।

बता दें कि कोबाल्ट मशीन से कैंसर पीड़ितों को असहनीय पीड़ा का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण कई कैंसर मरीज बीच में ही इलाज छोड़ देते हैं। जबकि आधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन से कैंसर पीड़ित मरीज को कम दर्द सहन करना पड़ता है। लीनियर एक्सीलेटर मशीन में कैंसर के इलाज के लिए मेगा वोल्टेज एक्स-रे सहकिरणों का इस्तेमाल किया जाता है।



जेके कैंसर संस्थान बदहाली की मार झेल रहा। अमृत विचार

### यह भी पद नहीं हैं यहां

- जेके कैंसर संस्थान में सर्जरी अन्कोलॉजिस्ट, एनाथिसिया व पैथोलॉजिस्ट के पद नहीं हैं। ऐसे में यहां पर कैंसर मरीजों का इलाज पूरी तरह से संभव नहीं हो पाता है। तब कैंसर रोगियों को संस्थान से हैलट अथवा लखनऊ आदि के बड़े अस्पतालों में भेजा जाता है।

**200** के करीब कैंसर रोगी रोज आते

**26** से 30 करोड़ रुपये लागत है

“ लीनियर एक्सीलेटर मशीन के संबंध में शासन को डिमांड भेजी जा चुकी है, जिसकी कीमत करीब 26 से 30 करोड़ रुपये है। इसके अलावा अस्पताल में सर्जरी अन्कोलॉजिस्ट, एनाथिसिया व पैथोलॉजिस्ट की तैनाती के संबंध में भी पत्र भेजा गया है।

**- डॉ .एसएन प्रसाद, निदेशक**

### लीनियर एक्सीलेटर मशीन से मिलते हैं अनेक लाभ

- मशीन से कैंसर मरीज को कम दर्द सहन करना पड़ता है।
- इलाज के दौरान केवल कैंसर प्रभावित अंग की कोशिकाओं को जलाया जाता है।
- मशीन से निकलने वाली मेगा वोल्टेज एक्स-रे सहकिरणों से कम नुकसान होता है।
- सरकारी दर पर कैंसर की अन्य सिकाई मशीनों से बेहतर इलाज।
- मशीन से ब्रेन ट्यूमर का इलाज भी संभव।
- कैंसर प्रभावित अंग (कोशिकाओं) के अलावा अन्य अंगों की सुरक्षा।

**बजट में आस** | इमरजेंसी के सामने बर्न यूनिट का निर्माण धीमा, ठेकेदार बजट जारी न होने की बात कह रहे


# बजट के फेर में फंसी है हैलट अस्पताल की बर्न यूनिट


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार सोमवार को अपना बजट पेश करेगी। शहरवासियों को उम्मीद है कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी बजट मिलेगा। अभी हैलट अस्पताल का बर्न वार्ड, 50 बेड का प्राइवेट वार्ड बजट के फेर में शुरू नहीं हो पा रहे हैं। इस बजट से उम्मीद है कि यह समस्या दूर होगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां पर 18 जिलों से आने वाले रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ मिल सकेगा।

50 लाख की आबादी वाले कानपुर महानगर में जले लोगों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सरकारी स्तर पर उर्सला अस्पताल के बर्न वार्ड में सिर्फ आठ बेड की सुविधा है। जबकि हैलट अस्पताल में निमार्णाधीन बर्न यूनिट को बजट की दरकार है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन के मुताबिक हैलट अस्पताल में इमरजेंसी के सामने बर्न यूनिट का निर्माण चल रहा है, जिसकी लागत करीब 6.75 करोड़ रुपये है। यूनिट में 26 बेड की सुविधा होगी, जिसे बनाने का जिम्मा सरकारी कंपनी सी एंड डीएस ने लिया है। लेकिन निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। इसके पीछे ठेकेदार समय पर बजट जारी न होने की बात कह रहे हैं। बर्न यूनिट के लिए शासन से करीब 53 लाख रुपये का बजट मिलना बाकी है। इसके अलावा यहां पर करीब तीन करोड़ रुपये उपकरण भी लगने हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि बर्न यूनिट निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा धीमी गति से किया जा रहा है। उसकी शिकायत की जाएगी।

**50 नंबर प्राइवेट वार्ड 85 फीसदी ही बना :** हैलट अस्पताल में बना 50 नंबर प्राइवेट वार्ड करीब 17 सालों से बंद है। बीते वर्ष अस्पताल में प्राइवेट रूम की संख्या कम होने और मांग अधिक आने पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 50 नंबर प्राइवेट वार्ड को दोबारा चालू करने का निर्णय लिया था। शासन से इन वार्डों के नवीनीकरण की मांग पर 16 करोड़ रुपये मंजूर किए थे।


हैलट अस्पताल में निर्माणाधीन बर्न यूनिट ।


हैलट परिसर में तैयार हो रहा 50 नंबर प्राइवेट वार्ड।

**53** लाख रुपये का बजट लटका है

**26** बेड होंगे हैलट की बर्न यूनिट में

### बंद हैं कई जांचें

- हैलट अस्पताल में करीब एक साल से अधिक समय से एचबीए1सी (शुगर की जांच,जो तीन माह का अनुपात बताती है।), पीटीआईएनआर (खून में थक्का जमने की जांच), एपीटीटी (खून संबंधित जांच), टी3टी4टीएसएच (थायराइड), एफ3एफ4एफएचएस (फ्री थायराइड), एलएच (महिलाओं में हार्मोन्स की जांच), विटामिन डी-3, जीजीपीटी (एल्कोहोलिक लिवर की जांच), गामा (शुगर संबंधित जांच) व लाइपेज एम आइलेज (पैनक्रियास मतलब पेट संबंधित जांच) आदि एक दर्जन जांच हैलट में करीब एक साल से बंद हैं। इसकी मुख्य वजह बजट का अभाव बताया जा रहा है।


“ केंद्र के बजट की ही तरह प्रदेश के बजट में भी आम आदमी के लिए कुछ नहीं होगा। गरीब, महिला, युवा, उद्यमी व कारोबारियों के लिए कुछ नहीं करने जा रही है। हमारी मांग है कि सरकार पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा करे। युवाओं के लिए नौकरी का प्रबंध करे ताकि बेरोजगारी घटे। **- कनिष्क पाण्डेय, प्रदेश महासचिव, कांग्रेस**


“ कानपुर के समग्र विकास के लिए बजट में प्रावधान किया जना चाहिए। फ्लाईओवर, एलिवेटेड रोड आदि का निर्माण होना चाहिए। गंगा पर पुल बनाने के लिए बजट मिलना चाहिए। एक सुपर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए बजट पास किया जाए। ताकि चिकित्सा सुविधा बेहतर हो सके।

**हरीश सरावगी, प्रिंटिग करोबारी**


“ प्रदेश सरकार के बजट में गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार के लिए कोई भी ऐसी योजना नहीं होगी जो उनकी सहायता कर सके। क्योंकि केन्द्र का बजट भी जन विरोधी था। **- अनुज शुक्ला, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी**


“ बजट में शहर के मूलभूत ढांचे को बढ़ाए जाने के प्रावधान हो। कारोबारियों को 50 लाख रुपये की बीमा योजना से लाभांवित किया जाना चाहिए। यही हमारी मांग है।

**- आयुष द्विवेदी, अध्यक्ष, कानपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल**

# देश कमजोर करने के लिए अब अफवाह है बड़ा हथियार

## आज-कल सोशल मीडिया के युग में दुश्मन देश करते हैं इसका इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● डीएवी कॉलेज में दो दिनी सेमिनार में विशेषज्ञों ने जताई चिंता

**अमृत विचार।** देश को कमजोर करने के लिए दुश्मन देश कई ऐसे हथियारों का प्रयोग करते हैं जो गैर पारंपरिक होते हैं। इनमें आज के दौर में सबसे बड़ा हथियार अवफाह है। सोशल मीडिया के दौर में यह हथियार और अधिक ताकतवर हो गया है।

इस हथियार के जरिये दुश्मन देश वर्ग विशेष के बीच कड़वाहट पैदाकर कानून व्यवस्था प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए समाज में सभी को किसी भी सूचना की सत्यता परखने के बाद ही उस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सोशल मीडिया के मैसेजों पर बहुत सतर्कता बरतनी चाहिए।

यह विचार रविवार को डीएवी कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेमिनार में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। दो दिनी सेमिनार के अंतिम दिन आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी प्रो अरविंद दीक्षित ने कहा कि समाज के लोग जितने जागरूक होंगे विदेशी दुश्मन उतने ही कमजोर होंगे। आज के दौर में विज्ञान बहुत तरक्की कर गया है। अब युद्ध के लिए पारंपरिक हथियारों की जरूरत नहीं है। साइबर हमला, सेटेलाइट हमला, रसायन हमला और बौद्धिक हमले जैसी प्रक्रिया से भी युद्ध लड़ा जा सकता है। 'भारत में गैर-पारम्परिक सुरक्षा मुद्दे'विषय पर हुए सेमिनार के अंतिम दिन सत्र का संचालन डॉ. अमरेंद्र प्रताप गोंड ने किया। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग क्राइस्टचर्च कॉलेज के प्रो. आशुतोष सक्सेना ने की। इस दौरान राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कर्नल डॉ. अंजनी मिश्रा, रक्षा एवं स्ट्रेजिक अध्ययन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के विभागाध्यक्ष प्रो प्रशांत अग्रवाल ने भी विषय पर अपने विचार रखे। गोष्ठी मं प्रो. विनोद मोहन मिश्रा, प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव, प्रो. आशुतोष सक्सेना, प्रो गिरीश कान्त पाण्डेय सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए।



डीएवी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दीप प्रज्ज्वलित करते आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर अरविंद दीक्षित, प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दीक्षित और अन्य। अमृत विचार

## युवाओं को बताया पाइथन का महत्व



**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में रविवार को कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की ओर से 'पाइथन प्रोग्रामिंग' पर एक साप्ताहिक हैंडस ऑन वैल्यू एडेड कोर्स का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को सॉफ्टवेयर क्षेत्र में पाइथन के महत्व को भी युवाओं को बताया गया। वैल्यू एडेड कोर्स के तहत युवाओं को हाथों की विभिन्न एक्सरसाइज को भी सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान एक ही क्लिक पर कोर्स में शामिल सभी युवाओं के प्रमाण पत्र उनके पास पहुंच गए। दो चरण में हुए कार्यक्रम में प्रथम चरण के कोर्स के समापन समारोह में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रथम चरण के कोर्स के समापन पर विभागाध्यक्ष प्रो. रॉबिन्स पोरवाल पमुख रूप से मौजूद रहे। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप




भाजपा की बैठक में कार्यक्रम की तैयारी की गई। अमृत विचार

### सभी सदनों के जरिये पीएम को देंगे धन्यवाद

**कानपुर।** अयोध्या मे भव्य राम मंदिर और भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी सदनों (नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लॉक, सामाजिक संगठनों) में पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर भेजा जाएगा। भाजपा-कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की स्थापना को मूर्त रूप देकर रामराज्य की परिकल्पना को यथार्थ रूप से परिलक्षित करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी को सभी सदनों से धन्यवाद ज्ञापित करना है। बैठक में तय किया गया कि 10 फरवरी से 26 फरवरी तक महिला शक्ति वंदन के विभिन्न कार्यक्रम जिला से लेकर विधानसभा स्तर तक होंगें जिसमे सभी जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद विशेष रूप से सम्मलित होंगे। 5 फरवरी को क्षेत्र के सभी 17 जिलों मे महिला शक्ति वंदन की कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जबकि गांव चलो अभियान 6 फरवरी को सभी जिलों मे एक साथ प्रारम्भ होगा जो 11 फरवरी तक चलेगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि सभी मोर्चों की नियमित मॉनिटरिंग क्षेत्र कार्यालय से की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता को दी गयी है। बैठक में सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, अनूप अवस्थी, राजेश भदौरिया, आलोक शुक्ला, सुनील साहू, अशोक मिश्रा, आलोक मिश्रा, पुष्पा तिवारी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सिंधी समाज के लोगों ने मिठाई बांटी। अमृत विचार

### आडवाणी को भारत रत्न से सिंधी समाज खुश, मिठाई बांटी

**कानपुर:** पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर सिंधी समाज में खुशी की लहर है। समाज के लोगों ने मिठाई बांट कर एक-दूसरे को बधाई दी। लोगों ने कहा कि आडवाणी भाजपा के स्तंभ रहे हैं। अपने पूरे राजनैतिक कार्यकाल में उन्होंने देशप्रेम और एकता का अद्भुत परिचय दिया है। राम मंदिर आंदोलन उन्हीं की देन है। कार्यक्रम में ललित श्यामदासानी, अमित खत्री, विकास खत्री, वंश खत्री, विमल खत्री, दीपक राजपाल, गौरव सेवानी, विश्वनाथ आहूजा आदि मौजूद रहे।

# असम की पहली पारी बाकी, मैच ड्रा की ओर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● रणजी ट्राफी मैच में पहली पारी में यूपी ने बनाए 548 रन
● असम दो विकेट पर 316 रन, आज अंतिम दिन

**अमृत विचार।** परवेज मुशर्रफ व राहुल हजारिका के शतकों की बदौलत ग्रीनपार्क में खेले जा रहे रणजी मुकाबले में असम ने यूपी के खिलाफ मैच ड्रा कराने की ओर कदम बढ़ा दिया है। पहली पारी में असम ने 113 ओवरों में दो विकेट पर 316 रन बना लिए और 19 पर अभिषेक ठाकुरी और रिषव राय चार रन बनाकर खेल रहे हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे असम के बल्लेबाजों ने यूपी के 548 रनों के स्कोर को भी फीका साबित कर दिया। सोमवार को मैच का अंतिम दिन है, जबकि असम की पहली पारी अभी खेल रही है। लिहाजा मैच का ड्रा होना तय हो चुका है।

चार दिवसीय रणजी मुकाबले के तीसरे दिन रविवार को असम ने पहली पारी में बगैर किसी नुकसान के 116 रनों से आगे खेलना शुरू किया। अर्द्धशतक लगा चुके ओपनर परवेज मुशर्रफ और राहुल हजारिका अपने शतक की ओर बढ़े। राहुल हजारिका ने शिवा सिंह की गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक 206 गेंदों में 19 चौकों की मदद से पूरा किया। इसके बाद परवेज ने भी करन शर्मा की गेंद पर चौका लगाकर 213 गेंदों में 13 चौकों व दो छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। 274 रनों के स्कोर पर यूपी को पहली सफलता शिवम शर्मा ने राहुल को एलबीडब्ल्यू करके दिलाई। राहुल ने 265 गेंदों में 21 चौकों की मदद से 128 रन बनाए। इसके बाद अभिषेक ठाकुरी ने परवेज के साथ मिलकर स्कोर बढ़ाना शुरू किया। 102.3 ओवर में 299 रनों के स्कोर पर शिवम शर्मा ने परवेज को भी एलबीडब्ल्यू कर दूसरी सफलता दिलाई। परवेज ने 129 गेंदों में 14 चौकों व दो छक्कों की मदद से 129 रन बनाए। दूसरे पायदान पर उतरे रिषव दास ने अभिषेक के साथ मिलकर टीम का स्कोर 300 रनों के पार पहुंचाते हुए मैच को ड्रा की ओर ले जाने के काम किया। टी टाइम तक असम 107 ओवर में दो विकेट पर 304 रन बना चुका था, लेकिन तभी दोबारा बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे बाद दोबारा मैच शुरू हुआ, लेकिन थोड़ी देर बाद खराब रोशनी के कारण 113 ओवर में दो विकेट पर 316 रनों पर मैच रोकना पड़ा। अभिषेक तीन चौकों की मदद से 19 और रिषव 27 गेंदों पर चार रन बनाकर खेल रहे हैं।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में आयोजित रणजी ट्राफी क्रिकेट मैच में असम टीम के खिलाड़ी परवेज और राहुल ने शतक बनाया।

### असम ड्रा का उद्देश्य लेकर ही उतरी थी

यूपी को नाकआउट में जगह बनाने के लिए यह मैच जीतना था, लेकिन असम ने उस पर पानी फेर दिया है। करन और आर्यन के दोहरे शतक व 548 के स्कोर के बाद यूपी को मैच जीतने की उम्मीद भी थी, लेकिन टीम के गेंदबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से यूपी को झटका लगा है। वहीं पहले ही नाकआउट दौर से बाहर हो चुकी असम मौजूदा में चार मैचों में एक अंक हासिल कर आठवें स्थान पर थी। इसलिए असम यह मैच ड्रा के इरादे से खेलने मैदान पर उतरी थी। पिछले मैच में ग्रुप की टीम मुंबई को हराने के बाद मेजबान यूपी का पलड़ा भारी था।

### एक घंटा प्रभावित रहा मैच

रणजी मुकाबले के तीसरे दिन दो बार हल्की बारिश के कारण मैच को रोकना पड़ा। शाम को जब दूसरी बार बारिश बंद हुई और खिलाड़ी क्रीज पर पहुंचे तो खराब रोशनी के कारण भी मैच रोका गया। इससे करीब एक घंटा खेल बाधित रहा।

## कार्यालय कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट

विज्ञप्ति सं0: 2486/जि0आ0अ0 /चित्रकूट / व्यवस्थापन 2024–25 / दिनांक: 03/02/2024

**विज्ञप्ति**

वित्तीय वर्ष 2024–25 की आबकारी नीति विषयक शासनादेश संख्या – 51 / 2023/1688ई–2 / तेरह –2023–01/2020–1769561 / दिनांक – 21.12.2023 एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या – 11154/दस–लाइसेंस – 367/सुझाव आबकारी नीति/2024–25, प्रयागराज, दिनांक : 21.12.2023 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जनपद चित्रकूट में वर्ष 2024–25 हेतु नवीनीकरण व ई–लॉटरी के प्रथम चरण के पश्चात् अवशेष अव्यवस्थित देशी मदिरा दुकान–भरतकूप, विदेशी मदिरा दुकान–कसहाई, सरैया एवं भांग दुकान—बरगढ़—क, बरगढ़–ख की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु आनलाइन आवेदन ई–लाटरी पोर्टल www-upexciseelottery.upsdc.gov.in के माध्यम से निम्न समय सारणी के अनुसार किया जाना है–

| क्र0सं0 | द्वितीय चरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | द्वितीय चरण की ई–लाटरी हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि व समय | 06.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 2 | द्वितीय चरण की ई–लाटरी हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय | 09.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक |
| 3 | ई–लाटरी हेतु आवेदन–पत्रों का परीक्षण | 11.02.2024 को सायं 5:00 बजे तक |
| 4 | द्वितीय चरण की ई–लाटरी की तिथि / समय एवं स्थल | 13.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट, चित्रकूट |
| 5 | द्वितीय चरण के आबंटियों द्वारा देयताओं को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 16.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक |

द्वितीय चरण की ई–लाटरी के माध्यम से व्यवस्थित की जाने वाली आबकारी दुकानों का विवरण, आवेदन पत्र के साथ अपलोड किये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप व दुकानों से सम्बन्धित समस्त अर्हताओं का विवरण आदि कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट के सूचना पट्ट अथवा जनपद की वेबसाइट www.chitrakoot.nic.in तथा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला आबकारी अधिकारी**
चित्रकूट

**(अभिषेक आनन्द)**
कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट

# पुरानी पेंशन के लिए प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में सरकारी कर्मियों के हाथ खाली रहे। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को उम्मीद थी कि सरकार इस बजट में पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों पर कोई घोषणा कर सकती है। लेकिन सरकार ने कोई घोषणा नहीं की। इस संबंध में कानपुर समेत कई जिलों के सरकारी फार्मासिस्ट व कर्मचारी लखनऊ आंबेडकर पार्क पहुंचे। यहां से नारेबाजी करते हुए जनेश्वर मिश्र पार्क पहुंचे और वहां से वापस अंबेडकर पार्क में जुलूस को समाप्त किया। पुरानी पेंशन बहाल कराने के लिए नारेबाजी की। उप्र अटेवा के प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरजपति त्रिपाठी ने बताया कि अंतरिम बजट में देश के लाखों कर्मचारियों के विषय पर कोई फैसला न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। टैक्स स्लैब में राहत न मिलने से कर्मचारियों में मायूसी छाई हुई है। सरकार, निजीकरण की ओर भागती जा रही है। यह देश का दुर्भाग्य है कि देश कि सेवा में दिन-रात लगे रहने वाले करोड़ों कर्मचारियों के मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया गया। देश में निजीकरण बढ़ता जा रहा है। रोजगार पर भी सरकार को कोई स्पष्ट विजन सामने नहीं आया। ऐसे में रोजगार के अवसर कहां से और कैसे उपलब्ध होंगे, कोई नहीं जानता।




खेती-किसानी | सीएसए विवि ने किसानों को दिया प्रशिक्षण

# पराली खेतों में मिलाएं, उर्वरता बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पराली किसानों के लिए बड़ी समस्या है। यदि किसान उसे कूड़ा न समझते हुए उसका जानकारीपरक उपयोग करें तो वह खेतों की शक्ति बढ़ाने में कारगर साबित होती है। यह सलाह रविवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की ओर से चलाए जाने रहे अभियान के दौरान किसानों को दी गई।

पांडेय निवादा गांव में फसल अवशेष प्रबंधन पर किसानों को बताया गया कि हरा अपशिष्ट पराली खेतों के लिए पौष्टिक भोजन का काम करता है। मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने बताया कि किसान पराली को खेतों में मिलाएं, इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति का विस्तार होता है। किसान पराली को बेकार समझकर उसे आग के हवाले कर देते हैं इससे उन्हें दो तरफा नुकसान होता है। इस कार्य से पर्यावरण तो प्रदूषित होता ही है साथ ही मिट्टी के पौष्टिक तत्व का भी हनन हो जाता है। डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि फसल अवशेष हमारे खेतों की मिट्टी के लिए भोजन का काम करते हैं। जो खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं। वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ. मिथिलेश वर्मा ने बताया कि वेस्ट डी कंपोजर से कम समय में पराली को सड़ा कर आगामी फसल बोई जा सकती है। कार्यक्रम में डॉ. निमिषा अवस्थी, डॉ. राजेश राय ने भी विचार व्यक्त किए।



किसानों को खेती किसानी की आधुनिक जानकारी दी गई। अमृत विचार

### रैली भी निकाली गई

विशेषज्ञ संवाद के बाद एक रैली भी निकाली गई। इस रैली ने गांव के लोगों के बीच अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरुकता फैलाई। रैली के बाद किसानों को फसल अवशेषों को आग के हवाले न करने की शपथ भी ली।

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित करना है कि मेरे पुत्र आयुष वर्मा की हाईस्कूल की मार्कसीट में पिता का नाम संजय वर्मा अंकित हो गया है जो कि गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम संजय कुमार वर्मा है। अत: आयुष वर्मा पिता का नाम संजय कुमार वर्मा ही सही है। यही समझा और पढ़ा जावे। संजय कुमार वर्मा 228 न्यू रामनगर, इटावा

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र का नाम अरमान अब्बास से बदलकर अरसलान अब्बास रख लिया है। अब इसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। अरसलान अब्बास पुत्र साबिर अब्बास। **प्रार्थिनी– कनीज फातिमा पत्नी साबिर अब्बास, निवासी– जलालपुर, अम्बेडकरनगर**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **साकिर अली पुत्र मोहम्मद अली, निवासी–429/632, अंसार नगर अम्बरगंज, थाना–सआदतगंज, लखनऊ,** मै अपने पुत्र आसिफ अली से उसके दुराचरण एवं गलत संगत में पड़ जाने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का का आसिफ अली के किसी भी कृत्य एवं लेन–देन से कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# भीख नहीं मांगती थी तो सौतेली बच्ची को मार डाला

## ● हेड इंजरी से हुई मौत की पुष्टि, शरीर पर मिलीं आठ चोटें ● अरौल के गजना गांव में बांस से पीट कर किया था मरणासन्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिल्हौर के अरौल थानाक्षेत्र के गजना गांव में सौतेली मां फरजाना ने भीख मांगने का विरोध करने पर नाबालिग सौतेली बेटी नौ वर्षीय रेहाना को पीट-पीट कर मार डाला था। पोस्टमार्टम में सिर पर गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई। उसके शरीर पर हाथ, पैर में छह से आठ चोटों के निशान मिले हैं। हत्यारोपी सौतेली मां को रेहाना की पिटाई करते पड़ोसी शराफत अली ने देखा था। वह इस वारदात के अकेले चश्मदीद गवाह हैं, जिन्होंने थाने में अपने बयान दर्ज कराए हैं। पूछताछ में फरजाना ने घटना कबूल की और बताया कि रात में सन्नाटे और अंधेरे का फायदा उठाकर रेहाना के शव को दफनाने की योजना थी। सौतेली मां की पिटाई की दहशत से बेटी एक दिन पहले घर से भाग गई थी और एक बार कई घंटे तक सरसों के खेत में छिपी रही थी।

गजना गांव के प्रधान अक्षय कुमार कटियार ने बताया कि गांव के अनीस की पहली शादी मीरा से हुई थी। मीरा से चार बच्चे हैं। मीरा की सात साल पहले टीबी से मौत हो गई थी। अनीस प्यारे लाल डिग्री कॉलेज की मैजिक चलाता है। बताया कि पांच साल पहले बिहार से एक युवती फरजाना को खरीद कर लाया था और पत्नी की तरह घर में रखता था। फरजाना की एक बेटी मायरा है। उन्होंने बताया कि फरजाना एक बार घर से भाग गई थी तो अनीस उसे मना कर घर ले आया था, इसी दौरान फरजाना ने अनीस से एक बीघा खेत उसके नाम करने के लिए कहा था। फरजाना अनीस की पहली पत्नी मीरा के बच्चों को भीख मांगने जाने के लिए कहती थी, जिसका विरोध बच्चों की दादी रन्नो करती थीं। सास बहू में झगड़े के बाद दादी रन्नो अपनी बेटी के पास चौबेपुर स्थित मालौं रहने चली गई थी। ग्राम प्रधान ने बताया कि दो दिन पहले फरजाना ने सौतेली बेटी रेहाना (9) की बर्बतापूर्वक पिटाई की थी। वह भीख मांगने के लिए दबाव बनवा रही थी। रेहाना घर से भाग गई थी और पूरी रात गायब रही थी। सुबह वह गांगूपुर में मिली थी। घर आने पर दोबारा पिटाई करने पर वह सरसों के खेत में जाकर छिप गई थी। शनिवार सुबह से ही फरजाना रेहाना की बर्बतापूर्वक पिटाई के साथ यातनाएं दे रही थी।

**सबसे लड़ती थी फरजाना:** प्रधान ने बताया कि बिहार की महिला फरजाना इतनी दबंग थी कि किशोरी की हत्या करने के बाद भी उसके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। उसकी किसी से गांव में नहीं पटती थी। विवाद को दौरान फरजाना हर किसी से कहती थी इक एक बिहारी 100 पर भारी। फरजाना और अनीस की एक साल की बेटी भी है, जो फरजाना और अनीस के साथ जेल जाएगी। माता-पिता के अपराध की वजह से बच्ची भी जेल जाएगी। थाने में भी फरजना पुलिस को कुछ नहीं समझ रही थी।



घटना की जानकारी देते ग्राम प्रधान अक्षय कुमार कटियार व अन्य। अमृत विचार



रेहाना



सौतेली मां व पिता। अमृत विचार

### प्रधान की सक्रियता से बरामद हो पाई रेहाना

ग्राम प्रधान अक्षय कुमार कटियार ने पुलिस को बताया कि जब उन्हें इस पूरी घटना की जानकारी मिली तो वह तुरंत फरजाना के घर पहुंचे। जहां फरजाना ने रेहाना को बुलाने पर सोने की बात कहकर शाम को आने के लिए कहा। उन्हें शक हुआ तो गांववालों को इकट्ठा करके फरजाना के घर का का दरवाजा तोड़ दिया। फरजाना के छत पर जाने का विरोध करने पर जबरदस्ती प्रधान के साथ आए कुछ युवा छत पर चढ़ गए और मौरंग और लकड़ी के नीचे दबी रेहाना को बाहर निकाल लिया। बताया कि रेहाना को मरणासन्न स्थिति में निकालकर पुलिस तो सूचना दी और एंबुलेंस से हैलट अस्पताल भिजवाया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया।

### पिता ने बेदम बच्ची को सीढ़ियों पर पटक दिया

मरणासन्न बेटी को लकड़ियों के ढेर से निकालने के बाद बेटी की हालात पर तरस आने की जगह पिता ने उसे गुस्से में एक बार फिर सीढ़ियों पर पटक दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सौतेली मां के साथ-साथ घर आने के बाद वह भी बच्चों की पिटाई करता था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बताया कि फरजाना सौतेले बच्चों को दूसरे गांव भेजकर भीख मंगवाती थी और बच्चों की मना करने पर वह उनकी पिटाई करती थी और पति के घर आने पर उनसे भी पिटवाती। बच्चों की दुर्दशा देखकर ग्रामीण भी कराह उठते थे, लेकिन इसको लेकर कोई विरोध नहीं कर पाता था।

### सिर कई बार दीवार पर दे मारा

चश्मदीद शराफत अली ने पुलिस को बताया कि उनकी छत से साफ दिखाई दे रहा था, फरजाना पहले रेहाना को बांस से पीटती रही। इतनी पिटाई की कि उसके हाथ पैर टूट गए। सिर कई बार दीवार पर दे मारा, रेहाना चीखती चिल्ल्ती रही लोगों को मदद के लिए बुलाती रही लेकिन कोई उसे बचाने नहीं जा सका। काफी देर बाद बेदम करके उसे मौरंग और लकड़ियों के बीच में छिपा दिया लेकिन अस्पताल नहीं ले गई।

# हत्या करने वाली सौतेली मां व पिता भेजा गया जेल

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम देने वाली सौतेली मां व पिता को अपनी ही बेटी के हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक किशोरी रेहाना के मामा अनीश आलम निवासी नौरंग गुरसहायगंज की तहरीर पर सौतेली मां फरजाना व पिता अनीश पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसके बाद अरौल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि शनिवार की देर शाम स्थानीय पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग रेहाना को उपचार के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। स्थानीय लोग घटनाक्रम में सौतेली मां फरजाना पर बेहद गुस्सा दिखे।

### सिसकियां लेती रही बेटी, नहीं पसीजा मां का दिल

बिल्हौर क्षेत्र के गजना गांव में शनिवार की देर रात हुई घटना के बाद क्षेत्र में घटना चर्चा का विषय बनी हुई है 9 वर्षीय बेटी को कई दिनों प्रताड़ना देने के बाद आरोपित सौतेली मां ने कई दिनों तक यातनाएं दी और उसे पीट पीट कर मार डाला ऐसे में स्थानीय लोग बताते हैं कि 2 दिन मारपीट करने के बाद आरोपित महिला द्वारा बेटी को छत पर लकड़ी व मौरंग के ढ़ेर में गाढ़ दिया और काफी देर तक उसके रोने के बाद आरोपित महिला ने उसको तब तक पीटा जब तक वह बेहोश होकर बेसुध नहीं हो गई। उसको मरणासन्न होने तक पीटती रही। लोगों ने बताया कि आए दिन फरजाना सौतेले बच्चों को कभी भीख ना मांगने पर तो कभी खाना मांगने, कभी छोटे-छोटे कारणों से यातनाएं देती थी। अनीस की पहली पत्नी मृतक रेहाना की मां मीरा टीबी जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होने पर उपचार के अभाव में दम तोड़ गई थी। इसके बाद से उसके चारों बच्चे बुरे हाल में हैं।

बच्ची की हत्या में रिपोर्ट दर्ज करके सौतेली मां और पिता दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

-विजय ढुल, डीसीपी पश्चिम

# मारपीट में घायल युवक की मौत

संवाददाता, भीतरगांव

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में बीते पंद्रह दिन पूर्व मारपीट में राजेश सोनकर (26) घायल हो गया था। जिसका कानपुर में इलाज चल रहा था, इलाज के दौरान घायल युवक की रविवार को मौत हो गयी। युवक की मौत होने के बाद परिजन उग्र हो गए व युवक के शव सहित साढ़ थाने का घेराव करने जाने लगे। इस सूचना पर हरकत मे आई साढ़ पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लोगों को खदेड़ा। बाद में युवक पर हमला कर हत्या करने वालों पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

लगभग पंद्रह दिन पूर्व गोपालपुर शराब ठेका के पास हुए मारपीट की घटना मे राजेश सोनकर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उस समय दुर्घटना का रूप देते हुए युवक को उपचार के लिए कानपुर निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया था। जहां रविवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन शव लेकर थाने पहुंच गए और पुलिस पर हत्या का मुकदमा लिखने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने अंकित, पारुल, दीपक व दो अन्य के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया।



साढ़ थाने के बाहर हंगामा करते परिवारीजन। अमृत विचार

### मिर्गी का दौरा पड़ने से मजदूर रजबहा में गिरा, मौत

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के नगवां गांव में रविवार सुबह पुलिया पर लेटा मजदूर मिर्गी का दौरा पड़ने रजबहे में गिरकर डूब गया। ग्रामीणों से काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कठोंगर निवासी राजमिस्त्री राजबहादुर काफी दिनों से मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। रविवार सुबह वह टहलते हुए नगवां गांव के रजबहे के किनारे पहुंच गया। तभी कुछ तबियत बिड़ने पर वह रजबहे पुलिया पर लेट गया। इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा गया। जिससे वह रजबहे में गिरकर पानी में डूब गया। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसे रजबहे से बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने गंभीर हालत में काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोपहर बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बारिश से किसानों को नुकसान ज्यादा

**घाटमपुर।** क्षेत्र में रविवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश से जहां किसानों को गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित हो रही है। वहीं अन्य फसलों के लिए भारी नुकसान भी हो रहा है । किसान राजेश अवस्थी चौबेपुर ने बताया कि बे मौसम हो रही बारिश को लेकर जहां गेहूं की फसल के लिए यह बारिश वरदान साबित हो रही है।

वहीं पर चना, सरसों, आलू व सब्जियों की फसल के लिए भारी नुकसान भी हो रहा है। इससे किसानों को फायदा कम नुकसान अधिक हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारिश से किसानों का नुकसान अधिक हुआ है व फायदा कम हुआ है।

किसान राजेश पाण्डेय ने बताया कि आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू की फसल में फंगस के साथ-साथ आलू की सड़ान भी हो सकती है। वही सब्जी की फसलों व तिलहन व दलहन की फसलों में भी भारी नुकसान हुआ है।

# विधायक के पिता को श्रद्धांजलि देंगे प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राहुल बच्चा सोनकर के पिता भाजपा नेता पूर्व पार्षद काला बच्चा की पुण्यतिथि पर 9 फरवरी को कस्बे के रामसहाय कॉलेज प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं के आने की चर्चा है।

भारतीय जनता पार्टी बिल्हौर से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके काला बच्चा सोनकर की पुण्यतिथि 9 फरवरी को है। जिसको यादगार बनाने को लेकर विधायक राहुल बच्चा सोनकर और उनके भाई ललित बच्चा सोनकर ने श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रामसहाय कॉलेज प्रांगण में बैठक की। विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बताया कि जब वह गोद में थे तभी उनके पिता की विरोधी पार्टियों की षड्यंत्र के चलते उनकी हत्या कर दी गई थी। आज उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर आप लोगों के आशीर्वाद से विधायक बने हैं। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश कटियार, मोहित शुक्ला, प्रदीप सिंह आदि रहे।



पुण्यतिथि को लेकर क्षेत्रीय लोगों से वार्ता करते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार

### प्रदेश अध्यक्ष समेत संगठन मंत्री होंगे श्रद्धांजलि सभा में शामिल

भाजपा नेता पूर्व पार्षद काला बच्चा की श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में वरिष्ठ जन सम्मान, ट्राईसाईकिल वितरण, कंबल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल जिला अध्यक्ष ग्रामीण दिनेश कुशवाहा, जिला प्रभारी राधेश्याम पांडे को आना है

# 11 महीने पहले चोरी हुई बाइक बरामद, चोर गिरफ्तार

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** रेवना बजार से 11 महीने पहले चोरी मोटरसाइकिल को गांव के ही कुछ लोगों ने बाइक को पहचान कर ली और बाइक व बाइक चोर को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने चोर की धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। रेवना पुलिस ने जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामला रेवना थाना क्षेत्र के समाज नगर गांव का है। समाज नगर गांव निवासी धर्मेंद्र ने सुबह मछैला गांव में खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल देख कर अपनी मोटरसाइकिल को पहचान लिया। बताते चलें कि रेवुना थाना क्षेत्र धर्मेंद्र की मोटरसाइकिल 11 महीना पहले रेवना बाजार से चोरी हो गई थी। जिसकी एफआईआर घाटमपुर कोतवाली में दर्ज है। धर्मेंद्र सुबह मछैला गांव कुछ काम से गया था। वही खरौज गांव निवासी रोहित पुत्र श्री बाबू थाना कुरारा जिसकी ससुराल मछैला गांव में गजराज के यहां है। सूचना पर पहुंचे तमाम ग्रामीण व ग्राम प्रधान सहित लोगों ने बाइक व उक्त व्यक्ति को रेवना थाने में ले जाकर पुलिस को सौंप दिया है। थाना अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बताया की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



मोटरसाइकिल के साथ धर्मेंद्र। अमृत विचार

# घाटमपुर में कल लगेगा रोजगार मेला


**घाटमपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घाटमपुर कानपुर नगर में सोमवार 6 फरवरी को वृहद विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन एवं राजकीय आईटीआई घाटमपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस मेले रोजगार में छात्र एवं छात्राओं को अवसर मिलेंगे।

# पड़ोसी ने बुजुर्ग दंपति को पीटा

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** मकान के विवाद में आधा दर्जन युवकों ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट की। बुजुर्ग दंपति ने घाटमपुर थाने पहुंच कर घटना की शिकायत की है। पुलिस घटना की जांच व युवकों से पूछताछ कर रही है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के कुष्मांडा नगर मोहल्ला निवासी हिमांशु मिश्रा पत्नी समरजीत मिश्रा ने घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि वह घर पर खाना बना रही थी। तभी घर पर कार सवार विनीता यादव, छोटू यादव, दिव्यांश यादव निवासी पचखुरा मोहल्ला समेत छह लोग आए। उक्त लोग गालीगलौज करने के साथ घर में तोड़फोड़ करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो सभी ने बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट शुरू कर दी। बुजुर्ग दंपति ने शोर मचाया तो पड़ोसियों की भारी भीड़ जुट गई। भीड़ जुटता देख कार सवार मौके से भाग निकले। वही पड़ोसियों ने चार युवकों को पकड़ लिया है। पुलिस दो युवकों को थाने लाई है। घाटमपुर अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मकान को लेकर विवाद की बात सामने आई है।



अपनी व्यथा बताते बुजुर्ग दंपति।

खेल के मैदान से

धरमगदपुर गांव में राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# रोमांचक मुकाबले में दिल्ली स्पार्टन ने रायबरेली को हराया

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धरमंगदपुर गांव में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें दिल्ली स्पार्टन, दिल्ली प्रियतमपुर, ग्वालियर एलएनआईपी, साई रायबरेली, साई हरियाणा, सैफई हास्टल, प्रयागराज हास्टल,उत्तराखंड यूनिवर्सिटी सहित टीमों ने भाग लिया।जिसमें दिल्ली स्पार्टन टीम ने वालीबॉल प्रतियोगिता में विजेता रही और ग्वालियर उप विजेता टीम रही।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धरमंगदपुर गांव में किसान औद्योगिक इंटर कॉलेज में के कैंपस में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें दिल्ली स्पार्टन व ग्वालियर टीम ने के मध्य फाइनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का मैच खेला गया। जिसमें दिल्ली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी को जीत लिया। यहां पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने पहुंचकर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के दौरान मंत्री राकेश सचान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ भाईचारा भी उत्पन्न होता है। ऐसे आयोजनों के लिए सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। खेलों से युवाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके मनोबल के साथ-साथ भाईचारा भी उत्पन्न होता है। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान रिंकल सचान व किसान औद्योगिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक उदित सिंह एवं डॉ लोकेंद्र सचान मधुलोक नर्सिंग होम, इंजीनियर रवि सचान प्रदेश उपाध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड ,धर्मेंद्र सचान, सत्यवीर सिंह ,अजीत सचान उर्फ पिंटू,सुदामा सचान सेवा निवृत शिक्षक, संजय सचान, इंद्रजीत सचान,चौधरी अंगद सिंह सचान, अंबर सचान,संजय सचान पूर्व चेयरमैन, वरिष्ठ संरक्षक धर्मेंद्र सचान,वॉलीबाल के राष्ट्रीय निर्णायक धीरेंद्र सचान रिंकल सचान,प्रदीप, नीरज सचान , सचिन सचान , सचान ,डा० योगेश सचान आदि मौजूद रहे।





धरमंगदपुर गांव में वालीबाल में टीमों ने दिखाया जोश। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# नाबालिग भी शांतिभंग में कर दिए गए पाबंद

**शिवराजपुर।** बीते 7 नवंबर को क्षेत्र के हरनू गांव निवासी प्रधान पति पप्पू यादव को बेरहमी से मारा गया था जिसमें उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। अब पुलिस ने उन्हीं के नाबालिग पुत्र व परिवार के लोगों को शांति भंग में पाबंद किया है। पाबंद किए गए राघवेंद्र पुत्र प्रहलाद सुमित पुत्र तेज सिंह शिव प्रताप सिंह पुत्र स्व विजय प्रताप सिंह यह तीनों नाबालिग हैं।

जिन्हें शांति भंग में पाबंद किया गया है। इसके अलावा इस परिवार के प्रहलाद पुष्पेंद्र निशू लाल सिंह मोनू आदि भी शांति भंग में पाबंद किए गए हैं। पाबंद किए गए शिव प्रताप के पिता विजय प्रताप सिंह की निर्मम हत्या की गई थी पीड़ित परिवार के लोगों पर ही यह कार्रवाई की गई है जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे।

## सार-संक्षेप

### पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 5 घायल

**बिधनू।** जामू-रमईपुर के रोड पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्सा को काली मंदिर के पास पीछे से टक्कर मार कर भाग गया। जिससे रिक्शा सड़क के किनारे पलट गया जिससे उसमें बैठी सवारी शेर सिंह 29, हरी बाबू, विमल कुमार, गोविंद 24, जय सिंह व चालक राहुल सिंह घायल हो गए। राहगीरों ने डॉयल -112 मौके पर पहुंची। स्थानीय पुलिस व पीआरबी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया । सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार बाजपेई ने बताया पिकअप चालक टक्कर मार के भाग गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे। पिकअप का नंबर नोट कर लिया गया है तलाश की जा रही।

### ससुराल वालों ने बहू को पीट कर घर से निकाला

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा गांव निवासी राघवेंद्र सिंह की पत्नी जया सिंह ने दहेज को लेकर ससुरालीजनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। विवाहिता ने बताया कि अप्रैल 2018 में उसका विवाह हुआ था। विवाह के बाद से ही आए दिन पति, सास, ससुर और देवर दहेज की मांग पूरी न होने की वजह से उसे मारते पीटते हैं। रविवार को पति ने सास संग पीटकर घर से निकल दिया। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि तीन साल पहले ससुर फूलसिंह को रेलवे ने अधिग्रहित हुई जमीन के 14 लाख रुपये दिए थे। जिसके बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### अन्ना पशु कर रहे फसलों को बर्बाद

**बिधनू।** क्षेत्र के किसान अन्ना पशुओं से फसलों को बर्बाद होने से बचाने के लिए परेशान हैं। किसान इसकी शिकायत प्रशासन से करते है लेकिन समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं निकलता है। अन्ना पशुओं से फसल की सुरक्षा करना कठिन है। अपनी फसल को इन आवारा पशुओं से बचाने के लिए किसान कड़ाके की ठंड में खेत पर रखवाली कर रहा है। किसानों की सरसों, चना और गेहूं की फसल मार्च के महीने में पककर तैयार होगी। लेकिन खेतों में अभी फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। सबसे अधिक समस्या उन किसानों को है जिनके खेत सड़क किनारे हैं, क्योंकि आवारा मवेशी रोड पर झुंड बनाकर फसल को चर लेते हैं। खंड विकास अधिकारी रविशंकर प्रधान ने बताया आवारा मवेशियों की जानकारी पर कैटिलकैचिंग दस्ता भेजा जाता है।

# मौसम ने ली करवट, बूंदों व सर्द हवा ने ठिठुराया

## बारिश से गेंहू व अन्य फसलों को काफी फायदा हुआ, आलू और सरसों की फसल के लिये नुकसानदायक

संवाददाता उन्नाव/शुक्लागंज

**अमृत विचार।** पिछले कई दिनों से सर्दी पड़ने के बाद रविवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया और शाम तक कई बार झमाझम बारिश होती रही। जिससे जरूरतमंद लोग ही घरों से निकले। वहीं बारिश होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों में कीचड़ हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं इस समय रबी की फसल तैयार हो रही है। बारिश से फसल को पानी के रुप में अमृत मिल रहा है। जिससे गेंहू की फसल लहलहाने लगी है। वहीं बारिश से आलू और सरसों की फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

रविवार दोपहर मौसम में हुए अचानक परिवर्तन के चलते लोगों को खासी परेशानी का समाना करना पड़ रहा हैं। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाये रहे। सुबह के समय पहले रिमझिम बारिश हुई। जिसके बाद धूप निकल गई। वहीं दोपहर के समय झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद देर शाम भी बारिश होने से सर्दी बढ़ गई। जिससे निचले इलाकों की कच्ची गलियों में पानी भरने से कींचड़ हो गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों में भी बारिश का पानी भर गया। जिससे आने जाने वाले लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं शाम होते ही गलन ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया।

सर्दी बढ़ने से एक बार फिर लोग ठिठुरते हुये घरों को रवाना हुये। इधर बारिश से गेंहू की फसल को मानो अमृत मिल गया हो। बारिश से गेंहू व अन्य फसलों को काफी फायदा हुआ। जिससे रबी की फसल को भारी फायदा हुआ है। चना, अरहर, गोभी, मटर, टमाटर की फसलों को यह पानी फायदेमंद साबित हो रहा है। वहीं आलू और सरसों की फसल के लिये पानी नुकसान पहुंचा सकता है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखने को मिल रही है।


अलाव की आंच से सर्दी दूर करते लोग। अमृत विचार

### फिर आया 'अलाव' में 'ताव'

जनवरी में भीषण सर्दी पड़ने से हर कोई ठिठुर गया था। इधर, कई दिनों से मौसम सामान्य था और सुबह से शाम तक तेज धूप निकलने से लोगों को राहत मिली थी। लेकिन, रविवार को अचानक मौसम बदला और दिन में कई बार बारिश होने से सर्दी बढ़ गई। जिससे लोग एक बार फिर अलाव की आंच लेते नजर आये।

### यह भी समझें

- बीते कुछ दिनों से निकल रही तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा था
- शनिवार रात मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान बादलों से पूरी तरह घिर गया
- रविवार को बारिश के बाद चली सर्द हवा ने लोगों को फिर ठंड का अहसास कराया
- रबी की फसल के लिये अमृत बनकर बरसा पानी, किसानों के चेहरे खिल उठे


नरबीजपुर के खेतों में लहलहाती सरसों की फसल।

### शादी समारोह हुए फीके, भीगते आई बारात

रविवार को सहालग काफी तेज होने के कारण जिले के अधिकांश गेस्ट हाउसों में बारातें थीं। जिस कारण लोग बारातों में शामिल होने पहुंचे थे। शाम से रात तक रुक-रुककर बारिश होने के कारण लोग भीगते हुये शादियों में शामिल होने पहुंचे। वहीं, बारात में शामिल बाराती भी भीगते हुए पहुंचे।

# कटने जा रहे भैंसों से लदे पिकअप को पुलिस ने पकड़ा

**उन्नाव।** आसीवन पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर दो लोडरों में भरकर स्लाटर हाउस ले जाए जा रहे 10 भैंसों को बरामद किया। वाहनों के चालकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

शनिवार देररात आसीवन पुलिस वाहन चेकिंग में जुटी थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि भैंसों से भरे दो लोडर हरदोई के संडीला कस्बे से आसीवन के हैदराबाद कस्बा से निकल रहे हैं। इनमें दुधारू पशु भी हैं। इन्हें दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक स्लाटर हाउस ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मकबूल खेड़ा पेट्रोलपंप के पास दो लोडरों को रोककर जांच की तो 10 भैंसें भूसे की तरह भरी मिली। पुलिस ने मुनेंद्र पाल पुत्र रामचंद्र पाल निवासी गांव रसूलपुर थाना संडीला हरदोई, मो. आसिफ निवासी ऊपरी महतवाना कस्बा व थाना संडीला हरदोई के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट भेजा।

# युवक की हत्या के खुलासे में जुटी पुलिस को मिले सुराग

अमृत विचार फालोअप

- सीसीटीवी फुटेज में शराब ठेके पर जाते दिखे संदिग्धों से शुरू हुई पूछताछ

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के नयनसुख खेड़ा गांव निवासी युवक की वजनदार वस्तु से कूच कर हत्या की गई थी। शुक्रवार सुबह उसका अर्धनग्न शव लहूलूहान हालत में बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मल्हपुर-सकरौली मार्ग पड़ा मिला था। दिवंगत युवक के भाई ने उसके साथी पर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने पड़ोसी गांव माढ़ापुर की एक बायो डीजल की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाली तो आरोपी के साथ गुरुवार शाम को तीन युवक देखे गए। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव सकरौली के मजरा नयनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर (28) की निर्मम हत्या बीती गुरुवार रात हुई थी। उसका शव बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्हपुर से 200 मीटर दूर गांव सकरौली मार्ग किनारे फेंका गया था। बड़े भाई विमल किशोर ने युवक के साथी वीरेंद्र निवासी गांव सकरौली के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। एएसपी प्रेम चंद व सीओ अरविंद कुमार ने तीन निरीक्षकों के नेतृत्व में टीमें गठित कर घटना का खुलासा करने निर्देश दिए थे। रविवार को पुलिस ने पड़ोसी गांव माढ़ापुर स्थित अब्दुल वहीद की बॉयोडीजल की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। जिसमें घटना के पहले शाम को वीरेंद्र के साथ तीन युवक शराब ठेके की ओर जाते दिखे। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। नामजद वीरेंद्र की तलाश हो रही है।

# नवजात से हुई थी निर्ममता, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर की दो हड्डियां मिली टूटी

अमृत विचार फालोअप

- शनिवार सुबह कांशीराम कालोनी के पास मिला था नवजात बच्ची का शव
- दूर से फेंक जाने से सिर में चोटें आने का लगाया जा रहा है अनुमान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी के पास पड़ी मिली अज्ञात नवजात बच्ची के शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें उसके साथ निर्ममता होने के साक्ष्य मिले हैं। सूत्र बताते हैं कि नवजात के सिर की दो हड्डियां टूटी मिली हैं। इससे उसकी हत्या किए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि आशंका यह भी है कि उसे दूर से फेंका गया हो जिससे उसके सिर की हड्डियां टूट गई हों।

बता दें कि बीते शनिवार कांशीराम कालोनी के पास सुबह करीब 11 बजे एक नवजात को पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। कूड़ा उठाने गए एक व्यक्ति की नजर सबसे पहले उस पर पड़ी थी। सूचना पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। जानकारी होने पर कांशीराम चौकी पुलिस पहुंची और नवजात के जीवित होने की शंका से पास के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां मौजूद डा. सुजीत कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव के पहचान कराने के प्रयास किये लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया था। रविवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। सूत्र बताते हैं कि शव के परिक्षण में नवजात के सिर की दो हड्डियां टूटी मिली हैं। जिससे मौत होने की बात सामने आई है। इससे उसकी हत्या की आशंका भी जताई गई। वहीं लोगो में चर्चा रही कि किसी निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद नवजात को लोकलाज के डर से फेंका गया है। जिसमें उसके सिर की हड्डियां टूट गई हैं।

### नर्सिंगहोम्स में इलाज के नाम पर हो रहा मासूमों का कत्ल

निजी अस्पतालों व जांच केंद्रो की मनमानी वैसे भी जगजाहिर है। इनमें अवैध रूप से भ्रूण जांच व गर्भपात के खेल तो खुलेआम होते हैं। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सरपरस्ती होने से इन पर सिर्फ दिखावे के लिए कार्रवाई होती है। कुछ दिनों में फिर से इनका संचालन शुरू हो जाता है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस सक्रियता से जांच करे तो नवजात की मौत का सच सामने आ जाएगा।

# फीडर एक की लाइन ब्रेक होने से 12 घंटे गुल रही बिजली

- बारिश होने से पोल में उतरा करंट कई लोग बचे
- बिजली कर्मियों ने काफी देर मशक्कत कर मरम्मत की

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


**अमृत विचार।** रविवार को विद्युत आपूर्ति शुरू होने के दौरान फीडर एक की लाइन अचानक ब्रेक हो गई। जिसके चलते फीडर एक से जुड़े मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। फॉल्ट मिलने पर उसकी मरम्मत की गई। इस दौरान सुबह से शाम तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। वहीं ऋषि नगर में एलटी लाइन टूटने से आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं, चम्पा पूरवा में एक विद्युत पोल में करंट उतरने से कई लोग इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे।

रविवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे फीडर एक की लाइन अचानक ब्रेक हो गई। जिससे गोकुल बाबा विद्युत सब स्टेशन में आपूर्ति शुरू करते समय बार-बार लाइन ट्रिप हो रही थी। जिसकी जानकारी विद्युत कर्मियों को दी गई। सूचना पर कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। जिसके बाद नगर के गायत्री नगर, अंबिकापुरम, भातू फॉर्म आदि मोहल्लों में फॉल्ट ढूंढी गई। देरशाम फाल्ट मिलने पर कर्मियों ने उसकी मरम्मत की। शाम करीब 7 बजे क्षेत्र की आपूर्ति शुरू हो सकी। इस दौरान बिजली न आने से रविवार को छुट्टी होने से लोग खासे परेशान रहे। इसी तरह ऋषि नगर मोहल्ले में एलटी लाइन सुबह 8 बजे टूट गई। आपूर्ति शुरू होने के कारण कई लोग इसकी चपेट में आने से बचे। सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बिजली कर्मियों ने काफी देर मशक्कत कर मरम्मत की। जिसके बाद आपूर्ति शुरू हो सकी। तब लोगों को राहत मिली।


चम्पा पुरवा में पोल में उतरे करंट की मरम्मत करता कर्मी।

### बारिश होने से पोल में उतरा करंट

रविवार को बारिश होने के कारण चम्पा पुरवा मोहल्ले में लगे एक विद्युत पोल में करंट उतर आया। जिससे वहां से गुजर रहे लोग इसकी चपेट में आने से बचे। करंट उतरने की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने उसकी मरम्मत की।


ऋषि नगर में मरम्मत कर करते कर्मचारी। अमृत विचार

# शव की शिनाख्त न होने पर कई थानों को भेजी गश्ती

- बैराज मार्ग के किनारे युवक का का शव मिला था

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग के किनारे गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। इधर शिनाख्त न होने पर पुलिस ने घटना के समय आस पास कितने मोबाइल एक्टिव थे। इस पर भी जांच कर रही हैं। पुलिस ने आस पास के गई थानों में गश्ती भेजी है।

1 फरवरी को बैराज मार्ग के किनारे एक अज्ञात 45 वर्षीय युवक का का शव मिला था। सीओ सिटी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। इधर शव को मर्च्युरी में रखवाया गया था। चार दिन बीतने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जिस पर पुलिस पहचान कराने के लिये बराबर प्रयास कर रही है। गंगाघाट पुलिस ने आस पास के जिलों के कई थानों में गश्ती भेजी है। मृतक की हुलिया के अनुसार यदि किसी थाने में गुमशुदगी दर्ज होगी तो उसके आधार पर भी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही घटना के समय आस पास एक्टिव बीटीएस में 10 हजार मोबाइल नंबरों की तलाश करके भी शिनाख्त कराने में जुटी है।

# अब घरों में नहीं दुकानों से बांटना होगा राशन

**नवाबगंज उन्नाव ।** अब राशन दुकानदारों को अपने घरों से राशन बांटने के बजाय दुकानों पर बांटना होगा। इसके लिये मनरेगा योजना से विकास खंड की 5 ग्राम पंचायतों में दुकानें बनाई जा रही हैं।

विकासखंड की पांच ग्राम पंचायतों में भौली, कुशहरी, जैतीपुर, भितरेपार व अजगैन में राशन दुकानें बनाई जा रही हैं। इन दुकानों में गोदाम के साथ एक बरामदा होगा। जहां नियमित राशन बांटना है। इसके बाद राशन दुकानदार अपने घर पर राशन नही बांट सकेंगे। जिससे जो लोग गांव में राशन दुकानदार के यहां नहीं जाना चाहते हैं उन्हें भी राशन मिल सकेगा।

# ग्राम प्रहरियों को कोतवाल ने दी किट

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने गावों की (प्रहरी चौकीदारी) करने वालों को किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें उनके कर्तव्यों का पालन करने को भी कहा गया।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को कोतवाली परिसर में 28 ग्राम प्रहरी (चौकीदारों) को कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने जूता, साफा, सीटी, कोट व जर्सी देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर नन्हा, मोहन, बैजनाथ, देशराज आदि ग्राम प्रहरी चौकीदारों को किट दी गई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में 40 ग्राम प्रहरी चौकीदार हैं। जिसमें आज 28 को ड्रेस किट देकर सम्मानित किया गया है। बाकी बचे प्रहरियों को बाद में किट दी जाएगी। इस दौरान कोतवाली में तैनात दरोगा जय नारायण मिश्रा, सियाराम चौरसिया व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



ग्राम प्रहरी चौकीदारों को ड्रेस किट देते कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह।

- उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया

# आरओबी परिसर से चोरी हो रहा लोहा, सुरक्षा गार्ड बेखबर

- लाखों का लोहा लोडर में भरकर भाग निकले चोर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास आरओबी परिसर में लोहा डंप है। जिसकी देखरेख के लिये कार्यदायी संस्था ने सुरक्षा गार्डों को रखा है। रविवार को गार्ड ताश के पत्ते खेल रहे थे। इस दौरान लोडर से कुछ लोग पहुंचे और लाखों का लोहा लोडर में भरकर भाग निकले। इसकी भनक सुरक्षा गार्डों को नहीं लगी।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का काम कराया जा रहा था। इधर कार्यदायी संस्था ने किसी कारणों के चलते काम बंद कर दिया है। जिस कारण आरओबी परिसर में निर्माण सामग्री, पिलर के गार्डर, फर्मा, सरिया, लोहे के जाल के अलावा तमाम प्रकार का लोहा परिसर में डंप है। जिसकी देखरेख के लिये कार्यदायी संस्था ने सुरक्षा गार्डों को लगा रखा है। रविवार दोपहर एक लोडर से कुछ लोग आये और लोहे की सामग्री लोडर में लादकर भाग निकले। सुरक्षा गार्डों को चोरी की भनक तक नहीं लगी। इस बावत परियोजना प्रबंधक वीके सेन ने कहा कि लोहा चोरी का मामला संज्ञान में आया है।

खुशी के पल | मंगलगीतों के साथ सभी जोड़ों को खुशी-खुशी किया विदा

# 29 जोड़े फिर साथ-साथ चले

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आपसी मनमुटाव के बाद थानों तक पहुंचे पति-पत्नियों के विवाद को समझौते से निस्तारित कराने के लिए जारी मुहिम के तहत रविवार को परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क में जोड़ों को बुलाया गया। दंपतियों व उनके परिजनों की काउंसिलिंग के बाद 29 जोड़े गिले-शिकवे भूलकर फिर साथ रहने को राजी हुए। इसके बाद उन्हें मंगल गीतों के बीच विदा किया गया।

पति-पत्नी के बीच आई दरार मिटाने के लिए एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइंस परिसर में परिवार परामर्श केंद्र व थाना-कोतवाली की महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आपस में वार्ता कराई गई। इसके बाद महिला थाना से सात, परिवार परामर्श केंद्र से पांच, पुरवा व सोहरामऊ से तीन-तीन, बांगरमऊ, गंगाघाट, अचलगंज व बेहटामुजावर से दो-दो, हसनगंज, माखी व अजगैन से एक-एक जोड़े के विवाद भुला कर फिर एक साथ रहने को राजी हो गए। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में राजेंद्र सिंह सेंगर, डा. एस के पांडेय, डा. शशिरंजना अग्निहोत्री, साबिहा उमर का विशेष योगदान रहा। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए जोड़ों को जीवन भर साथ रहने हेतु मंगल गीत गाकर विदा किया गया।


जोड़े की विदाई करते पुलिसकर्मी व परामर्शदाता। अमृत विचार

- एसपी द्वारा जोड़ों के विवादों को समझौते से निस्तारित कराने की चल रही मुहिम

# समाचार पत्र विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** समाचार पत्र विक्रेता संघ उन्नाव द्वारा रविवार को नव निर्वाचित समाचार पत्र विक्रेता संघ के सदस्यों व पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य निर्वहन हेतु शपथ ग्रहण कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमे संघ के संरक्षक मंडल के सदस्य धीरेंद्र प्रताप तिवारी, राजेंद्र कुमार, मुन्ना अवस्थी, अश्विनी निगम द्वारा नव निर्वाचित टीम को शपय दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने वालों में विष्णु गुप्ता अध्यक्ष, ज्ञान शंकर उपाध्यक्ष, अतुल कुमार महामंत्री, शिव प्रकाश उप महामंत्री, अरविन्द शुक्ला संयुक्त मंत्री, विनय कुमार कोपाध्यक्ष, जितेंद्र कुशवाहा उप कोषाध्यक्ष व विकास ने मीडिया प्रभारी पद की शपथ ली। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक मंडल सदस्यों द्वारा बधाई दी गई। विक्रेता संघ के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने कहा कि वे संघ के सदस्यों के हितों के लिये हमेशा तत्पर रहेंगे।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद नव निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# रेडीमेड की दुकान व दो घरों पर चोरों का धावा, लाखों का सामान ले गए

- हसनगंज कस्बे में गारमेंट्स दुकान व एक गांव में दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग हुई चोरी की वारदातों में चोरों ने नगदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया। हसनगंज कस्बा में एक गारमेंट्स की दुकान में कुंडी तोड़कर घुसे चोरों ने नगदी समेत चांदी व तांबे के सिक्के पार कर दिए। वहीं, क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव में दो घरों को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों का सामान पार कर दिया।

हसनगंज कस्बा निवासी अंकित गुप्ता पुत्र श्रवण की घर से कुछ दूर श्रवण गारमेंट्स के नाम से दुकान है। शनिवार शाम वह रोज की तरह दुकान बंदकर घर आ गया था। रात में चोरों ने दुकान के पीछे से दरवाजे की कुंडी तोड़कर दुकान में रखी गोलक से 90 हजार रुपए नगद, चादी के 20 और तांबे के करीब ढाई किलो वजन के सिक्के पार कर दिये। सुबह दुकान पहुंचे व्यापारी को चोरी की जानकारी हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। इस सूचना पर हसनगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता पदाधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचे और चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग की।

वहीं अन्य घटनाओं में हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव निवासी रामेश्वर पुत्र पीतांबर सिंह के सूने घर में पीछे की दीवार से घर में दाखिल हुए चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर नगदी व एक जोड़ी झुमका और पायल पार कर दिये। इसके बाद चोर यहां से करीब 100 मीटर दूर गंगाराम के घर पहुंचे। वह परिवार के साथ मुंबई में रहकर लांड्री का काम करता है। चोर उसके घर में घुसे और कमरे का ताला तोड़कर बर्तन व कपड़े चोरी कर ले गए। एसएचओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की जांच की जा रही है।


गोरमेंट शॉप में चोरों द्वारा तोड़ी गोलक व फैला पड़ा सामान।

# लाखों देख डोल गया ड्राइवर का मन, बना डाली लूट की योजना

## लोडर चालक ने शनिवार देररात साथी को दी थी कैशियर के पास रुपये होने की जानकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बैट्रा बनाने वाली फैक्ट्री का माल उतारने के बाद तगादे के चार लाख रुपये लेकर लोडर से लौटते समय सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्तीनगर में शनिवार देररात बाइक से आए बदमाश कैशियर की आंख में सब्जी मसाला झोंककर रुपए से भरा बैग छीनकर भाग निकला। कैशियर की सूचना पर रात में पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस के साथ सीओ मौके पर पहुंचे और चालक व कैशियर से घटना की जानकारी ली। चालक पर शक हुआ तो पुलिस उसे कोतवाली लाई। जिसके बाद पूछताछ में उसने सच उगल दिया। पुलिस व स्वाट टीम ने लूट करने वाले चालक के साथी को पकड़ा। बताते हैं कि उससे तीन लाख रुपये भी बरामद कर लिये गए हैं। शेष



- आंख में सब्जी मसाला झोंक कर कैशियर से लूटे चार लाख, पुलिस ने 3 लाख किये बरामद

रकम की बरामदगी के लिए पुलिस जुटी है। हालांकि आधिकारिक रूप से पुलिस अभी भी जांच की बात कह रही है।

दही औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में बैट्रा बनाए जाते हैं। यहां से अक्सर माल लोडर से शाहजहांपुर जिले की दुकानों में भेजा जाता है। शनिवार को फैक्ट्री के लोडर से माल शाहजहांपुर भेजा गया था। लोडर चालक मनोज पुत्र पंचम निवासी रावतपुर सुदेशा थाना माखी के साथ फैक्ट्री का कैशियर उमेश उर्फ वीरेंद्र निवासी बीघापुर भी गया था। शाहजहांपुर में माल उतारने के बाद बिक्री का चार लाख रुपये कैशियर ने बैग में रख लिया। वहां से खराब माल लोडकर चालक व कैशियर फैक्ट्री के लिए निकले थे। बैग में चार लाख रुपये देख चालक की नीयत खराब हो गई। उसने अपने मित्र संजय निवासी बछरावां जिला रायबरेली के साथ मिलकर लूट की योजना बना डाली। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सदर कोतवाली अंतर्गत हिंदूखेड़ा-सिंघूपुर मोड़ के पास देररात करीब एक बजे चालक ने जान बूझकर लोडर बंद कर दिया और कैशियर को बोनट उठाने के लिए भेज दिया। वह उतरकर बोनट खोल ही रहा था कि पीछे बाइक से आए चालक के मित्र ने उसकी आंख में सब्जी मशाला झोंक दिया और बैग छीनकर भाग निकला। कैशियर की सूचना पर पीआरवी पहुंची और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। चार लाख की लूट की जानकारी पर पुलिस अफसरों के होश उड़ गए। कैशियर व चालक से पूछताछ हुई तो चालक टूट गया और उसने लालच में रची गई साजिश का सच उगल दिया। अफसरों के निर्देश पर पुलिस के साथ स्वाट ने रात में ही रायबरेली में दबिश देकर बैग लूटकर भागे चालक के मित्र को पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने तीन लाख रुपये बरामद भी कर लिये हैं। लुटेरे ने बताया कि बैग लूटने के बाद उसकी चेन में रखे तीन लाख रुपये निकालकर उसने बैग फेंक दिया था। कैशियर ने बताया कि उसने दूसरी चेन में एक लाख रुपये रखे थे। लुटेरे के साथ पुलिस बैग की तलाश कर एक लाख रुपये बरामद करने की कोशिश कर रही है। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी भी मामले की जांच चलने की बात कह कुछ भी बताने से बच रहे।

## एसडीएम व सीओ ने मातहतों संग की बैठक, दिए निर्देश

**पुरवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम रनवीर सिंह ने सीओ सोनम सिंह के साथ तहसील क्षेत्र के पुरवा, असोहा, मौरावां, बीघापुर व सोहरामऊ थानाध्यक्षों के साथ बैठक की।

इसमें एसडीएम ने सभी को निर्देशित किया कि संवेदनशील, अति संवेदनशील व क्रिटिकल बूथों की मैपिंग कर बूथों पर आने-जाने वाले रास्तों को भली भांति देख लें। जिससे समय रहते वहां आना-जाना हो सके और वहां की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए। कहा कि शराब की अवैध बिक्री के संबंध में समिति गठित कर क्षेत्र में छापेमारी कर इसमें लिप्त लोगों पर कार्यवाही की जाय।

थानावार शस्त्र लाइसेंस धारकों की सूची बनाकर उनका सत्यापन कर उन्हें जमा कराएं। शस्त्र दुकानों का समय पर औचक निरीक्षण करें। हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर, गुंडाएक्ट से संबंधित व्यक्तियों की सूची उपलब्ध करा दें। ऐसे लोगों पर नजर रखते हुए शांत व्यवस्था बनाना सुनिश्चित करें।

# पोकलैंड मशीन लदा ट्राला हाइटगेज में फंसा, रोकनी पड़ी राप्तीसागर एक्सप्रेस

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर कानपुर से उन्नाव की ओर पोकलैंड मशीन लादकर जा रहा एक ट्राला बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के हाइटगेज में फंस गया। जिससे भीषण जाम लग गया। इसी बीच अप लाइन पर राप्ती सागर आ गई। वाहन फंसे होने के कारण आउटर पर रूक रही। किसी तरह वाहनों को हटाकर क्रासिंग बंद की गई। जिसके बाद कानपुर की ओर ट्रेन रवाना हो सकी। वहीं बैराज मार्ग पर राहगीरों को घंटों जाम से जूझना पड़ा।

रविवार दोपहर ट्राला से पोकलैंड मशीन बैराज मार्ग होते हुये कानपुर से उन्नाव की ओर जा रही थी। पोकलैंड मशीन लदी होने के कारण सरैयां रेलवे क्रासिंग के बैराज की ओर हाइटगेज में फंस गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यह देख गेटमैन दौड़ार और ट्राला चालक को फटकार लगाई।



हाइटगेज में फंसी पोकलैंड मशीन। अमृत विचार



राप्ती सागर को झंडी दिखाकर रवाना करता गेटमैन। अमृत विचार

इसी बीच लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही राप्ती सागर एक्सप्रेस 1:20 बजे अप लाइन पर आ गई। गेट न बंद होने के कारण चालक ने आउटर पर ट्रेन रोक दी। गेटमैन ने वाहनों को क्रासिंग से निकालने के बाद गेटबूम बंद किया। जिसके बाद 1:32 बजे राप्ती सागर कानपुर की ओर रवाना हो सकी। वहीं गेटमैन ने ट्राला चालक को वापस कानपुर भेज दिया। इस दौरान करीब दो घंटे तक बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे तमाम वीआईपी भी फंसे रहे।

# स्वास्थ्य मेले में 65 मरीजों का परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर बैठे रहे। 12 बजे के बाद मरीज पहुंचे। मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान, डा. शिप्रा झा, डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 65 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार देवरानी जेठानी घायल

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव कांथा निवासी राजेश पुत्र महावीर रविवार सुबह बाइक से अपनी मां सुमन व चाची सुमन को लेकर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के जोगासरांय जा रहा था। रास्ते में असोहा-भल्ला फार्म मार्ग स्थित जंगलीखेड़ा के पास सामने से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें देवरानी-जेठानी को गंभीर चोटें आ गईं। परिजन उन्हें असोहा सीएचसी ले गये। जहां डाक्टर ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गये। राजेश ने थाने में तहरीर दी है। एसओ राज बहादुर ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# प्रयोगात्मक परीक्षाओं में बेमकसद है कंट्रोल रूम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में इस समय हो रहीं प्रयोगात्मक परीक्षाएं शासन की मंशा के अनुरूप नहीं कराई जा रही हैं। शासन के निर्देश हैं कि प्रयोगात्मक परीक्षा नकलविहीन होना चाहिए। कंट्रोल रूम से निगरानी की जाए लेकिन जीआईसी में बनाए गए कंट्रोल रूम के कंप्यूटर परीक्षा अवधि में बंद ही दिखाई पड़ते हैं।

प्रयोगात्मक परीक्षा में अव्यवस्थाएं हावी हैं। इसके अलावा प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर शासन की मंशा की घोर अवहेलना की जा रही है। कई विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षा को कराने को लेकर परीक्षक नहीं पहुंच रहे हैं। राजकीय इंटर कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा पर निगरानी को बने कंट्रोल रूम में रखे गए कंप्यूटर परीक्षा के वक्त निगरानी करते कोई नजर नहीं आया।

### 195 केंद्रों पर होनी हैं प्रयोगिक परीक्षाएं

जिले के 195 परीक्षा केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा होना है। कंट्रोल रूम में सही से निगरानी हो तो किस परीक्षा केंद्र पर प्रयोगात्मक परीक्षा हो रही है पता लगाना आसान रहे और निगरानी भी होती रहे। ऐसे में प्रयोगिक परीक्षाएं कितनी शुचितापूर्ण हो रही हैं, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### कुंभीपुर के बच्चों ने प्रदेश की राजधानी में लहराया परचम

**खागा फतेहपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्भीपुर के बच्चों ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। अनुदेशक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के डायरेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल महाराष्ट्र रमेश बैस ने बेसिक शिक्षा विभाग फतेहपुर की सराहना की। लखनऊ में आयोजित लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्भीपुर हथगाम बच्चों द्वारा बरदौली किसान आन्दोलन नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई। जिसे देखकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे राज्यपाल एवं तमाम राज्यों से आए विभिन्न विभागों के मंत्रियों और आधिकारियों ने प्रशंसा की। शालिनी पांडेय, पवन कुमार, पुष्पराज, सपना देवी, अभिषेक, अन्जली देवी, अरुण, शनि, सत्यम, नितिन, साजन आदि बच्चों ने महेन्द्र सिंह एवं राहुल के नेतृत्व में किया। विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति पर पिछले दिनों राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ की सदस्य भी सराहना कर चुकी हैं।

### भूमि विवाद में चली लाठियां, एक गंभीर

**जाफरगंज।** जमीनी विवाद को लेकर शनिवार को दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा है। थाना क्षेत्र के उमरिहा गांव निवासी अंगद ने शनिवार को पुलिस को दी तहरीर में कहाकि शनिवार को गांव के ही अरिमरदन सिंह, विजय सिंह, राजा सिंह उसके खेत में खड़ी सरसों की फसल कटवा रहे थे। मना करने पर उसे व उसके बेटे ऋषि के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। वहीं दूसरे पक्ष के अरिमर्दन सिंह ने आरोप लगाया है कि वह ट्रैक्टर से जा रहा था। तभी रास्ते में घात लगाकर अंगद व उसका पुत्र ऋषि कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। जिससे काफी चोटें आईं है।

# मौरावां थाने के पीछे अवैध निर्माण, पुलिस ने रुकवाया

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थाना के पीछे बने किले के पास अवैध रूप से कराए जा रहे भवन निर्माण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण रुकवा दिया। पुलिस के अनुसार, सोमवार को लेखपाल द्वारा पैमाईश कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मौरावां में मोरध्वज किले पर बने मौरावां थाना के पीछे व अगल-बगल पड़ी जमीन पर रविवार को भवन निर्माण कराया जा रहा था। थाना की जमीन होने की आशंका के चलते रविवार को वहां पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। हालांकि निर्माण करा रहे व्यक्ति ने इसे दान की जमीन बताते हुए अपने पास कागजात होने का हवाला दिया। इस पर पुलिस ने सोमवार को लेखपाल द्वारा जांच करने तक काम बंद करा दिया। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। कुछ लोगों द्वारा मौरावां थाना के पास पड़ी जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसकी जानकारी की गई तो संबंधित व्यक्ति कोई अभिलेख नहीं पाया गया है। राजस्व विभाग से जांच कराई जाएगी।



पुलिस द्वारा रुकवाया गया निर्माण।

## आज से शुरू होगा चार दिवसीय आर्य महासम्मेलन

**बांगरमऊ।** स्थानीय आर्यनगर की आर्य समाज इकाई के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला कस्बा टोला स्थित आर्य समाज मंदिर व महर्षि दयानंद बाल विद्यालय के संयुक्त प्रांगण में आगामी 5 से 8 फरवरी तक चार दिवसीय 51वां आर्य महासम्मेलन आयोजित किया गया है। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आयोजित महासम्मेलन में आगरा से यज्ञ ब्रह्मा पं. हरिशंकर अग्निहोत्री व बिजनौर से भजन संगीतज्ञ पं. मोहित शास्त्री व जयपुर राजस्थान से भजनोपदेशिका ज्योति आर्या भाग लेंगी। आर्य समाज प्रधान शिवदेवी आर्या व मंत्री ऊषा देवी आर्या ने नगर व क्षेत्र के लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील की।



श्रीमद् देवी महापुराण शुरू होने के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा। अमृत विचार

# दुर्गा मंदिर में श्रीमद् देवी महापुराण शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के पोनी रोड स्थित श्रीराधा-कृष्ण दुर्गा मंदिर में श्रीमद देवी महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। जहां पहले दिन मंदिर ध्वज पूजन के बाद महिलाएं व पुरुष सिर पर कलश रखकर गंगातट पहुंचे। कलश स्थापना के बाद व्यास ने कथा का बखान किया।

कलश स्थापना के बाद कथा व्यास पं. शिवकुमार दीक्षित ने शिव महापुराण के बारे में बताया कि यदि मनुष्य इस कथा का श्रवण करता है तो महादेव उसके सारे कष्ट हरकर कल्याण करते हैं। इसलिए पुराण का एक या आधा श्लोक हर मनुष्य को नियमित करना चाहिए। क्योंकि शिव ही आदि हैं और अनंत हैं। कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा गाये भजन सुन भक्त भावविभोर हो गये। इस दौरान कमल दोसर, मीना दोसर, संजय तिवारी, प्रसून दोसर, शिल्पी गुप्ता, माधुरी गुप्ता, लक्ष्मी. आशा वर्मा, आनंद रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# शादी वाले घर में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

संवाददाता असोथर फतेहपुर

- गैस सिलेंडर में लीकेज होने के चलते लगी आग
- आग बुझाने में घर की दो बेटियां भी झुलसीं, इलाज जारी

**अमृत विचार।** शादी वाले एक घर में खाना पकाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज होने के चलते आग लग गई। जब तक ग्रामीण मिलकर आग पर काबू पाते तब तक आग से हजारों की नकदी और लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था। मामले की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर आग से हुए नुकसान का मौका मुआयना कर रिपोर्ट भेजी है।

थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन गांव में रामदास की लड़की पिंकी की शादी पांच दिन पूर्व हुई थी। जिसकी रविवार को चौथी तुराबअली के पुरवा शहर से पिता लेकर आए थे। घर में रिश्तेदारों की संख्या काफी थी। छत के ऊपर छप्पर डालकर परिवार की महिलाएं खाना पका रही थीं। तभी गैस सिलेंडर का पाइप लीकेज हो गया और आग लग गई। ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग लगने से हजारों रुपये की नकदी सहित जेवर व कपड़े, खाने-पीने का सामान, गृहस्थी का ज्यादातर सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी से करीब सवा लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में रामदास की बड़ी बेटी विजेता व पिंकी झुलस गई है।

मनाया उत्सव | नगर के अलावा अन्य राज्यों से भक्त सत्संग में शामिल होने पहुंचे, संगीतांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

# श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के जन्मोत्सव पर झूमे भक्त



जन्मोत्सव पर उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार



ठाकुर जी का सजाया गया दरबार। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र चक्रवर्ती देवघर झारखंड का 135वां जन्मोत्सव सत्संग अधिवेशन केन्द्र शक्ति नगर के तत्वावधान में मनाया गया। जहां नगर के अलावा अन्य राज्यों से भक्त सत्संग में शामिल होने पहुंचे। जहां भजन एवं संगीतांजलि के दौरान भक्त झूम उठे।

रविवार को राजधानी मार्ग स्थित भागीरथ लॉन में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र चक्रवर्ती का 136वां जन्मोत्सव मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद मांगलिक पाठ, उसके बाद प्रार्थना, संगीतांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सत्संग आदि कार्यक्रम हुये। इस दौरान आजमगढ़ से आये के एम अस्थाना ने कहा कि ठाकुर जी ने कहा है कि जब तक मनुष्य सदगुरू के शरण में नहीं होता। तब तक उसका कल्याण नहीं हो सकता है। सत्संग से ही ज्ञान का अर्जन होता है। सतनाम एवं सत्संग का आश्रय ग्रहण नहीं करता, उनका विवेक जागृत नहीं होता है। निष्ठा और भक्ति भी नहीं आती है। गोरखपुर के एसपी श्रीप्रकाश झा ने कहा कि सत्संग से धर्म और ज्ञान का मार्ग दर्शन होता है। ठाकुर जी ने सभी को यही संदेश दिया है। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। कार्यक्रम में लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर, बनारस, फतेहपुर आदि दूर दराज के भक्तों ने सत्संग का आनंद उठाया। इस दौरान कृति कुमार गांगुली, डा. दीपांकर, विनय समददार, हिरण्यमय चक्रवती, सुनील राय, रामजी शुक्ला, कृति कुमार, चेयरमैन कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, सोनू बाजपेई, अरुण वर्मा, गोलू यादव, अशोक सविता, सुरेन्द्र वर्मा, अरूण दीक्षित, दुर्गेश तिवारी, योगेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# दयानंद के अभिनंदन वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं दिखाई प्रतिभा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में रविवार को अभिनंदन वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुये सांस्कृतिक, देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसे देख मौजूद अभिभावकों ने खूब तालिया बजाई।

दयानंद के अभिनंदन शीर्षक वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता व शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद छात्राओं ने गणेश व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान बच्चों ने लोकगीत, झांसी की रानी, नृत्य नाटिका, यूनिटी एक्ट, होली ईद सॉन्ग, लुक छुप ना जाओ जी, भूमरो भूमरो, सुनो केसरी के लाल, हम काले हैं तो क्या हुआ, मेरा जूता है जापानी, छोटे बच्चों की प्रस्तुति चांद से प्यारी दादी मां, लुक छुप ना जाओ जी कल्चरल डांस और आर्मी एक्ट का बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान वार्षिकोत्सव में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्य सुधा तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर व्यवस्थापक अभिषेक तिवारी, विक्रांत तिवारी, सुधीर सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।




आर्मी एक्ट प्रस्तुत करते दयानंद के बच्चे। अमृत विचार

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

# देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साइटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साईटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विजुएल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।



पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्माम में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडर्ड्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

## प्रसंगवश

# लोक की शक्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी,लोक ने लड़ी,लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की,लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था,किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई,देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे,वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा,उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था,सो हुआ,जो कुछ हुआ और हो रहा है,वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है,जो तभी से चलती रही है।

वह विचार समूह,जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं,खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

# साइबर क्राइम: बड़े धोखे हैं इस राह में



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया,लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है,उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है,तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं,लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है,कोई बच्चे का वीडियो डालता है,लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है,क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है,बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

## सोशल फोरम

# बात बात में बात



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत,दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया।

-फेसबुक वॉल से

# बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत



संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह,वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है,पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान,कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है,जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है,उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं,जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है,पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई,जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है,वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।

असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं,हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं,उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे,एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई,पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे,पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है,लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं,क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना,रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

# कौशल को निखारने की आवश्यकता



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां,रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश)के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है,जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

# राम नाम का जयकारा लगाने वाले को धमकाया

## राम के विरोधी दिखे सपा के घोषित लोकसभा प्रत्याशी नवल किशोर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की ओर से घोषित लोकसभा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य ने सभा के दौरान राम का नाम लेने पर एक व्यक्ति को न सिर्फ धमकाया बल्कि उसे बाहर भी निकाल दिया। इससे उनके मन में छिपी प्रभु श्री राम के प्रति नफरत खुलकर सामने आ गई है।

हुआ यूं कि नवल किशोर शाक्य कंपिल में एक सभा कर रहे थे। इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध एक सपा कार्यकर्ता कविता पाठ कर रहा था। इसी दौरान सभा मे मौजूद एक युवक ने जय श्री राम का नारा लगा दिया। जय श्री राम का नाम सुनते ही नवल किशोर शाक्य का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने अपने गनर को राम का जयकारा लगाने वाले को सभा से बाहर फेंकने का आदेश दे दिया। आदेश मिलते ही गनर बुझे मन से जय श्री राम का नारा देने वाले को सभा से बाहर करने लगा। उनके अन्य हथियारबंद गुर्गे भी राम नाम का नारा देने वाले के पास पहुंच गए और उसे तरह-तरह की धमकियां देकर सभा से बाहर कर दिया। इससे पहले भी नवल किशोर पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के ऊपर चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं जिससे अन्य जातियां सपा से किनारा क़रतीं नजर आ रही हैं।



कंपिल में सपा की सभा के दौरान काव्यपाठ करता कार्यकर्ता। अमृत विचार

- गनर को दिए व्यक्ति को बाहर फेंकने के आदेश
- हथियारबंद गुर्गों ने व्यक्ति को किया सभा से बाहर

समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बताया कि उन्हें अभी नवल किशोर शाक्य ने फोन करके बताया कि डिजिटल पर चली अमृत विचार की खबर की खबर को मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ट्यूईट किया है। वह अब उस वीडियो को सुनने जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव का कहना है कि नवल किशोर सबल उम्मीदवार हैं इस वजह से भाजपाई बौखला गए हैं। भाजपा के लोग समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी से डरे हुए हैं। इस वजह वह कोई न कोई नया बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं।

# राम का जयकारा लगाने वाले को बाहर निकालने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सपा प्रत्याशी की सभा में राम नाम का जयकारा लगाने वाले को धमकाने और उसे बाहर निकालने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात रविवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में सांसद मुकेश राजपूत ने पत्रकारों से कही। सांसद ने कहा कि यह सपा की सरकार नहीं है जिसमें राम नाम लेने वाले को जेल में डाल दिया जाए। यहां रामराज्य की संरचना करने वालों की सरकार है। इस सरकार में जिसने राम का जयकारा लगाने वाले को धमकाया है उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर उसे छोड़ा नहीं जाएगा। सांसद ने कहा कि राम तो सभी के हैं। वह कण कण में व्याप्त हैं। हम किसी भी धर्म के विरोधी नहीं है। राम का नाम लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्र है, उसे धमकाना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि सपा के उम्मीदवार की यह गुंडई नहीं चलने दी जाएगी। भगवान राम का विरोध करने वालों को जनता आगामी लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। इससे पहले उन पर उनकी सरकार कार्रवाई करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता तथा अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।



पत्रकारों से रूबरू सांसद मुकेश राजपूत।

- सांसद मुकेश राजपूत बोले, राम तो सभी के हैं, वह कण-कण में व्याप्त हैं

# पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद के बिगड़े बोल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- कांग्रेस की बैठक में अभद्रतायुक्त बोलने का वीडियो वायरल
- प्रदेश सचिव बोले इस संबंध में लुईस खुर्शीद से की जाएगी बात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगीं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद ने बैठक के दौरान अपनी ही पार्टी के सचिव व जनरल सेक्रेटरी को चप्पल मारने की बात कह डाली। उनका अभद्रता भरा वीडियो वायरल होने से राजनैतिक गलियारों में चकचक शुरू हो गई है। कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने मोबाइल बंद कर लिया।

रविवार को वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में कांग्रेस की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद कार्यकर्ताओं के साथ हो रही बैठक में कह रही हैं कि एक बार प्रियंका गांधी ने हम लोगों को बुलाया। पूछा कि आपके क्षेत्र में क्या हो रहा है। हमने (लुईस) कहा आप बुरा न मानें तो एक बात कहें। मैने क्षेत्र का गणित बता दिया। मैने कहा बताइए जब वहां से कोई सचिव आए या कोई जनरल सेकरेट्री आए और यह कहे कि सलमान खुर्शीद कौन है, लुईस खुर्शीद कौन हैं तो हमें तो आपत्ति है। मैने जो कहा अपने वर्कर को कि अगली बार कोई सचिव यह कहें तो पहले प्रेस को बुलाइये और प्रेस के सामने अपना चप्पल उतारकर मारो सालों को...। इस संबंध में कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी से बात करने का प्रयास किया तो उनका नंबर स्विच ऑफ बताता रहा। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने बताया कि बैठक में वह भी मौजूद थे।

लुईस खुर्शीद ने कोई अभद्रता वाली टिप्पणी नहीं की। बस इतना ही कहा कि सलमान खुर्शीद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में एक हैं और कोई सचिव उनके बारे में पूछे तो वाकई में आश्चर्य की बात है। फिर भी वह इस संबंध में लुईस खुर्शीद से बात करेंगे। इस संबंध में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

## लाखों के गबन में इंजीनियर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना शमसाबाद पुलिस ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के धन का गवन करने वाले जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। जनपद एटा के थाना मारहरा के ग्राम सिरसा बदन निवासी अशोक कुमार राजपूत पुत्र महेंद्र पाल लघु सिंचाई विभाग फतेहगढ़ में अवर अभियंता के पद पर तैनात थे। वह मोहल्ला अमीन खां में रहते हैं।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि 5 जनवरी 23 को प्रधानों ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत बेहटा बल्लू कासिमपुर तराई, समेचीपुर चितार एवं गुटेटी दक्षिण में विकास कार्य हेतु आए 1627 343 रुपयों का गबन ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी के द्वारा किया गया। ब्लाक शमशाबाद के एडीओ पंचायत आफाक हुसैन ने थाना शमशाबाद में ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी के विरुद्ध विकास कार्य हेतु आए 1627 343 रूपयों के गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुकदमे की जांच में जेई अशोक कुमार राजपूत को गबन का दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है।

# 11 साल बाद फिर बदलेगा मेडिकल कालेज का नाम

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- 2005 में सपा सरकार ने राजकीय मेडिकल कालेज के नाम से किया था शिलान्यास

**अमृत विचार।** मरीजों के लिए बने मेडिकल कालेज में सुविधाओं को न बढ़ाकर नाम बदलने पर राजनीति की सियासत तेज हो गई है। 11 साल बाद एक बार फिर से भाजपा सरकार के सीएम ने कालेज के नाम बदलने की घोषणा मंच से कर सियासत को गरमा दिया है।

कन्नौज समेत आस पास के जनपदों में निवास करने वाले आम लोगों को अच्छा उपचार मिल सके इसके लिए सपा सरकार ने 2005 मे तिर्वा के बहादुरपुर गांव के पास खाली पड़ी सरकारी व किसानों की जमीन अधिग्रहण की थी। तिर्वा में मेडिकल कालेज खोलने के लिए सपा के पूर्व सीएम व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह ने घोषणा करके 500 जमीन पर राजकीय मेडिकल कालेज निर्माण के लिए शिलान्यास किया। मेडिकल कालेज का शिलान्यास होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। निर्माण के दौरान सपा सरकार सत्ता से बाहर हो गई और प्रदेश की सत्ता में बसपा सरकार आ गई। तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने राजकीय मेडिकल कालेज का नाम बदलकर डा. भीमराव आंबेडकर मेडिकल कालेज कर दिया। सपा सरकार में बने मेडिकल कालेज का नाम बदल जाने से बसपा सरकार के दौरान सपाइयों ने कई बार विरोध प्रदर्शन करने के साथ जीटी रोड समेत अन्य मार्गों पर लगे डा. भीमराव आंबेडकर नाम साइन बोर्ड तोड़ दिए। इस पर बसपा सरकार के दौरान कई सपाइयों पर पुलिस ने सरकार संपत्ति क्षतिग्रस्त के साथ हंगामा करने का मुकदमा दर्ज कर उन पर कार्रवाई की थी। 2012 में चुनाव के दौरान बसपा सरकार सत्ता से बाहर हुई और सपा सत्ता में आ गई। सीएम बने अखिलेश यादव ने जिले के कार्यकर्ताओं की मांग पर डॉ.भीमराव आंबेडकर मेडिकल कालेज का नाम बदल कर राजकीय मेडिकल कालेज कर दिया। 2012 में ही मेडिकल कालेज में पहली बार पैरामेडिकल का शिक्षण कार्य शुरू हुआ। इस के बाद से कुछ सुविधाएं मिलीं तो कुछ आज तक मिलनी नहीं शुरू हो सकी। तीन फरवरी को कन्नौज के बोर्डिंग मैदान में आए सीएम योगी ने मंच से राजकीय मेडिकल कालेज का एक बार फिर नाम बदलने का ऐलान कर दिया। उन्होंने इसे डॉ. भीमराव आंबेडकर मेडिकल कालेज करने का एलान कर दिया। मरीजों के लिए मेडिकल कालेज में सुविधाएं शुरू नहीं हुई उनका ध्यान नहीं रखा गया है।

### नाम बदलने पर खर्च होंगे लाखों रुपये

**तिर्वा।** राकीय मेडिकल कालेज का नाम बदलने पर कालेज प्रशासन को लाखो रुपए नाम बदलने में खर्च करने पड़ेंगे। भाजपा सरकार में राजकीय मेडिकल कालेज का सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाम बदलने की घोषणा कर दी है। अब कालेज प्रशासन आदेश आने का इंतजार कर रहा है। आदेश मिलते ही नाम बदलने की प्रक्रिया तेज कर दी जायेगी। इसमें कालेज प्रशासन को लाखों रुपये का खर्च उठाना पड़ेगा।

# दूसरों को फंसाने में खुद धर लिए गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- फर्जीवाड़ा करने में पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार
- फर्जी आईडी बनाकर अज्ञात शव की शिनाख्त कराई थी

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्रांतर्गत अज्ञात व्यक्ति के शव की फर्जी आईडी के सहारे षडयंत्र के तहत शिनाख्त करने में मास्टर माइंड समेत पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दो जनवरी को थाना फ्रेंड्स कालोनी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित किए थे। चार जनवरी को दीनदयाल पुत्र सुरेश कुमार, अभी कुमार निवासी आवास विकास कालोनी थाना सिविल लाइन जनपद इटावा तथा एक अन्य द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत कर शव की दीनदयाल के पुत्र अतुल कुमार (26) के रूप में पहचान की गई। दीनदयाल एवं अभी कुमार से तहरीर प्राप्त कर शव सुपुर्द किया गया। सात जनवरी को मामले में नया मोड़ आ गया। धर्मवीर राजपूत पुत्र रूप राम निवासी ग्राम तेज का पुरवा थाना अजीतमल जनपद औरैया ने प्रार्थनापत्र देकर दावा किया कि शव उसके भाई सत्यवीर पुत्र रूपराम का है। इस पर थाना फ्रेंड्स कालोनी स्तर से शव ले जाने वाले दीनदयाल व अभी कुमार व अन्य के पते की जांच हुई। दस्तावेजों में अंकित मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं हो सका और दर्ज पता 12 आवास विकास कालोनी फर्जी निकला। इस पर उक्त लोगों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि जांच में हेतराम मित्तल पुत्र खजांची लाल निवासी रामलीला रोड थाना कोतवाली जनपद इटावा का नाम प्रकाश में आया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत थी। रविवार को पुलिस ने हेतराम को गिरफ्तार कर लिया। हेतराम से पूछताछ में अभी कुमार बने मो फारुख पुत्र मो सब्बीर निवासी कटरा पुर्दल खां थाना कोतवाली, दीनदयाल बने मो तसलीम पुत्र मो सहजादे निवासी साबितगंज थाना कोतवाली, अतुल कुमार बने मो फुरकान पुत्र मो सगीर निवासी शाहकमर थाना कोतवाली तथा मुस्कान कोष्ठा पुत्री नंदकिशोर निवासी महेरा चुंगी थाना फ्रेण्ड्स कालोनी के नाम सामने आए। उन्हें पुलिस ने मोर्च्युरी मुख्य गेट से गिरफ्तार कर लिया।

### दूसरी शादी करने को रची कहानी

गिरफ्तार हेतराम ने बताया गया कि वह अपनी पत्नी से परेशान था और मुस्कान कोष्ठा से शादी करना चाहता था। करीब 4-5 वर्ष पूर्व वह मुस्कान कोष्ठा के संपर्क में आया था। मुस्कान के पिता ने हेतराम मित्तल के विरुद्ध उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना कोतवाली में मामला पंजीकृत कराया था जिससे बचने के लिए उसने मुस्कान की शादी अतुल कुमार पुत्र दीनदयाल निवासी 512 आवास विकास कालोनी आजमगढ़ (पता आधार कार्ड में फर्जी, सही पता 12 आवास विकास इटावा) से करायी थी। दोनो ने योजना बनाकर अज्ञात शव को अतुल कुमार के रूप मे पहचान कराते हुये उसका अन्तिम संस्कार कराया। योजना बनाई कि मुस्कान के पिता नन्दकिशोर व मां ज्योत्सना के विरुद्ध अतुल कुमार की हत्या का मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें जेल भिजवा देगे और दोनों शादी कर लेंगे। विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अतुल कुमार नाम के किसी व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं है।

# इटावा में शहीद की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव किल्ली सुल्तानपुर गांव के निवासी गिरीश बाबू छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान आईईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए। शहीद जवान का शव शनिवार को पैतृक गांव किल्ली सुल्तानपुर पहुंचा। रविवार को शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने भाजपा और सपा समेत अन्य दलों के नेता पहुंचे। सैनिक सम्मान के साथ अश्रुपूरित नेत्रों से शहीद को विदाई दी गई।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए इटावा के सीआरपीएम जवान गिरीश बाबू का शव शनिवार देर रात पैतृक गांव लाया गया। रविवार सुबह उनका शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। जहां बेटा पुष्पराज पिता के शव से लिपटकर रोने लगा। कहने लगा पापा उठ जाओ, आप तो 15 दिन बाद छुट्टी लेकर घर आने वाले थे। ये देखकर बहन बिलखते हुए बोली, भाई पापा अब नहीं उठेंगे। उन्हें सोने दो। ये देखकर लोगों की आंखें भर आईं। परिवार को ढांढस बंधाने के लिए लोग भारत माता के जयकारे लगाने लगे। इसके बाद डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार , सांसद डा रामशंकर कठेरिया, आईजी सीआरपीएफ गुरुशक्ति सिंह सोढ़ी, कमांडेट प्रेमचंद्र ,रामचरण मीना सह कमांडेंट आदि रहे।

### पहली को हुआ था ब्लास्ट

बसरेहर क्षेत्र के किल्ली सुल्तानपुर गांव के रहने वाले गिरीश बाबू (55) छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ में एएसआई के पद पर तैनात थे। एक फरवरी को गिरीश नक्सली क्षेत्र के बस्तर इलाके में रोड सर्च ऑपरेशन पर थे, तभी ब्लास्ट से गिरीश बुरी तरह जख्मी हो गए थे। सैन्य अफसरों ने सीआरपीएफ के जवान का पार्थिव शरीर रविवार सुबह दस बजे अंतिम दर्शनों के लिए घर के बाहर रखा गया।

## पिकअप ने किशोर को मारी टक्कर, जान गई

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शहवाजपुर निवासी 12 वर्षीय विजय कोरी पुत्र रवि रविवार अपना निजी काम करके घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तमंचा सटाकर युवक से कराया जमीन का बैनामा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद थाना के गांव पाता निवासी नवीन पांडेय का गांव के ही अनवर अली से मेल मिलाप है। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र उसने बताया कि 19 अक्टूबर 2023 को वह गांव आया था। जहां अनवर अली मिला और उसे खेतों की तरफ ले गया खेतों पर पहले से ही गांव निवासी दो अन्य युवक प्रवीण कुमार और तेज सिंह ने जबरन शराब में कुछ मिलाकर उसे पिला दिया। जिससे वह बेहोशी की दशा में पहुंच गया। तभी अनवर अली के पुत्र अनीस अली और असद अली भी वहां आ गए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए सीने पर तमंचा लगा दिया और मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती स्टांप पर हस्ताक्षर करा लिए। अनवर अली ने कुटरचित दस्तावेज तैयार करके अपनी पत्नी शायरा बेगम के हक में बैनामा करा लिया।

# सपा को सूबे में मिलेगी मात्र एक सीट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि सपा चाहे कांग्रेस से गठबंधन कर ले अथवा किसी और से, प्रदेश में उसे एक से अधिक सीट मिलने वाली नहीं है। इस बार यूपी से सपा का सूपड़ा साफ होकर ही रहेगा। वह रविवार को सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिए जाने से हर कार्यकर्ता को सम्मान मिला है। केंद्र सरकार का यह निर्णय देश का मनोबल बढ़ाने वाला है। इस बार केंद्र सरकार ने जो अंतरिम बजट प्रस्तुत किया है वह सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है। मूलभूत आवश्यकताओं के विकास के साथ साथ सड़क, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे किसानों और कृषि क्षेत्र के साथ ही मध्यम वर्गीय परिवार के हितों को ध्यान में रखने वाला बजट है। मनरेगा को पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 60 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ दिया गया है। इससे ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



भाजपा सांसद डा. रामशंकर कठेरिया।

**सियासत** जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोली पार्टी प्रमुख, कहा, दलितों, पिछड़ों व शोषितों की आवाज बना है अपना दल-एस

# अपना दल-एस, तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी : अनुप्रिया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने आईं अपना दल- एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी पार्टी ने पिछड़े समाज व दलितों के लिए काम किया है। विपक्ष में जब नहीं थे तब भी आवाज उठाते रहे और जब यूपी और केंद्र में भाजपा गठबंधन के बाद सरकार में पहुंचे तो सदन में भी आवाज उठाकर न्याय दिखाने का काम कर रहे हैं। अपना दल-एस तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी वर्गों की भर्ती हो इसके लिए अखिल भारतीय न्याय सेवा का गठन करने के लिए सरकार से मांग की है।

शहर के वीआईपी रोड में अपना दल-एस ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शिरकत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष का सुशीला सिंह एवं अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष मो. जुनैद ने समर्थकों के संग चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मेहनत से अपना दल एस प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। निष्ठावान और जुझारू कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। प्रदेश में पिछड़ों, दलितों, वंचितों के हितैषी होने का दम भरने वाले कई बार सत्ता में आए लेकिन किसी ने उनके हित में काम नहीं किया। ऐसे लोग पिछड़ों, दलितों, दबे, कुचलों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। सत्ता में आने के बाद भूल जाते थे। लेकिन अब विपक्ष में रहने पर इन लोगों को एक बार फिर पिछडो और दलितों की याद आई हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राष्ट्रीय सचिव अमर सिंह पटेल, सरोज कुरील, बुलबुल सिंह, नेम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार



कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं अनुप्रिया पटेल। अमृत विचार

- विपक्षी दलों पर जमकर साधा निशाना

### न्यायपालिका में हो भागीदारी

अपना दल-एस की मुखिया ने कहा कि न्याय पालिका में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी होनी चाहिए, इसके लिए न्याय पालिका को भी समावेशी बनाया जाए। देश का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब पिछड़ा, दलित, वंचित, शोषित समाज की भागीदारी सभी जगह पर होगी।

### सामाजिक न्याय की विचारधारा से समझौता नहीं

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपना दल-एस हमेशा शोषित वंचित पिछड़ों की आवाज उठाता रहा है। सरकार में रहने के बाद भी सामाजिक न्याय की विचारधारा से समझौता नहीं किया। पिछड़ों दलित दबे कुचलों की आवाज उठाने से अपना दल कभी भी पीछे नहीं जाता है। समय समय पर लोगों की संसद में आवाज उठाई है। नीट की परीक्षा में ओबीसी का आरक्षण लागू करने का मुद्दा पीएम के सामने उठाया और आरक्षण लागू करवाया। उन्होंने भारतीय न्याय सेवा का गठन और पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन की मांग उठाई।

### विरोधियों पर साधा निशाना

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल जिन राज्यों में यात्रा लेकर जाते हैं वहां के नेता को जानकारी नहीं देते, इसलिए गठबंधन टूट रहा है। सपा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दलित, पिछड़ों और शोषित वर्ग के नाम पर यूपी में कई बार सरकार बनाई लेकिन काम एक वर्ग का किया। जब से सत्ता से बाहर हुए हैं तब से सत्ता में आने के लिए फिर से दलित, ओबीसी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिन जिलों में जो मजबूत होगा, उसी पार्टी के प्रत्याशी को मैदान में उतारा जायेगा।

# ...तो फिर फतेहपुर सीट पर एनडीए से कौन लड़ेगा?

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एनडीए के घटक अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का चुनावी सिलसिले में रविवार दोआबा की सरजमीं पर आगमन होने के बाद से लोगों में अटकलें तेज हो गईं हैं।

सूत्रों की मानें तो जिस तरह से इस पार्टी द्वारा 12 सीट पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है। साथ ही जिले की सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को कई महीनों से अपनों की चुनौती मिल रही है। उससे एनडीए प्रत्याशिता को लेकर लोगों द्वारा कई प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं। फतेहपुर सांसद साध्वी निरंजन ज्योति के दोनों कार्यकाल की बात की जाए तो ठीक ही रहे हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में जिस तरह से देश की सरकार ने कई अहम फैसले लिए। धारा 370 का मामला रहा हो या फिर राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा। यह कुछेक निर्णय, मौजूदा केंद्र की सरकार को इस चुनाव में भी मजबूती देने वाले माने जा रहे हैं। कारण है कि भाजपा इस सीट पर दो बार जीत दर्ज करा चुकी है। फिर भी जिस तरह की भाजपाई सियासत का मौजूदा परिदृश्य सामने आ रहा है। उसमें कई बातें निकल कर सामने आने लगी हैं। ऐसे में साध्वी इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने को मैदान में होंगी या उनकी जगह एनडीए प्रत्याशिता का जिम्मा कोई और उठाएगा। यह सवाल इसलिए उठ खड़ा हुआ है क्योंकि भाजपा के घटक अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं, खासकर कुर्मी बिरादरी को लुभाने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रतिभाग किया।

### सियासी गलियारों में गर्माहट

सूत्रों की माने तो भाजपा में उम्मीदवारों की लंबी फेहरिस्त और अपना दल (एस) का 12 सीट के लिए जिले में जिस तरह दावा किया गया है, उससे पार्टी को यह सीट अपना दल (एस) को देनी पड़ सकती है। हालांकि अभी चुनाव का शोर ही शुरु हुआ है। ऐसे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन अनुप्रिया का दौरा सियासी गलियारों की गर्माहट बढ़ा दिया है।

# मौत एक साजिश, किसी ने आत्महत्या के लिए उकसाया

## बेटी को मारकर शव लटकाने के आरोप लगाने के दूसरे दिन पिता ने नई बात कही, पोस्टमार्टम में मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि

महिला जज की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार।** सिविल जज ज्योत्सना राय का सरकारी आवास में पंखे से लटका शव मिलने की गुत्थी सुलझाना पुलिस अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सिर्फ यही स्पष्ट हो पाया है कि उनकी मौत हैंगिंग से हुई है।

महिला जज की मौत 2 फरवरी की रात करीब 11 बजे होने का अनुमान है। वहीं 36 घंटों की जांच में पुलिस अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। यदि आत्महत्या को सही मानें तो महिला जज के आत्महत्या करने के पीछे का कोई ठोस कारण अभी तक सामने नहीं आया और न ही हत्या होने के संबंध में पुलिस को कोई क्लू मिला है। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव सरकारी आवास पहुंचा तो उनके पिता अशोक कुमार राय रोते हुए बताने लगे कि उनकी मौत एक साजिश है। जरूर किसी ने उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया होगा। तभी अगले ही क्षण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया होगा। वहीं शनिवार रात पिता अशोक कुमार राय ने बेटी को मारकर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।



ज्योत्सना राय। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि बेटी ने पहले प्रयास में ही पीसीएस-जे की परीक्षा पास की थी। वह बहुत होनहार थी। आवास में सिक्योरिटी होने के बाद भी बेटी ने असहाय होकर ऐसा कदम उठा लिया। उन्होंने बताया कि पास में रहने वाले एक न्यायिक अधिकारी की पत्नी ने बताया था कि ज्योत्सना राय शुक्रवार रात किसी से फोन पर तेज आवाज में बात कर रहीं थीं।

वह बेटी की पोस्टिंग बदायूं में नहीं कराना चाहते थे लेकिन बेटी कहती थी कि पापा उनके काम में दखल मत किया करो। अगर थोड़ा भी आभास होता तो बेटी की नौकरी छुड़वा देते, लेकिन बेटी ने एक बार भी कुछ नहीं बताया। उन्हें कुछ दिनों से अशुभ होने जैसा लग रहा था। अंत में उन्होंने कहा कि मैं किसी से आज तक नहीं हारा, लेकिन बेटी से हार गया।

**अब तक सामने नहीं आया मौत के पीछे कोई ठोस कारण :** महिला जज की मौत के दूसरे दिन भी कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। हर किसी के जेहन में एक ही सवाल है कि इतनी होनहार महिला जज क्यों ऐसा करेंगी। घटना से सभी हैरान हैं। पुलिस जांच कर रही है। अभी तक ठोस वजह सामने नहीं आई है। महिला जज के कमरे में ताला लगा दिया गया है। परिजन कुछ सामान ले गए हैं।



पुष्प अर्पित करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

### सुसाइड नोट के आधार पर जांच करा रहे : सीओ सिटी

**बदायूं :** मूलरूप से जिला मऊ की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की निवासी सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह उनके सरकारी आवास में फंदे पर लटका मिला था। कर्मचारियों के दरवाजा खटखटाने के बाद भी आवाज नहीं आई तो पुलिस ने दरवाजा तोड़ा था। कमरे में रखी डायरी में सुसाइड नोट भी मिला। उससे तमाम बिंदुओं का खुलासा हुआ। किसी को भी महिला जज की मौत पर भरोसा नहीं हो रहा है। इधर, सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि सुसाइड नोट पर जांच कराई जा रही है। परिजनों ने आशंका जताई कि सुसाइड नहीं कर सकतीं। उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

**बदायूं :** हर तरफ सन्नाटा, आंख में आंसू, साथी को खोने का गम, उनके साथ बिताए पलों को याद करने की चर्चा और परिजनों का चीत्कार। कुछ ऐसी ही स्थिति थी रविवार की सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर। महिला जज ज्योत्सना राय के शव का सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल के साथ सभी न्यायिक अधिकारी मौजूद थे। वहीं, मोर्चरी के फ्रीजर में शव को रखने के दौरान भी न्यायिक अधिकारी ने सदर कोतवाल से फ्रीजर की स्थिति के बारे में भी पूछा था। सुबह 10 बजे पोस्टमार्टम करना तय हुआ। रविवार सुबह जनपद न्यायाधीश और अन्य न्यायिक अधिकारी पहुंच गए। लेकिन पैनल के चिकित्सक नहीं आए। उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक हरीश समय पर थे। कुछ समय के बाद जिला अस्पताल के डॉ. राजेश वर्मा पहुंच गए। महिला चिकित्सक अनामिका लगभग 11 बजे पहुंचीं। विलंब से पहुंचने पर जनपद न्यायाधीश, सीजेएम ने नाराजगी व्यक्त की। 11 बजे पोस्टमार्टम शुरू हुआ और लगभग 12 बजे तक हुआ। पैनल ने वीडियोग्राफी कराकर पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार हैंगिंग से महिला जज की मौत हुई थी। अंतिम दर्शन कर न्यायिक अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर विदाई दी।

### भाई ने कहा- डायरी के कुछ पन्ने फटे हुए हैं, जांच की मांग

महिला जज ज्योत्सना राय के भाई हिमांशु शेखर राय रेलवे में इंजीनियर हैं। बहन की मौत से उन्हें गहरा सदमा लगा है। आंसू रोके नहीं रुक रहे। बहन की बात होते ही रोने लगे। बताया कि रविवार को वह मां के साथ लखनऊ में जमीन देखने जानी वाली थीं। कहा कि बहन की डायरी के कुछ पन्ने फटे हुए थे। पुलिस को नीचे के पेज पर इनप्रिंट देखना चाहिए था। अरे कुछ तो देखते। बाहर के जाली वाले दरवाजे पर लॉक नहीं है। बाथरूम का दरवाजा खुला था। आत्महत्या या हत्या के बारे में उन्होंने कहा कि हमें कुछ नहीं पता, कुछ बोल नहीं सकते। बहन तो चली गई। उन्होंने गहनता से जांच कराने की मांग की।

### अंतिम इच्छा के अनुसार अयोध्या में सरयू किनारे ले गए शव

**बदायूं :** सरकारी आवास से महिला जज का शव सरकारी शव वाहन से भेजा गया। न्यायिक अधिकारियों ने महिला जज की अंतिम इच्छा पूरी की। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार करने की इच्छा व्यक्त की थी और अपने दो खरगोश की सेवा करने की बात लिखी थी। परिजन अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर चले गए। दोनों खरगोश को भी शव वाहन में रखकर ले गए। एक परिजन ने बताया कि ज्योत्सना पीसीएस जे का परिणाम आने वाले दिन से ही खरगोश पाल रहीं थी। वह मजाक में कहती थीं कि आपको छोड़ दूंगी लेकिन इन खरगोश को नहीं छोड़ूंगी।

# ज्ञानवापी में पूजा पर बिफरे मौलाना तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुसलमान अगर बोले तो देश में होंगे गृहयुद्ध जैसे हालात

**अमृत विचार :** आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की अनुमति मिलने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुसलमानों से इस शुक्रवार को इस्लामिया मैदान पहुंचकर गिरफ्तारी देने और अपने कारोबार और बाजार बंद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात पर मुसलमान बोलने लगे तो गृह युद्ध जैसे हालात होंगे। देश की अखंडता और अमन की खातिर मुसलमान खामोश हैं।

मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। तीन हजार मस्जिदों की लिस्ट तैयार है जिन्हें मुसलमानों से छीनने की साजिश की जा रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी को लेकर जो निर्णय दिया है उससे साफ है कि अदालतों से अन्याय हो रहा है। बाबरी मस्जिद में मंदिर के कोई सबूत नहीं मिले लेकिन आस्था के आधार पर मंदिर हिंदुओं को दे दिया गया। ज्ञानवापी में सबूत मिल भी रहे हैं तो आस्था के आधार पर मस्जिद हमें दे दी जाये। सबूत इसलिये मिल रहे हैं क्योंकि मुसलमान बने हिंदुओं ने ही अपनी इबादतगाह को स्वेच्छा से मस्जिद में तब्दील किया था। चुनावी फायदा हासिल करने के लिये यह मुद्दे गढ़े जा रहे हैं। भाजपा 2024 का चुनाव राम मंदिर, 2027 का चुनाव ज्ञानवापी और 2029 में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर लड़ेगी। मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि मदरसों में पहले राष्ट्रगान कराया, इसके बाद योग। कुछ दिनों बाद रामायण पढ़ाने का दबाव बनाया जाएगा। इस दौरान डा. नफीस खान, मुनीर इदरीसी, नदीम खान, सलीम खान, अफजाल रहे।

### हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की बारी

मौलाना ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार के लिये नामित करने पर भी ऐतराज जताया। वहीं कहा कि हेमंत सोरेन एक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उन्हें जेल जाना पड़े इससे बड़ी और क्या ज्यादती होगी। अब अरविंद केजरीवाल जेल जायेंगे। इसी ज्यादती के खिलाफ शुक्रवार दोपहर को इस्लामिया मैदान में एकत्र होंगे जहां से गिरफ्तारी देने कलेक्ट्रेट जायेंगे। मौलाना ने सभी मुसलमानों से अपने जिलों में जेल भरो आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया।

# परिवहन मंत्री ने पकड़े बालू लदे दो ट्रक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी के ताला मोड़ पर की कार्रवाई, दोनों ट्रकों पर लगाया 3.70 लाख का जुर्माना

**अमृत विचार :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बाराबंकी के ताला मोड़ पर शनिवार रात को ओवर लोड बालू लदी दो ट्रकों रुकवाया। परिवहन व पुलिस अधिकारियों को बुलाकर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद दोनों ट्रकों को सीज करा दिया और उन पर 3.70 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। परिवहन मंत्री ने यह कार्रवाई देवरिया से लखनऊ वापस आते समय की।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह देवरिया से लखनऊ के लिए निकले थे। शनिवार देर रात करीब 10:30 बजे जब उनका वाहन रामसनेही घाट थाना अंतर्गत ताला मोड़ के पास पहुंचा। वहां उन्होंने हाईवे पर ओवर लोड बालू लदे दो ट्रकों को देखा। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से दोनों ट्रकों को रुकवाया। ट्रकों पर ओवरलोड बालू भरी हुई थी। इसके बाद परिवहन मंत्री ने इसकी जानकारी संभागीय परिवहन विभाग के साथ स्थानीय पुलिस को दी। विभागीय मंत्री के हाईवे पर होने की जानकारी होते ही पीटीओ उमाशंकर मिश्रा मौके पर पहुंचे। पीटीओ को देखते ही मंत्री ने ओवरलोड वाहनों को लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं, तत्काल दोनों ट्रकों को सीज करने का आदेश दिया।

विभागीय अधिकारियों में हड़कंप

परिवहन मंत्री द्वारा ओवरलोड ट्रकों को पकड़े जाने की जानकारी होते ही परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पीटीओ पहुंचे ही थे। इसी बीच एआरटीओ प्रवर्तन बीके मिश्रा भी पहुंच गए। आनन-फानन दोनों ट्रकों को सीज कर रामसनेहीघाट कोतवाली पहुंचा दिया गया। इसके बाद देर रात तक एआरटीओ ट्रकों पर कार्रवाई करते रहे। इसे लेकर पीटीओ उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि एक ट्रक पर 1.80 लाख और दूसरी ट्रक पर 1.90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। परिवहन मंत्री की इस कार्रवाई के बाद वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

### एक साल में पकड़े 22 ट्रक

अयोध्या से हो रही बालू की ओवरलोडिंग व खदान लगातार जारी है। लेकिन परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और खनन विभाग आंखे मूंदे हुए है। परिवहन मंत्री ने एक साल में सिर्फ बाराबंकी जिले में ही 22 ओवरलोड ट्रक पकड़ चुके हैं। परिवहन मंत्री के सख्त रुख के बावजूद विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। परिवहन मंत्री ने इससे पहले पांच अप्रैल 2023 को भी रात में देवरिया से लौटते समय कोटवा सड़क पर स्थित एक ढाबे के पास ट्रकों को देखकर रुके थे। वहां बालू लदी ओवरलोड 18 ट्रक खड़ी मिलीं।

# आजम के घर से चला जौहर विवि को संरक्षण में लेने का अभियान

**रामपुर :** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विवि को सरकार के संरक्षण में लेने के लिए हस्ताक्षर अभियान पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले से शुरू हुआ।

शहर में पूर्व मंत्री आजम खां के घर के वार्ड नंबर 17 टंकी नंबर पांच घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई जो सप्ताह भर जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। युवा भाजपा नेता फसाहत अली ने बताया कि 26 नवंबर रविवार से ग्राम सिंगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। रविवार से शहर में शुरू की गई ।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर हो सख्ती : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अफसरों को दिए दिशा निर्देश
- सोशल मीडिया पर निगरानी और महिला, बच्चों सम्बन्धी अपराध में संवेदनशीलता पर जोर



**अमृत विचार।** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत प्रभावी वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश के साथ अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण करने की उम्मीद पुलिस अफसरों से की है। उन्होंने कहा है कि माहौल बिगाड़ने वालों पर न केवल सख्ती की जाए बल्कि हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग एवं सत्यापन प्रभावी रूप से नियमानुसार की जाए।

डीजीपी के मुताबिक, अपराधियों के विरूद्ध दबिश पूरी तैयारी के साथ हो और इस दौरान पुलिस कर्मी अधिक से अधिक बॉडी वार्न कैमरे का प्रयोग करें। किसी भी घटना की सूचना में मौके पर पहुंचने का रिस्पांस टाइम कम से कम होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि गोतस्करी, गोकसी की रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई हो।

रविवार को प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उपमहानिरीक्षक को निर्देश देते हुए विशेषकर आगामी लोकसभा चुनाव और मौजूदा कानून-व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी कमिश्नरेट को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने पर जोर दिया। डीजीपी ने महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धी मामलों में अत्यधिक संवेदनशीलता रखते हुये प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।

उन्होंने नियमित रूप से पैदल गश्त, महिला बीट व्यवस्था और एन्टी रोमियो स्क्वाड को और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता बतायी।

इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, पुलिस आयुक्त लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090), पुलिस महानिरीक्षक कानून-व्यवस्था सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस बल का हो पूर्व मूल्यांकन

डीजीपी ने कहा कि लोगों में साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता पैदा की जाय। यह भी कहा कि जन सामान्य से पुलिस का व्यवहार अच्छा हो साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया। प्रशांत कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव का संज्ञान लेते हुए पुलिस बल की आवश्यकता का पूर्व से मूल्यांकन करने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर नियमित सतर्क नजर रखने का सुझाव भी दिया।

# भाजपा ने पिछड़ों का हमेशा ध्यान रखा : पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अति पिछड़ा समाज प्रतिनिधि सम्मेलन में बोले डिप्टी सीएम
- विपक्षी पार्टियों पर साधा जमकर निशाना

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग का हमेशा ध्यान रखा है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने वोट बैंक के लिए समाज को इस्तेमाल किया है। हम सबका साथ और सबका विकास की तरह काम करते हैं।

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिए जाने पर रविवार को हजरतगंज स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में पाल, बघेल, धनगर, गाड़री, गड़रिया, चरवाहा महासभा ने विशाल अति पिछड़ा समाज प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा में हर वर्ग का सम्मान है। पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग का हमेशा ध्यान रखा है। हर वर्ग को योजनाओं से लाभान्वित किया है। जबकि विपक्षी पार्टियों ने समाज को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। उनके उत्थान का कोई कार्य नहीं किया है। पार्टी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर अपनी प्रतिबद्धता को चरितार्थ किया है। कार्यक्रम संयोजक महासभा के अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री सतीश पाल ने कहा कि पिछड़े, शोषित, किसान, मजदूर सभी मिलकर 2024 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 500 वर्ष से विचाराधीन रामलला के विग्रह की स्थापना कर ऐतिहासिक कार्य किया है। कार्यक्रम में सुरेश पाल, हौसला प्रसाद पाल, गौरानंद, डॉ. अजय पाल, डॉ. कौशल पाल, आमोद राठौर समेत कई लोग थे।



डिप्टी सीएम को तलवार भेंट करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# गठबंधन धर्म नहीं निभाते हैं अखिलेश

**अंबेडकरनगर।** सुभासपा के नेता ओम प्रकाश राजभर ने एक बार फिर अखिलेश यादव को घेरा है। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अंबेडकरनगर दौरे पर राजभर बोले कि अखिलेश व पीडीए एकता में कोई दम नहीं है, इसलिए वे एनडीए के साथ हैं। दावा किया कि पीडीए में पिछला बचा ही नहीं है, क्योंकि ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल उसमें हैं ही नहीं। मुसलमान समझ रहा है कि उसका सपा में शोषण हो रहा है।

# 62 वर्ष होगी वैज्ञानिकों की सेवानिवृत्ति आयु

मिल्कीपुर, अयोध्या

- सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों को जल्द मिलेगी तैनाती, कृषि विवि की याचिका सुप्रीम कोर्ट में निरस्त

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों को भी अब 62 साल की आयु पूरी होने पर ही सेवानिवृत्त किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों की ओर से अदालत में इसकी पैरवी भी गई है।

कृषि वैज्ञानिक मिथिलेश पांडेय के अनुसार इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाली भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और विश्वविद्यालयों की विशेष अनुमति याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है।

उनके मुताबिक 14 जून 2022 को आदेश जारी कर कृषि विज्ञान केंद्र नार्प एक्रिप में तैनात कृषि वैज्ञानिकों को शिक्षक मानने से मना कर दिया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों को 60 साल पर सेवानिवृत्ति करना शुरू कर दिया। 23 नवंबर 2022 को हाईकोर्ट की ओर से अंतरिम आदेश दिया गया लेकिन इसे नहीं माना गया। इसके बाद 17 मई 2023 को भी डबल बेंच का निर्णय कृषि वैज्ञानिकों के पक्ष में आने के बाद भी ज्वाइन नहीं कराया गया। अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की और सभी को खारिज कर दिया है।

राम मंदिर

निर्माण कार्यों के दौरान जारी रहेगा रामलला का दर्शन-पूजन, निर्माण समिति के अंतिम दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने दी जानकारी

# आज से शुरू हो जाएगा मंदिर निर्माण के दूसरे चरण का काम

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा महोसत्व सम्पन्न होने के बाद राम मंदिर के रुके हुए निर्माण कार्यों की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। दूसरे फेज में राम मंदिर के प्रथम और द्वितीय तल का कार्य होगा। परकोटे का भी निर्माण हो रहा है।निर्माण कार्य के दौरान रामलला का दर्शन-पूजन श्रद्धालु बिना बाधा के कर सकेंगे।यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण कार्यों और जन्मभूमि परिसर को विकसित किए जाने की योजना पर मंथन हुआ है।

उन्होंने बताया कि सोमवार से जन्मभूमि परिसर में दूसरे फेज के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके अलावा परिसर में 70 एकड़ में निर्मित होने वाले यज्ञशाला या ऑडिटोरियम का उपयोग श्रद्धालु कर सकेंगे, इस पर भी गहनता से मंथन किया गया है।

बताया कि जन्मभूमि परिसर से जुड़े स्थल पर एक ऑडिटोरियम तैयार करने की योजना है। ऑडिटोरियम में किसी कार्यक्रम के दौरान एक साथ पांच सौ लोग उपस्थित रह सकें। जल्द ही इसका विस्तृत विवरण सामने आ जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र में 14 लॉकर काउंटर चल रहे हैं। एक लाकर काउंटर पर 360 लोगों के समान जमा हो रहा है। जल्द ही 12 नए काउंटर खोले जाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उसी स्थान पर एक हजार लोगों के विश्राम करने की व्यवस्था भी बनाई गई है। जहां बैठने के लिए फर्नीचर भी लगाया जा चुका है।

आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं के चरण पादुकाओं को भी रखने के लिए अलग से व्यवस्था उपलब्ध होगी। यह सभी सुविधाएं अगले 3 माह में मिलने लगेंगी।

### प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु उठा रहे चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ



राम जन्मभूमि परिसर में योग्य चिकित्सकों के निगरानी में अस्पताल का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन आठ सौ श्रद्धालु सहित परिसर में कार्य करने वाले वर्कर इसका लाभ ले रहे हैं। डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में 10 बेड, दो आईसीयू बेड और दो एंबुलेंस भी उपलब्ध है। अस्पताल में ट्रस्ट ने सेवानिवृत्ति चिकित्सकों को रखा है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी सुविधा प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में कुल 15 चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है।

### प्रतिदिन श्रद्धालुओं को मिल रहा अलग-अलग प्रसाद

राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद वितरित किए जा रहे हैं। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि भक्तों के भाव के अनुरूप ट्रस्ट प्रतिदिन श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध करा रहा है। राम मंदिर में आने वाले किसी भी भक्त को प्रसाद चढ़ाने की जरूरत नहीं है। प्रतिदिन प्रत्येक श्रद्धालु को अलग-अलग प्रसाद के रूप में लड्डू, बूंदी, इलायची दाना उपलब्ध कराया जा रहा है। यह आगे भी इसी तरह से प्रसाद लोगों को मिलता रहेगा।

### 23 जनवरी से अब तक 25 लाख से अधिक ने किया दर्शन

राम मंदिर में सुबह 7 :00 से रात 10 :00 बजे तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में रामभक्तों को रामलला का दर्शन प्राप्त हो रहा है। डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि 23 जनवरी से अब तक 25 लाख से अधिक लोगों को दर्शन कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को रामलला का दर्शन मिले, इसके लिए ट्रस्ट अधिकतम समय सीमा बढ़ाई गई है। इसमें और बेहतर क्या हो सकता है, इस पर विचार किया जा रहा है। ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर परिसर में तीन पंक्तियों में दर्शन कराया जा रहा है। दो पंक्तियों में श्रद्धालु सामान लेकर यात्री सुविधा केंद्र से होते हुए मंदिर परिसर जा रहे हैं। वहीं तीसरी लाइन उन लोगों के लिए तैयार की गई है, जो श्रद्धालु बिना किसी मोबाइल या अन्य सामान के हैं, वे इस लाइन से का प्रयोग कर सकते हैं। जल्द ही एक और चौथी लाइन भी शुरू कर दी जाएगी।

### 23 जनवरी से अब तक आया 11 करोड़ का दान

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम भक्तों के दान की प्रक्रिया भी बढ़ती जा रही है। ट्रस्ट के मुताबिक 23 जनवरी से तीन जनवरी तक रामलला को 11 करोड़ रुपए दान प्राप्त हुए हैं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालु नकद, चेक और यूपीआई के माध्यम से दान कर रहे हैं। इसके अलावा विदेशों से भी दान प्राप्त हो रहे हैं।

### राम जन्मभूमि परिसर में होंगे पांच द्वार

राम मंदिर परिसर में पांच द्वार बनाए जाने की योजना श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा तैयार की जा रही है। आर्किटेक्ट के द्वारा इन द्वारों को बनाए जाने के लिए स्थान का चिनांकन कर उनके मॉडल और नक्शे को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए यूपी आरएनएन को जिम्मेदारी दी गई है।

# अयोध्या कैंट स्टेशन पर एक साथ ठहर सकेंगे 300 यात्री

अयोध्या कार्यालय

- यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बनाया गया रैन बसेरा
- दो दर्जन से अधिक शौचालय, ट्रेनों की जानकारी भी हो सकेगी

**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद देश के कोने-कोने से भक्त रामनगी पहुंच रहे हैं। रेल मार्ग से ही सबसे अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के बाद अब अयोध्या कैंट स्टेशन पर भी यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। स्टेशन के पास सामने एक बड़ा रैन बसेरा बनाया गया है, जिसमें 300 से भी अधिक यात्री एक साथ ठहर सकेंगे।

दो माह से बन रहा रैन बसेरा अब तैयार हो चुका है। राउंड टीन शेड के नीचे रेड कारपेट बिछाई गई है। इसके अलावा फाइवर की कुर्सियां भी लगाई जाएंगी। ट्रेनों की सूचना लगातार मिलती रहे। इसके लिए साउंड रैन बसेरे तक लगाए गए हैं। रोशन के लिए हाईलोजन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से नाइट विजन सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा जवानों को भी तैनात किया जाएगा। पेयजल की व्यवस्था के साथ ही दर्जनों शौचालय भी बनाए गए हैं। आपातकालीन नंबरों का बोर्ड भी लगाया गया है। परिसर की दीवारों पर विभिन्न राज्यों की सभ्यताओं के चित्र भी उकेरे गए हैं। सीएमआई अजय बहादुर सिंह ने बताया कि आस्था स्पशेल ट्रेनें सोमवार से अयोध्या कैंट आना शुरू होंगी। सारे इंतजाम कर लिए गए हैं।

### गंगा सतलज व दून एक्सप्रेस रहीं लेट

**अयोध्या।** मौसम के कारण दो ट्रेनें रविवार को भी लेट रहीं। 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस व 13309 दून एक्सप्रेस सवा घंटे की देरी से अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंचीं।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही पुलिस

**अमृत विचार,लखनऊ :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हालांकि अगले माह अधिसूचना जारी होना संभावित है, लेकिन उप्र पुलिस अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा दी है। नए डीजीपी प्रशांत कुमार की पहली पत्रकार वार्ता में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के एलान को मुकाम देने के लिए खांका खींचा जाने लगा है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा न केवल पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि इस चुनाव में प्रशांत कुमार के नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। ऐसे में पुलिस महकमा सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर रख रहा है। पिछले चुनावों में आयी दिक्कतों-कमियों का भी गहराई से अध्ययन कर रहा है। इसके लिए पुरानी फाइलों पर जमी धूल साफ की जाने लगा है। चुनाव के दौरान प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर अवैध शराब और अवैध हथियारों सहित दूसरी अवैध गतिविधियों को रोकना भी पुलिस के लिए हमेशा ही चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। ऐसे में सीमाई जिलों के कप्तानों को इस दिशा में एहतियाती इंतजामों को लेकर अभी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है। अवैध शराब की तस्करी और अवैध हथियार की सप्लाई के साथ ही आपराधिक तत्वों पर पर नजर रखने को कहा गया है। इसके लिए सूचना तंत्र को अभी से सक्रिय करने की बात कही गई।

# इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप चलाएं पाठ्यक्रम

## रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1.10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जाब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

योगी रविवार को गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप्र. कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।



रोजगार मेले में नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि जर्मनी में भी अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल्स की अत्यधिक मांग है। हमें इसके लिए ध्यान देना होगा। एक प्लेसमेंट सेल के माध्यम से युवाओं की कैरियर काउंसलिंग कर उनको देश व विदेश में रोजगार के अवसर से जागरूक कराना होगा। युवाओं को उस देश के भाषा के लिए भी प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम को भी शुरू करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें उस देश की भाषा सिखा दी जाएगी, तो उन्हें एक बेहतरीन पैकेज भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भी कुशल युवाओं की मांग है।

योगी के मुताबिक, इजरायल फिर से यहां के युवाओं के लिए मांग कर रहा है। इसके लिए कौशल विकास विभाग के साथ सभी को प्रयास कर युवाओं को उस योग्य बनाने का प्रयास करना होगा। उन्हें उस प्रकार के कोर्सेज व वहां की भाषा को सिखाने के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसको ध्यान मे रखते हुये सरकार टाटा टेक्नोलाजी के साथ मिलकर 150 विश्व स्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है।

कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह ,विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एम. देवराज आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

▶▶ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों से 1.10 करोड़ लोगों को मिलेगी नौकरी

### योगी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास: कपिलदेव

वृहद रोजगार मेले में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भारत को विश्व गुरु बनने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत परम्परागत पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास के पाठ्यक्रम जोड़े गये है ताकि हर युवा के हाथ में हुनर हो। प्रदेश का युवा नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाला बनें।

# पोलियोग्रस्त भाइयों को देख भावुक हुए योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त मासूम भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता करेगी। इसे लेकर योगी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आईं भागीरथी देवी के साथ आए दो मासूम बच्चों (दस वर्षीय आयुष और आठ वर्षीय पीयूष) को देख मुख्यमंत्री उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे। तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। पांच साल के हुए तो बीमारी का पता चला। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या ये बिलकुल भी नहीं चल पाते हैं। दादी ने बताया कि दस-बीस कदम तक।

इस पर मुख्यमंत्री ने आयुष को चलने का प्रयास करके दिखाने को कहा। लंगड़ाते हुए वह दो चार कदम चला तो योगी भावुक हो उठे और भागीरथी देवी से दोनों बच्चों के इलाज के बारे में पूछा। उन्होंने पीजीआई लखनऊ में इलाज चलने की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए भरपूर सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दोनों मासूम भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया।

इस दौरान भागीरथी देवी ने अगस्त 2023 में अपने बेटे आदित्य चौहान (पोलियोग्रस्त दोनों बच्चों के पिता) की मौत की जांच कराने तथा कुछ लोगों द्वारा जांच की मांग करने पर धमकी देने की शिकायत भी की। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों को त्वरित और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।



जनता दर्शन के दौरान पोलियों से पीड़ित बच्चे से बात करते मुख्यमंत्री योगी।

▶▶ जनता दर्शन में दादी के साथ आए थे, देवरिया जिले के हैं निवासी

▶▶ मुख्यमंत्री योगी ने दोनों भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया

# डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी नोड की बनेंगी सड़के

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर झांसी नोड की सड़कों के निर्माण के लिए 61.27 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने का आदेश दिया।
वहीं मेगा सेक्टर की तीन इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने का आदेश दिया। जनरल विपिन रावत डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर, झांसी नोड के लिए खरीदी गई भूमि में विभिन्न प्लाटों तक पहुंचने के लिए नोड की आंतरिक सड़क निर्माण एवं जलनिकासी के लिए पक्की नाली बनाई जाएंगी। जिसके लिए 61.27 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर के लिए अब तक 107.37 करोड़ की धनराशि भेजी जा चुकी है।

# वनों में आग लगने की घटनाओं पर अंकुश लगाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी में वनों व जंगलों में आग की बढ़ने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ पहली से सात फरवरी तक वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाकर राज्य के हर जिलों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं इस पर अंकुश लगाने के लिए निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक एक और पहल भी की गई है। ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, लखनऊ के कार्यालय में अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना की गई है।

जागरुकता के तहत सात फरवरी तक चलने वाले आयोजन में सभी प्रभागों में जनजागरूकता अभियान, रैली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और आग लगने की घटनाओं में कमी दर्ज की जाए। मुख्यालय पर बनाए गए सेल के नोडल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक, प्रचार-प्रसार होंगे, जो अधीनस्थ कार्यालयों से मिली आग से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्रति सप्ताह शासन को देंगे। आंकड़ों पर ध्यान दें तो राज्य सरकार की मॉनीटरिंग से ऐसी घटनाओं में तीन साल में काफी कमी दर्ज की गई है।

शासन की मंशा के अनुरूप यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। यहां तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की भी तैनाती रहेगी। हीलाहवाली न हो, इसके लिए विभिन्न रेंजों में सूचनाएं रजिस्टर में पंजीकृत कर तत्काल उसके निदान पर कार्य भी किया जाएगा। वन संरक्षक जोनल मुख्य वन संरक्षक को इससे जुड़ी जानकारी भी देंगे।

वहीं, क्षेत्रीय व मंडलीय मुख्य वन संरक्षक स्तर पर भी अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। अधीनस्थ कार्यालयों से मिली सूचनाओं को अफसरों तक पहुंचाने में यह माध्यम बनेंगे। वहीं लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2207951 पर इससे जुड़ी सूचनाएं दी जा सकती हैं। अन्य सभी जनपदों में भी आमजन व अन्य विभागों के अधिकारियों को स्थानीय हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

▶▶ सभी प्रभागीय वनाधिकारी के कार्यालय में बनेगा अग्नि नियंत्रण कक्ष, छोटी से छोटी घटनाओं पर रखी जाएगी नजर

▶▶ प्रधान मुख्य वन संरक्षक लखनऊ के कार्यालय में की गई अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना

### केजीएमयू परिसर में निकली कैंसर जागरूकता रैली

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंसर जागरूकता के लिए केजीएमयू में वॉकथॉन का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में कैंसर बचाव संबन्धी स्लोगनों के साथ निकली रैली प्रशासनिक भवन से चलकर शताब्दी अस्पताल में संपन्न हुई। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य कैंसर जैसे मुंह और गले के कैंसर गर्भाशय की ग्रीवा का कैंसर, स्तन कैंसर तथा प्रोस्टेट कैंसर से संबन्धित जानकारी से जागरूक किया गया। प्रो. आर ए एस कुशवाहा, प्रो. विजय कुमार,प्रो.राजीव गुप्ता, प्रो.संदीप तिवारी, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो.अमिता पांडे व प्रो. सुधीर सिंह ने भाग लिया।

# अगड़े भी हैं भाजपा के विरोध में

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ 90 प्रतिशत जनता को पीडीए में है विश्वास : अखिलेश

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में 90 प्रतिशत जनता को पीडीए (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य आदिवासी) में विश्वास है। इनमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक शामिल हैं। इतना ही नहीं, चार प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। ये अधिकांश लोग इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे।



सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि यही वजह है कि भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फ़ेल हो गये हैं। भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर कोई लड़ना नहीं चाहता है। भाजपा समर्थक महिलाएँ, महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, माँ-बेटी को जलाने के कांड आदि घटनाओं से शर्मिंदा हैं वे इस बार भाजपा का साथ नहीं देंगी। अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से बुद्धिजीवी संवर्ग क्षुब्ध हैं। भाजपा अपनों से ही हारेगी।

इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है। भाजपा के नेता जन आक्रोश देखकर भागे-भागे फिर रहे हैं और बाक़ी बचे स्वार्थी भाजपाई समर्थक अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए भूमिगत हो गये हैं।

# कर्ज लेने के बाद चुका नहीं रही प्रदेश सरकार : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ वर्ष 2022 तक 1,72,703 करोड़ रुपये का लिया कर्ज

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोक दल(रालोद) के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने कहा कि भाजपा ने साल 2017 में जब से सत्ता सँभाली है तब से प्रदेश वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसकी भरपाई प्रदेश सरकार बाहरी स्रोतों से उधार लेकर करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साल 2017 से लेकर 2022 तक 1,72703 करोड़ रुपये का नया कर्ज़ ले लिया है और चुकाया सिर्फ़ 42,120 करोड़ रुपया है ।

वहीं, रविवार को ही व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि "ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बजट को अलग किया जाए। जब तक ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं होगा तब तक गरीबी का उन्मूलन किसी प्रकार से संभव नहीं है।

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति की कार्य योजना पर हुआ विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत परिषद जूनियर संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक गन्ना संस्थान सभागार डाली बाग में हुई।
बैठक में समस्त ऊर्जा निर्गमन में बेहतर कार्य का वातावरण बनाने ऊर्जा निर्गमन की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा सरकार की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति गुणवत्ता पूर्ण बिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्य योजना पर विचार किया गया। संगठन की संरक्षक इंजीनियर सतनाम सिंह ने बैठक में कहा कि जिस प्रकार वार्षिक महाधिवेशन में सभी सदस्यों ने एक मुश्त समाधान योजना का संकल्प लेकर इस योजना को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया ठीक उसी प्रकार यदि प्रबंधन द्वारा कार्मिकों के साथ बेहतर तालमेल रखा जाए तो अन्य योजनाएं भी सफल होंगी।

# कौशल विकास योजनाओं की होगी डिजिटल निगरानी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ पोर्टल संचालन के साथ ही अनियमितताओं का होगा निरीक्षण

**अमृत विचार:** जल्द ही प्रदेश के राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी विभागीय पोर्टल पर होगी। नई और पुरानी समस्त जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का डिजिटल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही नहीं विभागीय जानकारी भी डिजिटल ही उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 77 लाख 17 हजार रूपए का बजट जारी करते हुए, अपट्रांन पावरट्रॉनिक्स लि. को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यो में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं की उपस्थित 75 प्रतिशत जरूरी होती है। निर्धारित अवधि तक समयबद्ध तरीके से प्रशिक्षण मिलता रहें, व अन्य किसी प्रकार की अनियमित्ताएं न मिले, इसकी निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने का निर्णय लिया गया है। हर पाठयक्रम की उपयोगिता को देखते हुए पोर्टल विकसित किया जाएगा। जिसके बाद प्रशिक्षण केन्द्रों में छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति और शिक्षकों की मौजूदगी आदि की निगरानी आसानी हो सकेगी । दरअसल, कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों में हाई स्कूल या इंटर उत्तीर्ण कर चुके युवाओं को करीब तीन दर्जन से ज्यादा तकनीकी क्षेत्रों में ट्रेनिंग दी जा रही है। अक्सर सवाल उठते हैं कि अभ्यर्थियों को बिना प्रशिक्षण पूरा किये ही प्रमाण पत्र उपलब्ध हो रहें हैं।

## वर्ग पहेली-333

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7. 1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तज़ुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8. 1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

**ऊपर से नीचे**

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3. 1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4. 1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7. 1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख़्त आपत्ति या आलोचना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 3 | ■ | 4 |
| 5 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 6 | ■ | 7 | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली - 332 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 शृ | गा | ल | ■ | ■ | 2 उ |
| ■ | ■ | ■ | 3 सु | रू | प |
| ■ | ■ | ■ | ले | ■ | च |
| 4 मु | ■ | ■ | ख | ■ | य |
| 5 सा | ध | 6 नि | क | ■ | ■ |
| हि | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 7 ब | ढ़ | ई | ■ | 8 ठो | सा |

## सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | 7 | | 1 | |
| | 6 | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | 2 | | 1 |
| | | | 3 | | 6 | 5 | | |
| 8 | | 1 | | | | | | |
| | 9 | | 1 | | | | | 6 |
| | 5 | | | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 7 | 8 | | 2 | |

### सुडोकू - 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-दशमी 17 .24 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग

श. 11, बु. सू. 10, शु. मं. 9, 8 चं., रा. 12, गु. 1, 7, 4, 2, 3, 5, 6 के.

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 07 .54 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज आपको अकारण लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। गलत बातों में ज्यादा रुचि न लें। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। काम की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। ईर्ष्यालु सहकर्मियों से सावधान रहें।

**वृष:** आज राजनीतिक संपर्कों का लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल प्रसन्नतायुक्त रहेगा। धार्मिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेंगे। व्यापार में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। ऑफिस में काम का दबाव कम होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**मिथुन:** आज शोध कार्यों में बेहतरीन परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। अनावश्यक दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। धार्मिक विषयों को लेकर किसी परिजन से मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क:** आज धन उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। असंतुलित खानपान के कारण आपका पेट खराब हो सकता है। नए निवेश के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। प्रेमी जन के साथ आपका विवाह तय हो सकता है।

**सिंह:** आज कुछ नजदीकी लोगों से विवाद हो सकता है। अपनी भावनाओं को दूसरों पर थोपने से बचें। अधूरे पड़े काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हो सकती है। अपनी परिस्थितियों को महत्व दें।

**कन्या:** आज मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति होने की संभावना बन रही है। उच्च अध्ययन में आप काफी रुचि लेंगे। संतान की समस्याओं का निवारण होगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**तुला:** आज विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह बचें। बच्चों को लेकर तनाव हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में आप अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। घर में शुभचिंतकों और परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रबंधन कुशलता का परिचय देंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे।

**धनु:** आज थकावट के कारण बुखार जैसा भी महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखना चाहिये। धैर्यवान होकर अपने समय का इन्तजार करें।

**मकर:** आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। आपके स्वभाव से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब में आपका वेतन बढ़ सकता है। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**कुंभ:** आज समाज सेवा के कार्यों में भी आप व्यस्त हो सकते हैं। आप तय समय से पहले आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। पुराने मित्रों के माध्यम से कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन:** आज घर के किसी सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रुके हुए सरकारी काम बन सकते हैं। ई-कॉमर्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
चाइना गेट — सुबह : 10 .00
बादशाह — रात : 07 .00

**Sony Max**
अब तक छप्पन 2 — सुबह : 09 .00
बाटला हाउस — शाम : 06 .00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .28
द डॉर्क नाइट — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
7 आवर्स टू गो — सुबह : 10 .30
सिटीलाइट्स — रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
ओके जानू — दोपहर : 12 .21
डेंजरस खिलाड़ी 2 — रात : 09 .53

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम-06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

# आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी : प्रधानमंत्री

## असम में नरेंद्र मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता।

केंद्र सरकार द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर उन्होंने कहा कि इसके तैयार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस 'शक्ति पीठ' में आएंगे और इससे देश के पूरे पूर्वोत्तर के देशी-विदेशी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी ने कहा-यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद ये हमारी संस्कृति और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है, इस बात के प्रतीक हैं। हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा रहे इनमें से कई प्रतीक आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' इस शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव को बिल्कुल पलट देगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे धर्म स्थलों का महत्व नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में रोडशो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। • एजेंसी

### मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ''बेरोजगारी की गारंटी'' है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया-हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 8 साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।



## आडवाणी में पीएम बनने की क्षमता थी, लेकिन दरकिनार कर दिया गया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना**



पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री (पीएम) बनने की काबिलियत थी लेकिन अब उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा' की वजह से है। उन्होंने कहा, उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी।

### भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गणपत गायकवाड पर शिवसेना के एक नेता को ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के भीतर गोली मारकर घायल करने का आरोप है। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गणपत गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का भी आरोप लगाया गया है।

### एक नजर

#### महाराष्ट्र में दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी

**मुंबई।** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने ठाणे-बोरीवली के बीच दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एमएमआरडीए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार ठाणे शहर और बोरीवली के बीच प्रस्तावित दोहरी सुरंग, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) से होते हुये गुजरेगी और यह पूर्वी तथा पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्गों आपस में जोड़ेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

#### हादसे में तीन युवकों की मौत, एक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया।

## अयोध्या के राम मंदिर पर बयान को लेकर आईयूएमएल के अध्यक्ष विवादों के घेरे में

मलप्पुरम, एजेंसी

▸▸ **सत्तारूढ़ दल आईएनएल ने बयान को लेकर की आलोचना**

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए।

थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को यहां पास में मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था, जिसका एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के गठबंधन सहयोगी इंडियन नेशनल लीग (आईएनएल) ने आईयूएमएल नेता पर निशाना साधा है, वहीं कांग्रेस और आईयूएमएल ने थंगल का बचाव करते हुए कहा कि वह नफरत और समाज को बांटने के प्रयासों से संबंधित अभियान को रोकने की कोशिश कर रहे थे। मंजेरी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, थंगल ने कहा था कि राम मंदिर एक वास्तविकता है और देश की बहुसंख्यक आबादी उसमें श्रद्धा रखती है।

थंगल ने वीडियो में कहा-हमें इसका विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है। मंदिर, अदालत के आदेश के आधार पर बना और बाबरी मस्जिद का निर्माण होने वाला है। ये दोनों अब भारत का हिस्सा हैं। राम मंदिर और प्रस्तावित बाबरी मस्जिद हमारे देश की धर्मनिरपेक्षता को मजबूत बनाने के दो सबसे अच्छे उदाहरण हैं। उन्होंने कहा-हम जानते हैं कि इसे (बाबरी मस्जिद को) कारसेवकों ने नष्ट कर दिया था और हमने उस समय इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने इस मामले में परिपक्वता दिखाई। आईएनएल के केरल राज्य सचिवालय के सदस्य एन. के. अब्दुल अजीज ने कहा कि राजनीतिक नेता इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं हैं कि गांधी का 'राम राज्य' आरएसएस के 'राम राज्य' से अलग है।

## पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

**भड़काऊ भाषण मामला**

भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को दिया गया था।

## झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में 5 को चंपई सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव

**रांची।** झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी। इसके साथ ही विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर जारी औपबंधित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का पूर्वाह्न 11 बजे अभिभाषण होगा। जिसके बाद सरकार की ओर से विश्वास मत पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा के बाद वाद-विवाद और मतदान होगा। वहीं 6 फरवरी को राज्यपाल के अभिषभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा होगी।

### फगवाड़ा में अनैतिक व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, 26 गिरफ्तार

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा निगम शहर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नशे की समस्या सहित अवैध गतिविधियों की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया जो शनिवार तड़के तक जारी रहा। श्री वात्सल्य गुप्ता ने रविवार को बताया कि 13 लड़कों और 13 लड़कियों (जिनमें नौ विदेशी नागरिक और चार भारतीय नागरिक शामिल हैं) को दो अलग-अलग मामलों में धारा 3,4,5,7,8 अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नौ पासपोर्ट, 29 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 45,000 रुपये बरामद किए गए।

## कांग्रेस आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है

धनबाद/बोकारो, एजेंसी

▸▸ **राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को किया संबोधित**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासियों के 'जल-जंगल-जमीन' और युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो-न्याय यात्रा' के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई।

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी इकाइयों को बेचे जाने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। आर्थिक असंतुलन, नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस की झारखंड इकाई के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गोविंदपुर से शुरू हुई यात्रा सरायढेला, आईआईटी-आईएसएम गेट, रणधीर वर्मा चौक, रेलवे स्टेशन के समीप श्रमिक चौक से गुजरी और बैंक मोड़ पहुंची जहां राहुल ने एक रैली को संबोधित किया। इसके बाद यात्रा बोकारो जिले की ओर बढ़ी। बोकारो जाने के रास्ते में राहुल ने धनबाद जिले के गोधर काली बस्ती में कोयला खनिकों से बातचीत की।

### राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांत को कमजोर करता है: खरगे



**त्रिशूर (केरल)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य शासन में उसका हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है। खरगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) द्वारा आयोजित एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-राज्य शासन और स्वायत्त निकायों में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है, जिसमें राज्यपालों का हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कम करने का प्रयास शामिल है।



### एक नजर

#### पैकिंग मशीन का पंजीकरण न होने पर एक लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के विनिर्माताओं को एक अप्रैल से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ अपनी पैकिंग मशीनरी को पंजीकृत कराने में विफल रहने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू विनिर्माण क्षेत्र में राजस्व 'रिसाव' को रोकना है। वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन पेश किया है। इसमें प्रत्येक ऐसी मशीन के पंजीकृत नहीं होने पर एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा कुछ मामलों में ऐसी मशीनों को जब्त भी किया जा सकता है। जीएसटी परिषद की सिफारिश के आधार पर कर अधिकारियों ने पिछले साल तंबाकू विनिर्माताओं द्वारा मशीनों के पंजीकरण के लिए एक विशेष प्रक्रिया अधिसूचित की थी।

#### बीओएम की जमा वृद्धि रही सबसे अच्छी

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में जमा के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह आंकड़ा ऐसे समय हासिल किया है कि जबकि ज्यादातर सरकारी बैंकों की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत से कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल बीओएम और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमा में दो अंक की वृद्धि हासिल की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित तिमाही आंकड़ों के अनुसार, पुणे के ऋणदाता बीओएम ने तिमाही के दौरान जमा में 17.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

## देश में 6 साल के उच्चस्तर पर पहुंचा एफपीआई

### जनवरी में बॉन्ड बाजार में डाले 19,800 करोड़ रुपये, बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का 6 साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

### 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.90 लाख करोड़ बढ़ा



स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ ...रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में कुल 2,90,267.98 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

### दक्षिण कोरिया से चावल झींगा के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है। भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है। इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था। समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है। अधिकारी ने कहा-हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं। बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया।

## नीतिगत दर में बदलाव नहीं करेगा भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **6 फरवरी से होने वाली एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय**





अंतरिम बजट के ठीक बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) पर यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

रिजर्व बैंक ने लगभग एक साल से अल्पकालिक ऋण दर या रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसे आखिरी बार फरवरी 2023 में 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी और उसके बाद इसमें गिरावट आई है। हालांकि, यह अब भी अधिक ही है। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 6 फरवरी को शुरू होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास आठ फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने अनुमान जताया कि एमपीसी दर और रुख, दोनों में यथास्थिति बनाए रखेगी।

### अडाणी समूह गुजरात में बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा तांबा संयंत्र

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की अगुवाई वाला समूह गुजरात के मुंद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र बना रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस संयंत्र से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार हो रहा यह संयंत्र मार्च के अंत तक पहले चरण का परिचालन शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि संयंत्र मार्च, 2029 तक पूर्ण पैमाने पर 10 लाख टन क्षमता के साथ परिचालन शुरू करेगा।

## एनएफआईआर विधेयक तैयार, अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने दी जानकारी**

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) के गठन के लिए एक विधेयक का मसौदा लगभग तैयार है और इसे संसद के आगामी जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है। ऋण संबंधी सूचना के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और कर्ज देने वाली एजेंसियों को सही सूचना उपलब्ध कराने के लिए एनएफआईआर का गठन किया जाना है। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री, वित्तीय और सहायक जानकारी के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करती है। इससे अच्छी तरह से कर्ज देने, वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

सेठ ने एक साक्षात्कार में बताया-मसौदे पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा चुका है और यह लगभग तैयार है। हम इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजेंगे। लेकिन, मौजूदा सत्र में इसे पेश करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है।

### पीएलआई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के तरीकों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग के खिलाड़ियों ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग बढ़ाने और एक स्पष्ट कार्रवाई योजना बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत लाभार्थी कंपनियों सहित लगभग 1,200 प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन योजनाओं के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए रणनीति पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए 3 फरवरी को बैठक की।

## आयकर विभाग में 12,000 पद हैं खाली नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : नितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **सीबीडीटी प्रमुख ने बताया कर्मचारियों की है कमी**



केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।

गुप्ता ने बातचीत में कहा-आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ये पद मुख्य रूप से ग्रुप 'सी' श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।

अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर नितिन गुप्ता ने कहा-इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है।

# डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

## 60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।

पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।



### अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

# स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी।** थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

# सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजी गईं पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा ने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे। समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

दअसल ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिससे सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य करार दिया जाए।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी रघुराम अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया।

# फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

## इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत



**104 रन की पारी खेली शुभमन गिल ने**

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की दरकार है।

भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की थी। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने अपने पहले ओवर में रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। फिर अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट के हाथों कैच कराया।

खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए तो लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।



बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। • एजेंसी

### शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का रूट बो एंडरसन | 17 | 27 | 3/0 |
| रोहित शर्मा बो एंडरसन | 13 | 21 | 3/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर | 104 | 147 | 11/2 |
| श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले | 29 | 52 | 2/0 |
| रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान | 9 | 19 | 1/0 |
| अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले | 45 | 84 | 6/0 |
| कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान | 6 | 28 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान | 29 | 61 | 2/1 |
| कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले | 0 | 5 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले | 0 | 26 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 03, कुल :78 .3 ओवर में ऑल आउट : 255 रन, **विकेट पतन:** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी:** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24 .3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

**इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली नाबाद | 29 | 50 | 3/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद नाबाद | 9 | 8 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 1, कुल : 14 ओवर में एक विकेट : 67 रन, **विकेट पतन:** 1-50, **गेंदबाजी:** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

## खेल डायरी

### पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

**सोलापुर (महाराष्ट्र)।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

### शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**दोहा।** शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।



### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम बांग्लादेश से हारी

**ढाका।** भारत ने रविवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे राउंड रॉबिन मैच में स्टॉपेज टाइम में गोल गंवा दिया, जिससे उसे मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश से 0-1 से हार मिली। सागोरिका ने बांग्लादेश के लिए यह गोल अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में किया। इस से बांग्लादेश का फाइनल में स्थान पक्का हो गया है। 4 टीम के टूर्नामेंट में बांग्लादेश के दो मैच में छह अंक हैं। इस हार से भारत नाजुक स्थिति में पहुंच गया। उसके फाइनल में पहुंचने का मौका अब नेपाल के खिलाफ अंतिम मैच के नतीजे पर निर्भर होगा। भारत और नेपाल के 3-3 अंक हैं। हालांकि भारतीय टीम पिछले मैच में भूटान पर 10-0 की जीत से बेहतर गोल अंतर के कारण नेपाल से बेहतर स्थिति में है।

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में विनेश ने जीता स्वर्ण



**जयपुर।** एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट ने रविवार को आईओए की तदर्थ समिति की ओर से आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में 55 किग्रा वजन का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विनेश ने मध्य प्रदेश की ज्योति को 4-0 से मात दी, जबकि वह ऊंचे वजन वर्ग में हिस्सा ले रही थीं। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रही 29 वर्षीय विनेश ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 53 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। एक अन्य मुकाबले में 2021 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हरियाणा की अंशु मलिक ने 2020 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सरिता मोर को 59 किग्रा वजन वर्ग में 8-3 से पराजित किया। हरियाणा ने 189 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। आरएसपीबी 187 अंक से दूसरे स्थान पर, जबकि पुडुचेरी 81 अंक से तीसरे स्थान पर था।

पुरुषों के ग्रीको रोमन वर्ग में रेलवे 208 अंक से समग्र विजेता रहा जिसके बाद सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (127 अंक) दूसरे और महाराष्ट्र (113 अंक) तीसरे स्थान पर रहा। सोमवार को पुरुष वर्ग की फ्रीस्टाइल स्पर्धा होंगी।


# पैरा निशानेबाजी विश्व कप के आयोजन पर खतरा

**खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

### मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी



मंत्रालय के मुताबिक चुनाव कराने में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो गया था। इससे पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन विश्व कप के कारण स्थगित करने पड़े। विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा करेगा। प्रायोजक भी अब शायद भुगतान जारी न करें।

### मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

# भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला

**403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, शम्स मुलानी ने झटके 5 विकेट**

**अहमदाबाद, एजेंसी**


भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।




# लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग


डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं




### फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

# पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़



बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी



सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।

### अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे।फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगॉब का कैंसर से निधन



**विंडहोक।** नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगॉब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगॉब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगॉब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

# 20 साल का हुआ फेसबुक



*आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।*

**2** अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

## मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।


## 2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

*फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।*

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

## कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।



**4/2/2004** को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

**9** साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

**2012** में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तनीयों को करे रिहा

**गाजा।** हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

**चंडीगढ़।** पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

### हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

### अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

# क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**


भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटरः क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र से कहीं ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

### चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रही। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।

# केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी शनिवार को केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

# हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा...बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▶▶ **बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी**



अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है।

बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है। पेंसिल्वेनिया के सर्वे में भी बाइडन, ट्रंप से आगे हैं। साउथ कैरोलाइना में हुए डेमोक्रेट प्राइमरी इलेक्शन में जो बाइडन को जीत मिली है। इसके साथ ही वह पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

**सूरत, एजेंसी**

▶▶ **साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद**



साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे। उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

# एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। र

## अठखेलियां करते सैलानी...



**मनाली :** हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया।। ● एजेंसी

# रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए।

रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# कश्मीर एकजुटता दिवस का विरोध करने वालों को दी हमले की धमकी

**गिलगित बाल्टिस्तान, एजेंसी**

▶▶ **वीडियो संदेश से दी गई हमले की धमकी, कहा- सुन लो मॉस्को वाले और राम वाले**

आज दुनिया भर के कई कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे। बता दें कि इसी दिन कश्मीर एकजुटता दिवस भी है जिसके विरोध में प्रदर्शन किए जाएंगे। इन सबके बीच सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लोगों को उस दिन विरोध न करने की धमकी दी गई है।

वीडियो में एक व्यक्ति को यह दावा करते हुए देखा जा सकता है कि वह सैकड़ों लोगों के साथ पीओके के इलाके में घूमेगा और प्रदर्शनकारियों पर हमला करेगा और कोई भी उन्हें रोकने में सक्षम नहीं होगा। वीडियो के साथ पोस्ट किए गए विवरण में दावा किया गया है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन से संबंधित है। वीडियो में एक व्यक्ति कहता हुआ नजर आ रहा है कि '5 फरवरी के विरोध में, चाहे वह मॉस्को के लोग हों या कोई अन्य संगठन हो, मैं खुले तौर पर यह घोषणा करता हूं कि मैं अपने सैकड़ों लोगों के साथ शहर में प्रवेश करूंगा और अगर कोई मुझे रोक सकता है तो रोक कर दिखाए।' इस बीच, दुनिया भर के कई कार्यकर्ताओं ने कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने का विरोध करने की घोषणा की है। इससे पहले, यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) जैसे राजनीतिक दलों ने संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) के साथ एकजुटता दिखाते हुए तथाकथित 'कश्मीर एकजुटता दिवस' का विरोध करने के लिए लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग पर प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की थी।

**असुरक्षा** हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

# अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

**ढाका, एजेंसी**

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।



### कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

# इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



▶▶ **पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव**

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।